समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 65,782.78 | 19,526.55 |

तापमान: अधिकतम 32 °C, न्यूनतम 27 °C



खनन के नए ब्लाक चिन्हित कर बढ़ाएं उत्पादन: योगी पेज-02

डिप्टी सीएम ने की अधिकारियों के साथ बैठक पेज-03

वर्ष 10 | अंक 345 | लखनऊ, 04 अगस्त शुक्रवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

## आय से जुड़े विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं : सीएम योगी

### उत्तर प्रदेश में 66619.24 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से कराई गई मुक्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रदेश की सभी तहसीलों में सप्ताह में चार दिन अदालत लगाने और राजस्व से जुड़े विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया है। यहां जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को लोक भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रदेश की सभी तहसीलों में सप्ताह में चार दिन अदालत लगाने और राजस्व से जुड़े विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया के दौरान किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य पूरे किए जाए और चकबंदी की प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए।

उन्होंने आवश्यकतानुसार चकबंदी विभाग के लेखपालों को राजस्व विभाग में समायोजित करने के भी निर्देश दिए, जिससे राजस्व से संबंधित विवादों का शीघ्रता के साथ निस्तारण किया जा सके। बयान के अनुसार, योगी ने रबी की फसलों का शत-प्रतिशत 'डिजिटल क्रॉप सर्वे' कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 66619.24 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। उन्होंने पिछले 10 साल से अधिक समय से सार्वजनिक भूमि पर अधिवास कर रहे गरीब, वंचित व दलित असहाय व्यक्तियों को भूमि का पट्टा प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपालों के रिक्त पदों को पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिये भरने के निर्देश दिए।



**मुख्यमंत्री ने प्रदेश में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपालों के रिक्त पदों को पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के जरिये भरने के निर्देश दिए।**

### वर्ल्ड बैंक के साथ जुड़ना यूपी के लिए लाभकारी साबित होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश असीम सम्भावनाओं का प्रदेश है, ऐसे में विश्व बैंक के साथ जुड़ना, राज्य के लिए लाभकारी और फलदायी साबित होगा। बुधवार को यहां जारी एक सरकारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज यहां लोक भवन में विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक परमेश्वरन अय्यर के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर विश्व बैंक के प्रतिनिधिमण्डल का अभिनन्दन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश असीम सम्भावनाओं का प्रदेश है। ऐसे में विश्व बैंक के साथ जुड़ना, राज्य के लिए लाभकारी और फलदायी साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज नियोजित प्रयासों से बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर आकर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा नीति आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश अपनी साढ़े पांच करोड़ आबादी को गरीबी रेखा से बाहर लाने में सफल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपना निर्यात दोगुना करने में सफलता पाई है। बयान में कहा गया कि इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक परमेश्वरन अय्यर ने विगत छह वर्षों में प्रदेश के समग्र विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि समूह में शामिल कई प्रतिनिधि एक दशक पहले उत्तर प्रदेश आ चुके हैं। विश्व बैंक का प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र और गुजरात के बाद उत्तर प्रदेश आया है। इस प्रतिनिधिमंडल में दुनिया के 100 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग सम्मिलित हैं।

ज्ञानवापी का आज से होगा एएसआई सर्वे : हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज की, कहा–

## न्याय के लिए सर्वे जरूरी है

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की इजाजत दे दी। हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका खारिज करते हुए सेशन कोर्ट के आदेश का तत्काल पालन करने, यानी सर्वे शुरू करने का ऑर्डर दिया।

चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाया। फैसले के बाद वाराणसी में एएसआई टीम और जिला प्रशासन की मीटिंग हुई। डीएम एस. राजलिंगम ने बताया कि कल यानी शुक्रवार से दोबारा सर्वे शुरू होगा। अदालत ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा है कि न्याय के लिए यह सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे लागू करने की जरूरत है। सर्वे करिए, लेकिन बिना खुदाई किए। विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य और श्रृंगार गौरी मुकदमे की मुख्य वादी पक्षकार राखी सिंह की ओर से सुप्रीम कोर्ट में केविएट याचिका दाखिल कर दी गई है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने एएसआई से सुनवाई खत्म होने तक मस्जिद का सर्वे शुरू नहीं करने को कहा था। जुलाई के अंतिम सप्ताह में कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफसे लगातार दो दिन बहस चली थी।

कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 27 जुलाई को अपने फैसले को रिजर्व कर लिया था। कमिश्नरेट सभागार में एएसआई की टीम के साथ वाराणसी जिला प्रशासन की बैठक हुई। इसमें कड एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि सर्वे शुक्रवार से शुरू होगा। हिंदू पक्ष के वकील और पैरोकार ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। हिंदू पक्ष के वकील सुभाषनंदन ने कहा कि कल से सर्वे शुरू करवाने की कोशिश है। प्रशासन से सर्वे के बारे में बात करेंगे। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने हाईकोर्ट के फैसले पर कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को सर्वे करने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए भी कहा है। कोर्ट ने सर्वे को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि एएसआई ने अपना हलफनामा दे दिया है। कोर्ट का आदेश आ गया है, ऐसे में अब कोई सवाल नहीं बनता है। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को खारिज किया है।

### ज्ञानवापी पर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेंगे मुस्लिम पक्ष : रशीद फरंगी

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग तथा वजूखाने को छोड़ कर अन्य स्थानों पर एएसआई सर्वे करे या नहीं इस मामले की सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जैसे ही एएसआई को सर्वे को मंजूरी दी,इस पर प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है. उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण करने की अनुमति देने पर कहा कि मैं आदेश का स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि एएसआई के सर्वेक्षण से सच्चाई सामने आएगी और इस विवाद का भी निस्तारण वहीं इस आदेश पर लखनऊ ईदगाह के इमाम और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि मुस्लिम पक्ष इस आदेश को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने के बारे में सोचेगा।

370 पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन की सुनवाई, कपिल सिब्बल की दलील–

## आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता, ये संविधान में स्थायी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज दूसरे दिन की सुनवाई हो रही है। सुनवाई करने वाले पांच जजों में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एस के कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि आर्टिकल 370 को छेड़ा नहीं जा सकता है। इसके जवाब में जस्टिस खन्ना ने कहा कि इस आर्टिकल का सेक्शन (सी) ऐसा नहीं कहता। इसके बाद सिब्बल ने कहा, मैं आपको दिखा सकता हूं कि आर्टिकल 370 स्थायी है। आर्टिकल 370 पर सुप्रीम कोर्ट में 3 साल बाद सुनवाई हो रही है। इससे पहले, 2020 में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने इस मामले की सुनवाई की थी। तब अदालत ने कहा था कि हम मामला बड़ी संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर कर रहे हैं।

ममता बनर्जी का आरोप, 2024 चुनाव जीतने के लिए ईवीएम हैक करने की कोशिश में बीजेपी

## हमारे पास सबूत



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने की कोशिश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हैक करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास दावे को साबित करने के लिए सबूत हैं। बनर्जी ने आगे कहा कि आईएनडीआईए बैठक में गठबंधन इस मुद्दे पर चर्चा करेगा। ममता ने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने (भाजपा) पहले ही योजना बनाना शुरू कर दिया है (आम चुनाव कैसे जीता जाए)। वे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को हैक करने की कोशिश कर रहे हैं, हमने इसके बारे में सुना है और सबूत मिले हैं और और अधिक प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव जीतने का विश्वास जताते हुए, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सीएम ने कहा कि इंडिया 2024 का चुनाव जीतेगा और सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया देश को बर्बादी, सांप्रदायिक तनाव और बेरोजगारी से बचाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे (भाजपा) पहले से ही योजना बना रहे हैं (कि आम चुनाव कैसे जीता जाए)। वे ईवीएम को हैक करने की कोशिश कर रहे हैं, हमने इस बारे में सुना है व सबूत हासिल किए हैं तथा और अधिक सबूत प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले ममता ने भाजपा पर लोकसभा चुनाव से पहले बंगाल में अशांति फैलाने की योजना बनाने का भी आरोप लगाया था। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा राजभवन में भ्रष्टाचार रोधी प्रकोष्ठ स्थापित किये जाने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को तीखी आलोचना की और इसे राज्य प्रशासन के कामकाज में हस्तक्षेप का प्रयास करार दिया।

### संक्षिप्त

#### फिर से बढ़ेगी कीमतें, अमीरों की भी पहुंच से दूर

**नई दिल्ली।** बार-रेस्टो में अगर आप एक विह्स्की का 30 एमएल का पेग पीते है तो वह भी 250-280 के बीच रहता है लेकिन एकल किलो टिमाटर की कीमत अब विह्स्की के एक पेग से भी मंहगी हो गयी हैं। टमाटर की कीमतों में महीने भर से जारी तेजी के बीच थोक व्यापारियों ने आने वाले दिनों में इस सब्जी के भाव 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाने की आशंका जताई है। थोक कारोबारियों ने आवक कम होने से टमाटर के थोक दाम बढ़ने की बात कही है। उनका कहना है कि इसका असर खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिल सकता है।

#### लोकसभा में पास हुआ दिल्ली सेवा बिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 लोकसभा में पारित हो गया। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने विरोध स्वरूप वाकआउट किया। यह बिल मंगलवार को अमित शाह ने संसद में पेश किया गया था। दिल्ली सेवा विधेयक मौजूदा अध्यादेश की जगह लेगा जो दिल्ली सरकार को अधिकांश सेवाओं पर नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द कर देता है।

#### कर्नाटक के सीएम का पूरे मंत्रिमंडल को दिल्ली ले जाना अलोकतांत्रिक

**बंगलुरु।** कर्नाटक में विपक्षी दल भाजपा ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा कांग्रेस आलाकमान से मिलने के लिए अपने ''पूरे मंत्रिमंडल'' को नयी दिल्ली ले जाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई और इसे ''अभूतपूर्व तथा अलोकतांत्रिक'' और राज्य के लोगों का अपमान करार दिया। यह सवाल करते हुए कि क्या मंत्रिमंडल कांग्रेस आलाकमान को रिपोर्ट कर रहा है, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने आरोप लगाया कि सिद्धरमैया एक कमजोर नेता हैं।

## हरियाणा में हिंसा : 4 जिलों में 83 एफआईआर दर्ज

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** नूंह में हुई साम्प्रदायिक हिंसा के बाद प्रदेश के दूसरे जिलों में हुई हिंसा और विवाद में पुलिस अब तक 83 एफआईआर दर्ज कर चुकी है। नूंह के अलावा गुरुग्राम, रेवाड़ी और पलवल में केस दर्ज हुए हैं। फरीदाबाद में कई वारदात हुई हैं, लेकिन अब तक वहां केस दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस 78 लोगों से सीआरपीसी की धारा 107, 150 और 151 के तहत पूछताछ कर रही है। नूंह हिंसा के बाद से अभी तक पुलिस द्वारा कुल 165 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल

### 165 गिरफ्तार

किसी को भी पुलिस ने हिरासत में नहीं लिया हुआ है। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बृहस्पतिवार सुबह तक की जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा अभी तक 22 एफआईआर दर्ज की हैं और 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुग्राम के पटौदी, मानेसर और सोहना में हिंसा हुई थी। नूंह में हुई हिंसा के मामले में अभी तक 42 एफआईआर दर्ज करके पुलिस 139 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही है : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लाख चालाकी कर ले लेकिन सन् 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही है। केन्द्र की सरकार में उसकी वापसी नहीं होने वाली है। जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से तंग आ गई है। भाजपा ने जो झूठे सपने दिखाए थे उनकी सच्चाई लोग जान गए हैं। अब जनता के सब्र का बांध टूट रहा है। अखिलेश यादव आज प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जबसे पीडीए की चर्चा आई है भाजपा में घबड़ाहट बढ़ गई है। समाज का हर वर्ग महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आक्रोशित है। भाजपा देश को बर्बाद करने पर तुली है। उसका इरादा समाज को बांटने का है। अखिलेश यादव ने कहा कि विगत 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा ने धांधली औरसत्ता का दुरुपयोग करके जीता। भाजपा ने साजिश और षड्यंत्र से समाजवादियों को सरकार में नहीं आने दिया। मतदान से लेकर मतगणना तक में धांधली की गई। मात्र साढ़े तीन लाख वोटों के अंतर से सन् 2022 का चुनाव परिणाम प्रभावित करके भाजपा ने सरकार बनायी थी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के कारण लोकतंत्र खतरे में है। संवैधानिक संस्थाओं को वह इरादतन कमजोर कर रही है। प्रशासन में भी वह भेदभाव का जहर बो रही है। समाजवादी पार्टी की मान्यता है कि भारतीय संविधान से देश की व्यवस्था चलनी चाहिए। संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव की निष्पक्षता तथा स्वतंत्रता के साथ खिलवाड़ करके सत्ता पर काबिज होती है।

कांग्रेस–बीजेपी सरकार में कभी नहीं हुआ झगड़ा, दिल्ली विधेयक पर बोले अमित शाह

## आप का मकसद सेवा नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली सेवा विधेयक (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023) पेश किया गया था। इसको लेकर आज चर्चा हुई। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संदर्भित करता है जो कहता है कि संसद को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से संबंधित किसी भी मुद्दे पर कानून बनाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि संविधान में ऐसे प्रावधान हैं जो केंद्र को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देते हैं। अमित शाह ने लोकसभा में दिल्ली अध्यादेश विधेयक, 2023 का समर्थन करते हुए कहा कि



जवाहरलाल नेहरू से लेकर भीम राव अंबेडकर तक कई प्रमुख नेताओं ने पहले दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का विरोध किया था। अमित शाह ने कहा कि साल 2015 में दिल्ली में एक ऐसी पार्टी सत्ता में आई जिसका मकसद सिर्फ लड़ना था, सेवा करना नहीं। उन्होंने कहा कि समस्या ट्रांसफर पोस्टिंग करने का अधिकार हासिल करना नहीं, बल्कि अपने बंगले बनाने जैसे भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए सतर्कता विभाग पर कब्ज़ा करना है। शाह ने विपक्ष के गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली के बारे में सोचें, गठबंधन (आईएनडीआईए) के बारे में नहीं। उन्होंने कहा कि जितने चाहें उतने गठबंधन बना लें, मोदी जी पूर्ण बहुमत के साथ फिर से सत्ता में लौटेंगे। शाह ने कहा कि पहले दिल्ली में भाजपा और कांग्रेस और केंद्र में भी भाजपा और कांग्रेस की सरकार रही है लेकिन कभी झगड़ा नहीं हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मेरा सभी पक्ष से निवेदन है कि चुनाव जीतने के लिए किसी पक्ष का समर्थन या विरोध करना, ऐसी राजनीति नहीं करनी चाहिए। नया गठबंधन बनाने के अनेक प्रकार होते हैं।

अमित शाह पर केजरीवाल का पलटवार

### सेवा विधेयक दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने के लिए : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली से जुड़े विधेयक को लेकर आजा जबरदस्त तरीके से राजनीति देखने को मिली। लोकसभा में इस मुद्दे पर चर्चा हुई चर्चा के लिए इससे अमित शाह ने टेबल पर रखा। अमित शाह ने इसके पक्ष में कुछ बयान दिए। हालांकि आप पर अमित शाह के बयान पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने पलटवार किया है। आपको बता दें कि दिल्ली से जुड़े इस विधेयक का आम आदमी पार्टी सहित तमाम विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके पास कोई वाजिब तर्क नहीं है।

## पवन मुंजाल के ठिकानों से 25 करोड़ की कैश–ज्वैलरी जब्त

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने होरी मोटोकॉर्प हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन, सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर पवन मुंजाल के ठिकानों से 25 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त की है। इसमें इंडियन और फॉरेन करेंसी, गोल्ड और डायमंड की ज्वैलरी के अलावा हार्ड डिस्क, मोबाइल और कुछ डॉक्युमेंट्स शामिल हैं।

ईडी ने मंगलवार और बुधवार को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए के तहत कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद ईडी बताया, सॉल्ट एक्सीपीरियंस एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड नाम की थर्ड पार्टी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने 2014-15 से 2018-19 के बीच अवैध रूप से करीब 54 करोड़ रुपए की विदेशी करेंसी, अलग-अलग देशों में भेजी। इन पैसों का इस्तेमाल पवन मुंजाल के निजी खर्च के लिए किया था। इसके बाद ईडी ने पवन मुंजाल के अलावा हेमंत दहिया, केआर रमन, हीरो मोटोकॉर्प और हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड के दिल्ली और ग्ररुग्राम स्थ्किआर ऑफिसों और घरों पर कार्रवाई की।

### ● हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पर मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ईडी की कार्रवाई

राय | कम उम्र के ऐसे चीतों को भारत लाया जाना चाहिए, जो मानव मौजूदगी के आदी हों : विशेषज्ञ

## चीतों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण, जिनमें छह वयस्क व तीन शावक शामिल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** 'प्रोजेक्ट चीता' में शामिल अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शुरुआती अनुभव के आधार पर सरकार को भारत में बसाने के लिए कम उम्र के ऐसे चीतों को प्राथमिकता देने की सलाह दी है, जो प्रबंधन वाहनों एवं मानव उपस्थिति के आदी हों। उन्होंने सरकार को चीतों को बसाने के लिए मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अलावा अन्य स्थान चिह्नित करने की भी सलाह दी। विशेषज्ञों ने सरकार को हाल में सौंपी गई एक स्थिति रिपोर्ट में कहा कि चीतों की ये विशेषताएं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की निगरानी, तनाव मुक्त पशु चिकित्सा और प्रबंधन हस्तक्षेप को सरल बनाने और पर्यटन को बढ़ाने में मदद करती हैं। उन्होंने कहा कि कूनो को पर्यटन के लिए खोला जाने वाला है और चीतों के मानव उपस्थिति के आदी होने से उद्यान को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने में मदद मिल सकती है। कूनो में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीतों के दो समूह लाए गए हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि कम उम्र के वयस्क चीते नए माहौल में अधिक आसानी से ढल जाते हैं और अधिक उम्र के चीतों की तुलना में उनके जीवित रहने की दर भी अधिक होती है। कम उम्र के नर चीते अन्य चीतों को लेकर 'अपेक्षाकृत कम आक्रामक' व्यवहार दिखाते हैं, जिससे चीतों की आपसी लड़ाई में होने वाली मौत का खतरा कम हो जाता है। विशेषज्ञों ने चीतों को बाहर से लाकर भारत में बसाने पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखते हुए रेखांकित किया कि कम उम्र के चीते छोड़े जाने के बाद अधिक समय तक जीवित रहते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की मौत की दर दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके कारण मीडिया में कई नकारात्मक समाचार प्रकाशित एवं प्रसारित हुए हैं, लेकिन यह मृतक संख्या वन्य चीता पुनर्वास के सामान्य मापदंडों के भीतर है। मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मार्च के बाद से नौ चीतों की मौत हो चुकी है, जिनमें छह वयस्क एवं तीन शावक शामिल हैं।

### नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था

बहुप्रतीक्षित 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत, कुल 20 चीतों को दो दलों में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से केएनपी में लाया गया था। चार शावकों के जन्म के बाद चीतों की कुल संख्या 24 हो गई थी लेकिन नौ चीतों की मौत के बाद यह संख्या घटकर अब 15 रह गई है। रिपोर्ट में 'सुपरमॉम' के महत्व को भी रेखांकित किया गया है। 'सुपरमॉम' दक्षिण अफ्रीका से लाई गई ऐसी मादा चीतों को कहा जाता है, जो अधिक स्वस्थ और प्रजनन क्षमता के लिहाज से बेहतर होती हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि भारत में लाए गए चीतों में से सात मादा हैं और उनमें से केवल एक के 'सुपरमॉम' होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने भारतीय अधिकारियों को चीतों को पुनरू बसाने के लिए कूनो के स्थान पर अन्य स्थलों की पहचान करने की सलाह दी।

# खनन के नए ब्लॉक चिन्हित कर बढ़ाएं उत्पादनः योगी

## मुख्यमंत्री ने बाजार के मूल्य के हिसाब से खनिजों का मूल्य निर्धारित करने के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि खनन के नए ब्लॉकों को चिह्नित करते हुए खनिज उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा करने के बाद योगी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनजीटी के आदेशों का अनुपालन करते हुए प्रदेश की नदियों का समय पर ड्रेजिंग कराने का कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। इससे बाढ़ की समस्या का समाधान होने के साथ ही नदियों को चैनलाइज करने में भी मदद मिलेगी।

इसके अलावा उन्होंने प्रदेश में खनन के नये ब्लॉकों को चिह्नित करते हुए खनिज उत्पादन बढ़ाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जोर दिया कि प्रदेश में ईट उत्पादन के लिए उपजाऊ भूमि से मिट्टी निकालने की जगह वैकल्पिक स्रोतों को चिह्नित किया जाए और ईट भट्ठों को उसके लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने एम सैंड को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिया और कहा कि इससे नदी तंत्र की परिस्थितिकी को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव वन, प्रमुख सचिव खनन सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश में खनन पट्टों को बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय एनओसी को शीघ्र प्रदान करने के लिए विभाग गंभीर प्रयास करे। उन्होंने अवैध खनन पर हर हाल में अंकुश लगाने और इंटीग्रेटेड माइनिंग सर्विलांस सिस्टम को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में कार्यरत 39 चेकगेट्स पर तकनीकी का उपयोग करते हुए बालू, मोरम, बोल्डर सहित अन्य खनिजों की माल ढुलाई के दौरान विशेष निगरानी बरती जाए। ओवरलोडिंग को हर हाल में रोका जाए। इसके साथ ही चेकगेट्स की संख्या भी बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने बाजार के मूल्य के हिसाब से खनिजों का मूल्य निर्धारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा मेजर ब्लॉक की नीलामी के लिए नीतियों में आवश्यक परिवर्तन करने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने नदियों के रेप्लेनिशमेंट स्टडी में लगने वाले समय को और कम करने के निर्देश भी दिये। साथ ही एम सैंड के उत्पादन को बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे नदियों के पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव को न्यून किया जा सके। उन्होंने प्रदेश के विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए भविष्य में बालू, मोरम का विकल्प उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। योगी ने प्रदेश में अधिकाधिक नये भंडारण को स्वीकृत करने के लिए प्रक्रिया के सरलीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही अलग अलग उपखनिजों के लिए भंडारण की अवधि को निर्धारित करने के लिए भी अधिकारियों को कहा। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में फॉस्फेराइट, पोटाश, आयरन, प्लैटिनम समूह, स्वर्णधातु, सिलीमेनाईट, ऐडालुसाइट और लाइमस्टोन के 19 ब्लॉक ऑक्शन के लिए तैयार हैं। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6762 लाख क्यूबिक मीटर उपखनिजों का उत्पादन प्रदेश में हुआ है, जिससे 3367.26 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।



# महापौर ने प्रॉसेसिंग प्लांट का किया भ्रमण

**अवलोकन**

- प्लांट के माध्यम से सूरत नगर निगम द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का सफलता पूर्वक निस्तारण कर उपयोग योग्य बनाया जाता है



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर को विकसित करने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं चल रही योजनाओं को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सूरत गुजरात में स्वयं जाकर वहां की तकनीकों का गहनता से अवलोकन किया। आज उनके द्वारा प्लास्टिक वेस्ट कलेशन एवं प्रॉसेसिंग प्लांट का भ्रमण किया गया। उक्त के क्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल के द्वारा अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार के साथ बृहस्पतिवार को सूरत नगर निगम में संचालित लगभग 100 टन प्रतिदिन की क्षमता वाले प्लास्टिक वेस्ट कलेशन एवं प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण किया गया। सूरत नगर निगम द्वारा ईको विजन इंवायरमेंट रिसोर्स लिमिटेड नामक एजेंसी के माध्यम से पीपीपी मोड पर संचालित उक्त प्लांट का गहनता से अवलोकन किया गया। इस प्लांट के माध्यम से सूरत नगर निगम द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का सफ्लता पूर्वक निस्तारण कर उपयोग योग्य बनाया जाता है। उक्त प्लांट के द्वारा प्लास्टिक रिसाइक्लिंग प्रॉसेस को पूर्ण किया जाता है। लखनऊ महानगर में भी प्लास्टिक वेस्ट के सफलतापूर्वक निस्तारण हेतु इसी प्रकार के प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की आवश्यकता के दृष्टिगत भूमि का चयन कर आवश्यक वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करते हुए निकट भविष्य में कार्यवाही की जाएगी। जिससे नगर को प्लास्टिक मुक्त करने में काफी हद तक सफलता प्राप्त हो सकेगी।

## खबरें एक नजर में

### चालक संघ का प्रान्तीय अधिवेशन 12 अगस्त को होगा

**लखनऊ।** राजकीय वाहन चालक संघ, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की बैठक में प्रान्तीय अधिवेशन की तिथि तय कर दी गई है। अधिवेशन 12 अगस्त को होगा। यह जानकारी प्रान्तीय अध्यक्ष शकील अहमद ने दी। प्रान्तीय अध्यक्ष ने बताया कि सिंचाई भवन के चौधरी चरण सिंह प्रेक्षागृह एनेक्सी में अधिवेशन मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता इं. ए.के. सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। अधिवेशन का शुभारम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। अधिवेशन में जनपदीय पदाधिकारियों सहित विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे। अधिवेशन में कई अन्य विभागों के प्रान्तीय पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

### ज्ञानवापी मामले में हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत



**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि हम ज्ञानव्यापी मामले में उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए सभी को सहयोग करना चाहिए। सर्वे से सच सामने आएगा। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने ट्वीट कर कहा कि ज्ञानवापी में जो भी प्रत्यक्ष रूप से परिलक्षित हो रहा है, वह ऐतिहासिक सच्चाई है और करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ विषय है। ज्ञानवापी की ऐतिहासिक वास्तविकता को सभी को समझना भी चाहिए और स्वीकार भी करना चाहिए। न्यायालय की प्रक्रिया का पूर्ण सम्मान है।

### अबरार अहमद के निधन पर स्पीकर दुखी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने इसौली सुल्तानपुर के पूर्व विधायक अबरार अहमद के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री महाना ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतृप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

### केजीएमयू की चौथी मंजिल से गिरा बच्चा, ट्रामा में भर्ती

**लखनऊ।** केजीएमयू यानी किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। ओपीडी की चौथी मंजिल से एक 3 साल का बच्चा खेलते समय नीचे गिर गया। बच्चे को बेहद गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा हैं। बच्चे की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई हैं। ट्रामा सेंटर प्रभारी डॉक्टर संदीप तिवारी ने बताया कि करीब 3 साल का बच्चा ओपीडी बिल्डिंग से अचानक से नीचे गिर गया था। उसे गंभीर हेड इंजरी हुई हैं। बच्चे को फिलहाल इंक्यूबेट किया गया। अभी भी उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं।

### व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास का नाम बदला

**लखनऊ।** लखनऊ उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग का नाम परिवर्तित होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को अब भारत सरकार के समान व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के नाम से जाना जायेगा। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग में उद्यमिता शब्द जोड़ा गया है, जो स्व-उद्यम के महत्व का प्रतीक है।

### सीओ ने जीता वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में रजत पदक

**लखनऊ।** यूपी के जनपद बाराबंकी में तैनात पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्रा ने रजत पदक अपने नाम करके जिले का ही नहीं प्रदेश का नाम रौशन किया है। सरकारी कामकाज के साथ गेम्स में भी रूचि रखते हैं। जटाशंकर मिश्रा वर्तमान में सीओ रामसनेहीघाट के पद पर तैनात हैं। उन्होंने कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2023 में रजत पदक जीतकर जनपद सहित प्रदेश का नाम ऊंचा किया है।

# नो पार्किंग से गाड़ियां उठाने में लाखों के वारे न्यारे

**वसूली**

- नगर निगम के खेल निराले, चीफ इंजीनियर व एक्सईएन में छिड़ी जंग



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

नो पार्किंग जोन से वाहनों को जब्तकर वसूला गया जुर्माना गया कहाँ, सवाल उठ गया है। इंजीनियर कागजी घोड़े दौड़ाने लगे। नगर निगम ने जिस ठेकेदार को गाड़ियां उठाने का ठेका दिया था, उससे आठ महीने से वसूली गई जुर्माने की रकम नगर निगम में जमा ही नहीं कराई गई। जुर्माने की रकम इंजीनियरों और अफ्सरों के बीच गुम हो गई। नगर निगम को रकम चाहिए, नगर आयुक्त एक्शन में आये तो लोग हैरत में आये। घपले की जानकारी पर नगर आयुक्त डॉ. इंद्रजीत सिंह ने तत्काल गाड़ियां उठाने का अनुबंध रद्द कर दिया। दोषी अफ्सर, इंजीनियरों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं। शुरुआती जांच में करीब 50 लाख रुपए के घपले की बात सामने आई है।

नगर निगम ने नो पार्किंग जोन में गाड़ियों को उठवाने का ठेका एक ठेकेदार को दिया था। निगम ने ठेकेदार को कुछ क्रेन दी थी। गाड़ियां उठाने के लिए रोज ठेकेदार को नगर निगम में पैसा जमा करना था। नगर निगम एक गाड़ी का किराया बिना जीएसटी 55 हजार रुपए तय किया जबकि ठेकेदार को क्रेन का किराया 20 हजार रुपए की दर से जमा करना था। अधिशासी अभियन्ता सितम्बर 2022 में गाड़ियां उठवाने का ठेका देने का आदेश किया। रोज पैसा जमा होना था लेकिन नहीं जमा हुआ। जमा नहीं हुआ तो गया कहां, सवाल यह है। घोटाले पर मुख्य अभियन्ता आरआर संजय कटियार, अधिशासी अभियन्ता पीके सिंह आमने-सामने हैं। चीफ इंजीनियर ने अधिशासी अभियन्ता से स्पष्टीकरण मांगा था। एक्स ई एन पीके सिंह ने लिखा कि नगर आयुक्त के आदेश के बावजूद बिना ई-टेण्डर कराए ठेकेदार को गाड़ियां उठाने का ठेका उन्होंने नहीं बल्कि तत्कालीन प्रभारी अधिशासी अभियन्ता ने दिया है। चीफइंजीनियर के मुताबिक नो पार्किंग की गाड़ियों की रकम जमा नहीं हुई है। नगर आयुक्त ने कार्रवाई का आदेश दिया है। अधिशासी अभियन्ता पीके सिंह आरआर का काम देखते थे। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह पर ट्रेनिंग कैंप का हुआ आयोजन



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रेमा श्री वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा गोमती नगर के उजरियांव क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र पर विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया इसमें क्षेत्र की आशा आंगनबाड़ी वर्कर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं डॉक्टरों की प्रशिक्षित टीम के द्वारा बच्चों को स्तनपान कराने का सही तरीका एवं कामकाजी महिलाओं का स्तनपान के प्रति अधिकार तथा नवजात बच्चों के स्तनपान हेतु डब्ल्यूएचओ के निर्देशों को ट्रेनिंग में प्रमुख मुद्दे के रूप में सभी लोगों को प्रशिक्षित किया गया ,संस्था के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह राठौर के द्वारा बताया गया कि संस्था समय-समय पर इस प्रकार के ट्रेनिंग कैंप का आयोजन करती रहेगी।

## असंगठित मजदूर हितों के लिए प्रमुख सचिव से मिला साझा मंच का प्रतिनिधि मंडल

**लखनऊ।** प्रदेश के असंगठित मजदूरों और निर्माण मजदूरों को आयुष्मान कार्ड, आवास, बीमा, शिक्षा, रोजगार आदि देने की मांगों को लेकर असंगठित क्षेत्र के साझा मंच का प्रतिनिधिमंडल प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार तृतीय से मिला और उनसे हस्तक्षेप करने मजदूर समस्याओं के हल की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में साझा मंच के कोऑर्डिनेटर व एटक के प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर, यूपी वर्कर्स फ्रंट के अध्यक्ष दिनकर कपूर और संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर प्रमोद पटेल शामिल रहे। आज हो रही बोर्ड की बैठक में मजदूरों के हितों के संबंध में कार्य योजना बनाएं जाने और बीओसी बोर्ड कार्यालय में निर्माण मजदूरों की समस्याओं के हल के लिए तत्काल बैठक बुलाने का भी निवेदन किया गया। प्रतिनिधिमंडल को प्रमुख सचिव ने आश्वस्त किया कि मजदूरों की मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री का बयान आपत्तिजनक और लोकतंत्र के खिलाफः भाकपा माले

**लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी रेड स्टार राज्य सांगठनिक कमेटी ने एक बयान में वाराणसी स्थित ज्ञानवापी पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के बयान की तीखी आलोचना की है और इस पर घोर आपत्ति जताते हुए इसे संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ बताया है। पार्टी की उत्तर प्रदेश राज्य सांगठनिक कमेटी के समन्वयक कामरेड कन्हैया ने कहा कि न्यायालय में विचाराधीन मामले और उपासना स्थल अधिनियम 1991 की परवाह न करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यह कहना कि मुस्लिम बोलेंगे तो विवाद बढ़ेगा और मुसलमानों को ऐतिहासिक गलती स्वीकार कर समाधान देना चाहिए, एक प्रकार से मुस्लिम समुदाय को धमकी देना और आतंकित करना है। गुजरात में पिछले दो दशकों से मुस्लिम अल्पसंख्यक ,दलित उत्पीड़ित समुदाय और गरीब मेहनतकशों को आतंकित कर फासिस्ट मनुवादी संघ परिवार के मार्गदर्शन में भाजपा चुनाव जीतते आई है।

# हर घर तिरंगा अभियान 2.0 के तहत राष्ट्रीय ध्वज देगा डाक विभाग

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

डाक विभाग हर घर तिरंगा अभियान 2.0 के तहत राजधानी लखनऊ समेत सभी मंडलों के प्रधान डाकघरों और उपडाकघरों में तिरंगे उपलब्ध करायेगा। साथ ही हर डाकघर में स्वतंत्रता संग्राम पर जारी डाक टिकटों और आवरणों के फ्रेम से 'सेल्फी प्वाइंट भी बनाये जाएंगे। लखनऊ के महा डाकपाल (पोस्टमास्टर जनरल) विवेक कुमार दक्ष ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, पिछले साल हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से घर-घर झंडा फहराने के लिये शुरू की गयी मुहिम इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान 2.0 के तौर पर जारी है। उन्होंने कहा कि लखनऊ मुख्यालय डाक परिक्षेत्र ने इस मुहिम के मद्देनजर डाक घरों में विशेष इंतजाम किये हैं। राजधानी समेत सभी मंडलों के सभी प्रधान डाकघरों और उप डाकघरों में एक अगस्त से तिरंगे की बिक्री के लिये उपलब्ध हैं। पिछले वर्ष डाक विभाग ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में 13 लाख से अधिक तिरंगे उपलब्ध करवाये थे। दक्ष ने बताया कि हर डाकघर में राष्ट्रीय ध्वज और स्वतंत्रता संग्राम पर जारी डाक टिकटों तथा आवरणों के फ्रेम से 'सेल्फी पॉइंट्स तैयार किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि डाक विभाग अपने विस्तृत नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए गाँव, कस्बे, शहर और सुदूर इलाकों में हर घर तिरंगा अभियान के लिए लोगों को जागरुक कर रहा है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए डाक विभाग विभिन्न संस्थाओं, कार्यालयों, विद्यालयों और प्रतिष्ठानों से संपर्क कर उन्हें इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## हर मोर्चे पर डबल इंजन की सरकार विफलः रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने भाजपा सरकार को महंगाई रोक पाने में पूरी तरह असफ्ल बताते हुए कहा कि सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं और महंगाई के कारण गरीब परिवार हरी सब्जी नहीं खा पा रहे हैं और बच्चे कुपोषण से बीमार हो रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में महंगाई ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर तोड़ कर रख दी है। उन्होंने सरकार से रोजमर्रा की चीजों और खाद्य पदार्थों के दाम कम करने की मांग की है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से जो वादा किया था उसे पूरा करने में पूरी तरह से असफल है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है, जनता भाजपा से पूरी तरह से नाराज है, जनता की समस्याओं किसानों, नौजवानों के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भाजपा पूरे देश को दंगे और हिंसा की आग में झोंक रही है और लोगों को आपस में लड़ाने में अपना राजनैतिक हित तलाश रही है। श्री दुबे ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की दोनों सरकारें हर मोर्चे पर विफल हैं।

# माध्यमिक शिक्षक संघ नौ को निकालेगा साइकिल रैली

**आरोप**

- डीएम को सौपेंगे सीएम को सम्बोधित ज्ञापन
- विद्यालयों का मनमाने तरीके से वेतन रोक दिया गया है



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ के कार्यालय के भ्रष्टाचार के आरोपी लेखाधिकारी मनोज कुमार द्वारा वर्षो से वेतन प्राप्त कर रही शिक्षिकाओं का वेतन रोकने,स्थानान्तरित शिक्षकों का वेतन बिल पारित न करने तथा लेखा विभाग में लम्बित अवशेष बिलों को अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती है तो जिला संगठन अगले सप्ताह आदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। इसके पूर्व जिला संगठन संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग करेगा। प्रदेश व्यापी संघर्ष के अन्तर्गत 9 अगस्त को क्वींस इण्टर कालेज से जिलाधिकारी कार्यालय तक अपरान्ह 2 बजे मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. आरपी मिश्र ने बताया कि भ्रष्टाचार के आरोपी लेखाधिकारी द्वारा लगभग 30 से अधिक बालिका विद्यालयों का मनमाने तरीके से वेतन रोक दिया गया है और लगभग 10 वर्षो से वेतन प्राप्त कर रही शिक्षिकाओं को लेखाधिकारी द्वारा बुलाया जा रहा है। जिसकी सूचना विभिन्न विद्यालयों की प्रधानाचार्या एवं शिक्षिकाओं ने दी। लेखाधिकारी द्वारा अन्य जनपदों से लखनऊ के माध्यमिक विद्यालयों में स्थानान्तरित लगभग 100 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के वेतन भुगतान हेतु बिल नहीं पारित किए जा रहे है। डा मिश्र ने बताया कि15 जुलाई को धरने में संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जिलाविद्यालय निरीक्षक के सामने लेखाधिकारी की घूसखोरी के प्रकरण उठाए गए थे। किन्तु कार्यवाही नही हुई जिससे लेखाधिकारी के हौसले और भी बुलन्द हो गए है और घूसखोरी के लिए वेतन रोकना शुरू कर दिया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशव्यापी संघर्ष के 9 अगस्त को अपरान्ह 02 बजे क्वींस इण्टरकालेज से प्रेस क्लब परिवर्तन चौक चौराहा स्वास्थ्य निदेशालय चौराहा से डीएम कार्यालय तक पुरानी पेन्शन बहाली आदि 16 सूत्रीय मागों को लेकर मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। रैली के समापन पर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री से ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।

## मेडिकल एसेसमेंट कैंप का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मलिहाबाद पर आज समेकित शिक्षा के



अंतर्गत मेडिकल एसेसमेंट कैंप जी का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसमें विकासखंड मलिहाबाद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के 66 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। मेडिकल बोर्ड में डाक्टर आरसी गुप्ता आर्थो, डाक्टर रंजना आई सर्जन, डॉक्टर राकेश कुमार ईएनटी, डॉक्टर लवकुश सिकेट्रिस्ट, गरिमा सिंह क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एवम आदित्य सिंह यादव ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा 50 दिव्यांगत प्रमाणपत्र जारी किए गए। समेकित शिक्षा की जिला समन्वयक मीनू तिवारी, फिजियोथैरेपिस्ट अमरेश सिंह, स्पेशल एजुकेटर अरविन्द दत्त शर्मा बीआरसी मलिहाबाद, संजीव मिश्र, अरुण मिश्र काकोरी, संतोष सिंह, मनीष कुमार और योगेंद्र सिंह नगर क्षेत्र द्वारा मेडिकल कैम्प को सफल बनाने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया गया।

# 14वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 5 अगस्त से

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश गुडविल ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली 14वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी दाँव पर लगे 80 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दो दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 5 से 6 अगस्त, 2023 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में किया जाएग जिसमें गत विजेता उत्तराखंड व उपविजेता यूपी सहित विभिन्न राज्यों के 600 खिलाड़ी व तकनीकी अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मीटिंग हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन सचिव जावेद खान ने बताया कि चैंपियनशिप में 80 स्वर्ण, 80 रजत व 160 कांस्य पदकों के लिए मुकाबला होगा। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, मेघालदिल्ली, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, राजस्थान की टीमें भाग लेंगी। उत्तर प्रदेश गुडविल ताइक्वांडो एसोसिएशन संयुक्त सचिव रजा हुसैन ने जानकारी दी कि यह चैंपियनशिप सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर आयु वर्ग में महिला व पुरुष के सभी भार वर्गों में होगी तथा इस दौरान क्योरेगी व पूमसे दोनों के मुकाबले होंगे। चैंपियनशिप का उद्घाटन 5 अगस्त को सुबह 11 बजे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के करकमलों द्वारा किया जाएगा।

## स्विगी एक्जीक्यूटिव्स ने निकाली बाईक रैली

**लखनऊ।** शहर में फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी की प्रतिबद्धता और समर्पण को प्रदर्शित करने के लिये आज यहां आईटी चौराहा से टेढ़ी पुलिया तक डिलीवरी एक्जीक्यूटिव्स ने बाईक रैली निकाली। यह रैली आगामी आठ अगस्त को आशियाना और 10 अगस्त को भी राजाजीपुरम क्षेत्र में निकाली जायेगी। बीते एक अगस्त को गोमतीनगर के स्विगी स्नो से एसआरएस मॉल के बीच शुरूआत की गयी यह बाईक रैली आज दूसरी बार आईटी चौराहा से टेढ़ी पुलिया तक निकाली गयी। रैली के दौरान स्विगी उपयोगकर्ताओं को एक कूपन कोड भी दिया गया, जिसमें 199 रुपये से अधिक के ऑर्डर पर 125 रुपये की फ्लैट छूट दी जाएगी। यह आकर्षक छूट स्विगी की ओर से उनके ग्राहकों की सराहना करने के लिए दी जा रही है, जिससे वह बिना किसी परेशानी के अपने पसंदीदा भोजन का भरपूर मजा ले सकें। यह कार्यक्रम हर जोन में तय किए गए प्रारंभिक बिंदुओं से शुरू होकर पूरी अवधि में 35 से भी ज्यादा बिंदुओं को कवर करेगा।

# कलर्स के 'नीरजा... एक नई पहचान' ने रोमांटिक ट्रैक से दिल जीता

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




सामाजिक रूप से प्रासंगिक मुद्दों पर कई सवाल उठाते हुए, कलर्स का 'नीरजा... एक नई पहचान' अपनी एक महत्वपूर्ण मोड़ ले रही मनोरंजक कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। अब तक, कहानी में एक सेक्स वर्कर प्रॉतिमा (स्नेहा वाघ द्वारा अभिनीत) के जीवन को दर्शाया गया है, जो अपनी बेटी नीरजा (आस्था शर्मा द्वारा अभिनीत) को सोनागाछी में अच्छी परवरिश देने के लिए कड़ी मेहनत करती है। जैसा कि जीवन में होता है, एक अमीर परिवार के वंशज अबीर (राजवीर सिंह द्वारा अभिनीत) की मुलाकात नीरजा से होती है और दोनों शादी करने वाले हैं। शो को मिली सराहना के लिए आभारी होकर, कलाकार आस्था और राजवीर दर्शकों के समक्ष इसमें आने वाले ट्विस्ट का प्रचार करने के लिए लखनऊ पहुंचे। दोनों ने न केवल शो में होने वाली अपनी शादी के बारे में बात की बल्कि प्रसिद्ध चिकनकारी कपड़ों की खरीदारी के लिए स्थानीय बाज़ार भी घूमने गए और कुछ स्थानीय व्यंजनों का स्वाद भी चखा। शो के मौजूदा ट्रैक में, अबीर उर्फ राजवीर अपने पुराने प्यार त्रिशा को भूल नहीं पाता है और नीरजा में उसकी झलक देखता है। अबीर के पिता, बिजॉय (अयूब खान द्वारा अभिनीत) अपने बेटे को उसके दर्द से उबरने में मदद करने के लिए एक योजना बनाते हैं - वह नीरजा और अबीर की शादी का सुझाव देते हैं। लेकिन यहां एक ट्विस्ट है - यह असली शादी नहीं है।

**श्री बैजनाथ शिवकला महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी**

पत्रांकः बी.एस.एम./4065/2023 दिनांक 03.08.2023

**आवश्यकता है**

कला संकाय (स्नातक स्तर)- यू.जी.सी. द्वारा न्यूनतम् अर्हताधारी प्रवक्ताओं की- 07 प्रवक्ता -राजनीतिशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी एवं भूगोल प्रत्येक विषय में एक-एक प्रवक्ता, निश्चित वेतनमान रू0 15000/- से रू0 18000/- में आवश्यकता है।

**नोट**-आवेदन पत्र सभी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों सहित दो फोटो के साथ महाविद्यालय कार्यालय में 15 दिवस में पहुँच जाना चाहिए।

रमेश कुमार वर्मा सचिव/ प्रबंधक
श्री बैजनाथ शिवकला शिक्षा संस्थान
मंगलपुर पोस्ट ककरी, बाराबंकी
मोबाइल नं- 9451469724

# डिप्टी सीएम ने की अधिकारियों के साथ बैठक

## कमजोर और गरीब को विस्थापित करने से पहले करें वैकल्पिक व्यवस्था: केशव प्रसाद

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार बलिया में प्रशासनिक व विकास से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के आवासों का पिछले पांच वर्ष में किये गये निर्माण की जानकारी ली।उन्होंने कहा, योजना के लाभार्थियों की संख्या का प्रचार-प्रसार कराया जाए। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमओ व डीपीआरओ को निर्देश दिए कि एक महीने में अभियान चलाकरआयुष्मान भारत योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों को शत प्रतिशत हासिल किये जाएं। इसके अलावा गोल्डेन कार्ड से उपचारित लाभार्थियों की संख्या भी बढ़ाने के निर्देश डिप्टी सीएम ने दिये। बैठक में 'मेरी माटी- मेरा देश' एवं श्हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रमों से जुड़े विभागों को समय से सारी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित हो सके।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति की शिकायत पर अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें और लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने एवं पाईपलाईन डालने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल ठीक कराने के भी निर्देश दिए। बैठक के बाद प्रेस प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों को साझा किया। बैठक में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, विधायक केतकी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, डीएम रवीन्द्र कुमार, सीडीओ प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## आयुष्मान कार्ड व आवास स्वीकृति पत्र का किया वितरण

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयुष्मान भारत के तीन लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड वितरित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण दो लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा एक लाभार्थी को चाभी प्रदान किया। मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के दो लाभार्थियों को भी चाभी प्रदान कर पक्के आवास की सौगात दी। स्वयं सहायता समूह की भी महिलाओं से मिलकर उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पाद के जरिए आर्थिक उन्नति करने पर उनकी सराहना की।डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने गुरूवार को जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के परिसर में निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारी से निर्माण से जुड़ी पूरी जानकारी ली। कहा कि प्राप्त बजट के सापेक्ष भौतिक प्रगति में भी तेजी लाए।

# अमृत सरोवरों की देखभाल व अनुरक्षण जरूरी

**बयान**

- समूह की दीदियों मे से अमृत सरोवर सखी तैनात की जाए: केशव

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि अमृत सरोवर हमारी आनेवाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होंगे।जल संरक्षण व संचयन के उद्देश्य से प्रधानमंत्री के आह्वान पर बनाये जा रहे अमृत सरोवरो की देखभाल व अनुरक्षण किया जाना बहुत जरूरी है और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों से चयनित कर अमृत सरोवरो की देखभाल के लिए अमृत सरोवर सखी के रूप में लगाया जा सकता है। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी करते हुए प्रपोजल ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार को भेजने की कार्यवाही की जाए। प्रति अमृत सरोवर पर 2अमृत सरोवर सखी रखें जाने का प्रपोजल बनाया जाय। प्रदेश में लगभग 13हजार अमृत सरोवर पूर्ण हो गये हैं,। अमृत सरोवरो का निर्माण कार्य अनवरत रुप से चल रहा है। प्रदेश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो अमृत सरोवर बनाने की राज्य सरकार की योजना है।कुछ जगहों पर निर्धारित क्षेत्रफल के तालाब न होने की बात प्रकाश में आयी है।

तालाबों को भी मनरेगा से सही कराकर जल संचयन के लिए उपयोगी बनाया जाय और इन्हें अमृत सरोवर के रूप में पहचान दिलाने के लिए नियमों में शिथिलता प्रदान करने हेतु भारत सरकार से पत्राचार किया जाए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गत दिवस विधान भवन अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह भी निर्देश दिए कि राजस्व व मत्स्य विभाग द्वारा तालाबों के पट्टा आवंटन की पात्रता प्राथमिकता श्रेणी मे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को भी सम्मिलित कराने की कार्यवाही की जाए, इससे महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने बीसी सखी, विद्युत सखी आदि सभी सखियों को कम से कम एक साल तक मानदेय देने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

# खबरें एक नजर में

## नेशनल बोन एंड जॉइंट वीक पर मुफ्त चेकअप कैंप




**लखनऊ।** नेशनल बोन एंड जॉइंट वीक (सप्ताह) राष्ट्रीय स्तर पर अगस्त 4 से मनाया जाता है। लोग लाइफस्टाइल और सेहत की बात तो करते हैं परन्तु बोन हेल्थ पर ज्यादातर लोगों का ध्यान नहीं जाता। लोगों की जागरूकता बढ़े इसलिए हर साल 4 अगस्त को नैशनल बोन ऐंड जॉइंट डे के रूप में मनाया जाता है। उसी दिन से सप्ताह भर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। इसका उद्देश्य जनता में जोड़ एवं हड्डियों के स्वस्थ्य सम्बन्धी जागरूकता फैलाना है। इसी कड़ी में आर्थराइटिस फाउंडेशन ऑफ लखनऊ एवं हेल्थसिटी हॉस्पिटल ने मरीज हित में बोन एवं जॉइंट चेक उप कैंप का आयोजन किया हैं जो 4 अगस्त व 5 अगस्त तक चलेगा। डॉ संदीप कपूर और डॉ संदीप गर्ग जो की आर्थराइटिस फाउंडेशन ऑफ लखनऊ के संस्थापक हैं ने बताया की मरीज या उनके परिजन फोन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाकर विशेषज्ञ से मिल सकते हैं।

## केजीएमयू में लोगों को अंगदान के लिए किया प्रेरित

**लखनऊ।** भारत में अंगदान दिवस पर लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने के साथ साथ किसी व्यक्ति के जीवन में अंगदान के महत्व को समझने के लिए मनाया जाता है इस अवसर पर केजीएमयू से भी अंगदान पंजीकरण के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 से अधिक लोगों ने अंगदान करने के लिये वचन लिया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. बिपिन पुरी, प्रो. अभिजीत चंद्रा (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सर्जिकल गॅस्ट्रोइण्ट्रोलाजी विभाग), डॉ. उत्कर्ष, डॉ. विजय कुमार, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. महेश, डॉ. रवि, डॉ. एलिस्टर, डॉ. मुक्तेष्वर व डॉ. कृष्णाराव सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नहरों पर पुल पुलिया के निर्माण हेतु 75 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सुल्तानपुर में सिंचाई खंड के अंतर्गत नहरों पर पुल पुलिया के निर्माण हेतु 75 लाख रुपए धनराशि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कर दिया गया हैं। शासनादेश में यह निर्देश दिए गए हैं। कि मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किए जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था विभाग का होगा। परियोजना का निर्माण कर ससमय पूर्ण करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व विभाग का होगा।

## होम्योपैथिक विभाग में 3 प्रोफेसर एवं 7 रीडर की हुई पदोन्नति

**लखनऊ।** आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथिक विभाग में डॉ मुकेश कुमार, डॉ संजय पाण्डेय एवं डॉ शैलेश कुमार को रीडर से प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की गयी है। इसी के साथ डॉ वेद प्रकाश शर्मा, डॉ विकास मिश्रा, डॉ राजकुमार, डॉ निशा वर्मा, डॉ रामरेख यादव, डॉ आनंद बिहारी सिंह एवं डॉ राजकुमार कश्यप को प्रवक्ता से रीडर पद पर पदोन्नति की गयी है। इस सम्बंध में आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी की ओर से कार्यालय ज्ञाप जारी कर दिया गया है। नवप्रोन्नत प्रोफेसर एवं रीडर की तैनाती रिक्तियों के सापेक्ष कर दी गयी है।

## आयुर्वेद विभाग के 20 प्रोफेसरों की हुई पदोन्नति

**लखनऊ।** आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद विभाग में डॉ ऊषा द्विवेदी, डॉ शशि सिंह, डॉ रीता गुप्ता, डॉ गोविन्द प्रसाद मंगल, डॉ अजय कुमार अग्रवाल, डॉ राजबहादुर, डॉ प्रदीप कुमार सचान, डॉ सुमन श्रीवास्तव एवं डॉ विजय प्रकाश भारती को रीडर सम्प्रति प्रोफेसर को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की गयी है।इस सम्बंध में आयुष विभाग की प्रमुख सचिव लीना जौहरी की ओर से कार्यालय ज्ञाप जारी कर दिया गया है। नवप्रोन्नत प्रोफेसर की तैनाती रिक्तियों के सापेक्ष कर दी गयी है।

# कुनो में नौवें चीते की मौत पर अखिलेश ने बोला हमला

**बयान**

- चीतों की मौत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब हो रही देश की छवि: अखिलेश

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में 2 अगस्त को एक और चीते ने दम तोड़ दिया। मार्च से अब तक 9 चीतों की मौत हो चुकी है। मादा चीता धात्री सुबह मृत पाई गई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कुनो नेशनल पार्क में हो रही चीतों की मौत पर एक बार फिर हमला बोला। उन्होंने आठवें चीते की मौत पर भी बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लिया था। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया था कि चीतों का राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के बाद कोई ख्याल नहीं रखा गया। अब एक बार फिर उन्होंने नौवें चीते की मौत पर सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने कहा कि चीतों को सरकार की शक्ति का प्रतीक मानकर बीजेपी प्रचार-प्रसार करने में जुटी थी लेकिन चीतों की हो रही मौत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि खराब हो रही है। चीता प्रोजेक्ट के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से दो चरणों में 20 चीतों को कूनो नेशनल पार्क लाकर बसाया गया था। चीतों का पहला जत्था पिछले साल सितंबर और दूसरा जत्था इस साल फरवरी में भारत लाया गया। 27 मार्च को नामीबिया से लाई गई मादा चीते साशा की किडनी में संक्रमण की वजह से मौत हो गई थी। जुलाई में नर चीते सूरज की मौत के बाद आंकड़ा बढ़कर आठ हो गया था। अखिलेश यादव ने चीते की आठवीं मौत पर भी चिंता जताई थी। मार्च के बाद से मादा चीतों में एक धात्री तिब्लिसी की मौत का नौंवा मामला है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव का कहना है कि मौत की वजह का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। देश में जंगली प्रजाति के विलुप्त होने पर 70 साल बाद चीतों को फिर से लाया गया। चीता परियोजना के तहत आठ नामीबियाई चीतों में पांच मादा और तीन नर को पिछले साल केएनपी के बाड़ों में छोड़ा गया था। फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते कूनो नेशनल पार्क में बसाए गए थे।

# सिपाही ने तानी पिस्टल,नशे में युवक को दी गोली मारने की धमकी

## विरोध करने पर सिपाही ने गाली-गलौज शुरू कर दी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ में पारा थाना क्षेत्र स्थित सूर्य नगर क्रासिंग के पास मामूली विवाद के बाद एक नशे में धुत सिपाही ने अपनी सर्विस पिस्टल तानकर युवक को गोली मारने की धमकी दी। नशे में धुत सिपाही को राहगीरों ने पकड़कर किसी तरह से शांत कराया, लेकिन वह दोबारा पिस्टल लेकर युवक को दौड़ा लिया। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। भीड़ जुटने पर धमकी देते हुए भाग निकला। देर रात वीडियो वायरल होने पर डीसीपी पश्चिम ने पूरे मामले की जांच एसीपी काकोरी अनूप कुमार को सौंप दी है। वहीं उसके निलंबन की संस्तुतित गोण्डा के एसपी अंकित मित्तल से की है। सिद्धार्थनगर निवासी विजेन्द्र कुमार सिंह बुधवार रात करीब दस बजे औरास जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पारा में सूर्य नगर क्रासिंग के पास एक सिपाही की बाइक का टायर उनके पैर पर चढ़ गया। विरोध पर सिपाही ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जिसके बाद अचानक उतरकर कमर में लगी पिस्टल निकाल कर गोली मारने की धमकी देने लगा। स्थानीय लोगों के पकड़ने के बाद भी दो बार पिस्टल निकाल कर मारने को दौड़ा। पारा के डॉक्टर खेड़ा स्थित सोनियानगर निवासी आरोपी सिपाही बलवंत सिंह घटना के वक्त छुट्टी पर घर आने की बात कही जा रही है। एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि वीडियो में दिख रहा सिपाही बलवंत सिंह तोमर गोण्डा में तैनात है। उसे नशे में बताया जा रहा है।

## मछली रोग निदान के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो यानि एनबीएफजीआर लखनऊ ने मछली रोग निदान के लिए आणविक तकनीक पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जलीय जीवों के रोगों पर राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम एनएसपीएएडी के तहत आईसीएआर-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन बयूरो द्वारा 25 जुलाई से 03 अगस्त के दौरान नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल एक्वाकल्चर के एक्वा वन केंद्रों के कर्मचारियों के लिए श्मछली रोग निदान के लिए आणविक तकनीक पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से एनएसीएसए के10 कर्मचारियों ने अपने क्षेत्रीय समन्वयक एनपी चंद्र शेखर के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रोगग्रस्त झींगा के नमूनों को संभालने और आणविक तकनीकों का उपयोग करके रोगों का निदान करने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में मेडिकल एसेसमेंट कैंप संपन्न



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

ब्लॉक संसाधन केंद्र मलिहाबाद पर आज समेकित शिक्षा के अंतर्गत मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ जिसमें विकासखंड मलिहाबाद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के 66 दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया।

मेडिकल बोर्ड में डाक्टर आरसी गुप्ता आर्थो, डाक्टर रंजना आई सर्जन, डॉक्टर राकेश कुमार ईएनटी, डॉक्टर लवकुश सिकेट्रिस्ट, गरिमा सिंह क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एवम आदित्य सिंह यादव ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा 50 दिव्यांगत प्रमाणपत्र जारी किए गए। समेकित शिक्षा की जिला समन्वयक मीनू तिवारी, फिजियोथैरेपिस्ट अमरेश सिंह, स्पेशल एजुकेटर अरविन्द दत्त शर्मा बीआरसी मलिहाबाद, संजीव मिश्र, अरुण मिश्र काकोरी, संतोष सिंह, मनीष कुमार और योगेंद्र सिंह नगर क्षेत्र द्वारा मेडिकल कैम्प को सफल बनाने में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया गया। कैम्प को सुचारू रूप से संचालित करने का कार्य सत्यप्रकाश पांडे, स्वतंत्र कुमार और यादवेंद्र पांडे द्वारा किया गया।

# जुलाई में कई मदों में मिला 15418.34 करोड़ राजस्व

## जुलाई 2022 के सापेक्ष जुलाई 2023 में 1443.52 करोड़ रूपये की वृद्धिः सुरेश खन्ना

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जुलाई माह में 15418.34 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वर्ष 2022-23 के जुलाई माह में 13974.82 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। जुलाई 2022 के सापेक्ष जुलाई 2023 में प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदो में 1443.52 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर राजस्व वाले मद जीएसटी एवं वैट में माह जुलाई 2023 में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 12484.86 करोड़ के सापेक्ष 8785.54 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 70.4 प्रतिशत है। जीएसटी एवं वैट के अंतर्गत जुलाई 2022 की तुलना में जुलाई 2023 में 1206.32 करोड़ अधिक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह जुलाई, 2023 में 6107.25 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई है जबकि गत वर्ष जुलाई, 2022 के माह में प्राप्ति 5043.90 करोड़ थी। वैट के अन्तर्गत माह जुलाई2023 में 2678.29 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष जुलाई 2022 में प्राप्ति 2535.32 करोड़ थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि आबकारी मद के अन्तर्गत माह जुलाई, 2023 में 3423.98 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत, वर्ष माह जुलाई, 2022 में प्राप्ति 3260.84 करोड़ थी। उन्होंने बताया कि आबकारी मद के अंतर्गत माह जुलाई 2023 में निर्धारित लक्ष्य 4600 करोड़ के सापेक्ष 3423.98 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो 74.4 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह जुलाई, 2023 की राजस्व प्राप्ति 2225 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2022 में प्राप्ति 2285.42 करोड़ थी।वित्त मंत्री ने बताया कि परिवहन के अन्तर्गत माह जुलाई, 2023 की राजस्व प्राप्ति 775.98 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2022 में प्राप्ति 694.74 करोड़ थी।

मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत माह जुलाई 2023 में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य 21339.78 करोड़ के सापेक्ष 15210.50 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो निर्धारित लक्ष्य का 71.3 प्रतिशत है। मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत प्राप्ति माह जुलाई 2022 की तुलना में माह जुलाई 2023 में 1390.28 करोड़ अधिक है। उन्होंने बताया कि करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति 207.84 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह जुलाई 2022 में प्राप्ति 154.60 करोड़ थी।वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह जुलाई 2023 तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 84224.35 करोड़ के सापेक्ष 61257.54 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो माह जुलाई 2023 तक निर्धारित लक्ष्य का 72.7 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि जीएसटी के अंतर्गत 36622.91 करोड़ राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य के सापेक्ष 24751.96 करोड़ एवं वैट के अंतर्गत 12892.64 करोड़ के सापेक्ष 9134.77 करोड़ की प्राप्ति हुई है। आबकारी मद के अंतर्गत माह जुलाई, 2023 तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 17800 करोड़ के सापेक्ष 13992.71 करोड़ प्राप्त हुए हैं। स्टांप तथा निबंधन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 10374.90 करोड़ के सापेक्ष 8801.80 करोड़ एवं परिवहन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 4050.52 करोड़ के सापेक्ष 3235.81 करोड़ की प्राप्ति हुई है।

# जन विश्वास बिल देगा नकली दवा बनाने वालों को राहत: रालोद

## अब जुर्माना भरकर बच जायेंगे नकली दवा कारोबारी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने केन्द्र सरकार के जन विश्वास बिल का विरोध करते हुए कहा कि नकली दवा बनाने वाले मात्र जुर्माना देकर बच जाएंगे। उन्होंने लोकसभा में पारित जन विश्वास बिल पर सवालिया निशान खड़ा किया है और कहा कि केन्द्र सरकार जो जन विश्वास बिल लायी है उससे आम नागरिकों तथा मरीजों और तीमारदारों का क्या भला होगा? उससे तो सिर्फ नकली दवा बनाने वालों को ही राहत मिलेगी क्योंकि अब नकली दवा देने से किसी की मौत होगी तो दवा बनाने वाले को जेल नहीं होगी बल्कि वह जुर्माना देकर साफ बच जाएगा। अपराधी प्रवृत्ति के लोग खुलकर सामाजिक जीवन से खिलवाड़ कर सकेंगे। देश के प्रधानमंत्री देशवासियों के जीवन से खिलवाड़ कराने में अपना योगदान देकर देश की भोली भाली जनता को क्या बताना चाहते हैं? श्री राय ने कहा कि वास्तव में मोदी सरकार का यह बिल जन विश्वास बिल नहीं बल्कि लुटेरों का विकास और नकली दवाओं के कारोबारियों को राहत देने का बिल है। इस बिल के माध्यम से भाजपा सरकार अवैध कारोबारियों को बड़ी राहत देने की तैयारी में लगी है। इसमें अपराध की सजा को कम कर दिया गया हैजिससे उनका मनोबल और बढ़ जायेगा। इससे आम जनता को भारी नुकसान होने की सम्भावना है। कुल मिलाकर देखा जाय तो जो अभी तक अपराध के दायरे में था अब उसे सिर्फ जुर्माने तक ही सीमित कर दिया गया है। जिन अपराधों में जेल का प्राविधान था अब उसमें सिर्फ जुर्माना देकर ही वह साफ बच जाएंगे। रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बिल का नाम यह जन विश्वास बिल न होकर जन विश्वासघात बिल होना चाहिए। यह बिल नकली दवाओं के जाल की जड़े और मजबूत कर देगा क्योंकि मिलावट खोर अब जेल जाने से बच जाएंगे। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं के सेवन न जाने कितने लोगों की जान जा रही है। नकली दवा व्यापारी कम रेट पर बिना बिल के दवाओं का कारोबार करते हैं। इस बिल से आम जनता को सिर्फ नुकसान ही उठाना पड़ेगा।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान 9 से 15 अगस्त तक हर जिले में कार्यक्रम

**कार्यक्रम**

- कार्यक्रम से पूर्व कलाकारों के खाते में स्थानान्तरित होगी आधी धनराशि: जयवीर

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के तर्ज पर युवा पीढ़ी में देश भक्ति की भावना को जागृत करने के लिए 9 से 15 अगस्त तक जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा हर जिले में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जायेगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री की प्रेरणा से 75 सप्ताह तक चलने वाले आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन 15 अगस्त को किया जा रहा है। संस्कृति विभाग को मेरी माटी मेरा देश अभियान के संचालन के लिए नोडल विभाग नामित किया गया है। 9 अगस्त से 15 अगस्त तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में होने वाले कार्यक्रमों में जन सहभागिता के लिए विभिन्न कार्यक्रम संपन्न कराये जायेंगे।

इसमें जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की विशेष भूमिका होगी। पर्यटन मंत्री ने कहा, कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को कार्यक्रम पूर्व आधी धनराशि उनके खाते में ट्रांसफर कराई जायेगी। शेष भुगतान कार्यक्रम संपन्न होने पर किया जायेगा। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देशभर में अमृत कलश यात्रा निकाली जायेगी। देश के गॉव-गॉव से 7500 कलशों में मिट्टी लेकर अमृत कलश यात्रा दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुँचेगी। यूपी के प्रत्येक ब्लाक से युवा कलश के साथ 2 पौधे भी लेकर भी जायेंगे। इससे दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा।

# एनडीए बनाम इंडिया की होगी 24 में रोमांचक जंग

**लोकसभा चुनाव**

- बीजेपी सहयोगी दलों को थमा सकती है हारी सीटे
- अपना दल एस,सुभासपा और निषाद पार्टी हैं एनडीए की भागीदार

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




2024 की लड़ाई एनडीए बनाम इंडिया होते देख उत्तर प्रदेश में बीजेपी और समाजवादी पार्टी के दिग्गजों ने सियासी समीकरण साधने शुरू कर दिये हैं। 2024 में रोमांचक होगी चुनावी जंग, ऐसे आसार अभी से लगने लगे हैं। बीजेपी हाईकमान ने यूपी पर नजर गड़ा दी है रूठों को मनाने से लेकर दूसरे दलों खासकर सपा से बिदकने वालों को तवज्जो बढ़ा दी है। रोज किसी न किसी कोने से आवाज आती है कि फ्लां नेता पाला बदल कमल थाम सकता है। एनडीए सभी 80 सीटों पर जीत चाहता है यानि उत्तर प्रदेश से लोकसभा में विपक्ष हो ही न,ऐसा बीजेपी के लीडरों के बयान इशारा करते हैं।

असल लड़ाई यहां 2019 में हारी हुई 16 सीटों खातिर है। पार्टी की चाहत है,64 जो खाते में है वे बरकरार रहे और 16 में जीत हो जाये। लोकसभा चुनाव-2024 में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने की मुहिम में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। 2019 के चुनाव में एनडीए ने प्रदेश में 64 सीटें जीती थीं, 16 सीटें विपक्ष के पाले में गई थी। 2024 में भाजपा हारी सीटों को गठबंधन के सहयोगियों अपना दल, सुभासपा और निषाद पार्टी को दे सकती है लेकिन नापतौल के बाद। अपना दल एस को उनकी मौजूदा मिर्जापुर और रॉबर्टसगंज सीट मिलना लगभग तय है। अधिक सीटें देने पर निर्णय हुआ तो पूर्वांचल में हारी हुई एक-दो सीटें दी जा सकती हैं। सुभासपा को घोसी, जौनपुर या गाजीपुर में से दो सीटें मिल सकती हैं। निषाद पार्टी को संतकबीरनगर, लालगंज या श्रावस्ती में से कोई एक दो सीटें मिल सकती है। संतकबीरनगर से निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद भाजपा के टिकट पर 2019में जीते थे। सहयोगी दलों के सामाजिक समीकरण से पिछड़े वर्ग में भाजपा अपनी पोजीशन मजबूत करना चाहती है। विधानसभा चुनाव 2022 में निषाद पार्टी को 15 सीटें मिली थीं। इनमें पांच सीटों पर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा के चुनाव चिह्न पर लड़ाया गया था। शेष 10 में 7 सीटें वह थीं, जहां 2017 के विस चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। निषाद पार्टी ने इनमें से छह सीटें जीत ली थीं। 2019 में लोकसभा चुनाव में एनडीए को 80 में 64 सीट मिली थी। बसपा को 10, सपा को पांच और कांग्रेस को एक सीट पर संतोष करना पड़ा था। भाजपा ने 2022 में रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में सीटें सपा से छीन ली।

# ईओ के कार्यालय न आने से नगरवासी परेशान

**कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय नगर पंचायत कटरा बाजार के विस्तार के पश्चात नई ग्राम पंचायतों को शामिल करने के बाद 15 वार्ड में विभाजित तो कर दिया गया,लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था नहीं सुधरी। नगर वासियों के मुताबिक नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी की तैनाती होने के बाद भी नही आती है,जिससे नगर के लोगों को अपने विभिन्न कार्यों को कराने के लिए भटकना पड़ रहा है। यहाँ के




अतुल कुमार ने बताया कि उन्होने अपने मकान का दाखिल खारिज कराने के लिए नगर पंचायत में कागज जमा किया था जिसके एक माह होने को है लेकिन अभी तक काम नही हो सका है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी का कहना है कि अधिशासी अधिकारी नही आ रही हैं जिससे काम नहीं हो पा रहा है। वहीं नगर पंचायत में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने के लिए दर्जनों लोगों का कई दिनों से काम अटका पड़ा है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी प्रियंका मिश्रा ने बताया कि नगर पालिका परिषद कर्नलगंज व नगर पंचायत कटरा दोनो का प्रभार उनके पास है।

इस बीच त्यौहार की छुट्टी व ट्रेनिंग पड़ जाने के कारण कार्य बाधित है। शीघ्र ही समस्त अधूरे कार्यों को पूर्ण कराया जायेगा और लोगों की समस्या का निदान सुनिश्चित किया जायेगा।

## छूटे हुए ब्लॉकों में डीएम लगायेंगी चौपाल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** डीएम नेहा शर्मा का मुजेहना, परसपुर और तरबगंज विकासखंडों में चौपाल कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था, अब इन विकासखंडों में नई तिथियों में चौपाल कार्यक्रम लगाया जायेगा। उन्होंने बताया है कि विकासखंड मुजेहना में 16 अगस्त, परसपुर में 18 अगस्त व तरबगंज में 22 अगस्त को चौपाल का कार्यक्रम लगाया जायेगा। इन विकासखंडों में चौपाल हेतु चयनित ग्राम वही रहेंगे। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि पर ग्राम चौपाल में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

# दुष्कर्म करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लूटी थी अस्मत**

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली कर्नलगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर लड़की को बहला-फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फँसाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का वीडियो बनाने के वांछित अभियुक्त अम्बिकेश्वर सिंह उर्फ नन्दन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उक्त अभियुक्त ने थाना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की को बहला-फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया तथा उसका फोटो वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके संबंध में पीड़िता द्वारा थाना कोतवाली कर्नलगंज मे अभियोग पंजीकृत कराया गया था। आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार अभियुक्त अम्बिकेश्वर सिंह उर्फ नन्दन सिंह पुत्र अवधनरायन सिंह निवासी ग्राम भालियनपुरवा मौजा पिपरी थाना कोतवाली कर्नलगंज जनपद गोण्डा के विरूद्ध थाना कोतवाली कर्नलगंज में विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम में उपनिरीक्षक अंकित सिंह मय टीम मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### जादूगर हेमराज का शो आज से प्रारंभ




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** डायमंड स्टार की उपाधि प्राप्त जादूगर हेमराज के हैरत अंग्रेज कारनामे शुक्रवार 4 अगस्त से शहर के शर्मा होटल के हाल में दिखाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए जादूगर हेमराज के मैनेजर मोहम्मद आरिफ ने बताया कि डायमंड स्टार जादूगर हेमराज मूल रूप से प्रयागराज उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। जो वर्ष 2013 से लगातार जादूगरी के हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जादूगर हेमराज के गुरु उन्नाव निवासी जादूगर सिकंदर हैं, जिनसे हेमराज ने जादूगरी की कलाएं सीखी। उन्होंने बताया कि शो के दौरान जादूगर हेमराज द्वारा हैचपैच लेडी, डायमंड लेडी, क्लियर कटिंग, लड़की को गोरिल्ला बनाना व जादुई बक्शे के कारनामे सहित अन्य खेल दिखाए जाएंगे।

### अवैध निर्माण रोकवाने के लिए डीएम से की शिकायत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तरबगंज थाना क्षेत्र के बौरिहा जेठासी गांव के निवासी कर्ता राम पुत्र बनारस ने जिला अधिकारी से शिकायत किया कि उस की गाटे की जमीन है। जमीन उस के पिता के नाम है। पिता की मृत्यु हो गई। गांव के बाबू लाल और रोहित जबर दस्ती उस के गाटे की जमीन पर नींव खोदवा कर निर्माण करा रहे थे। घटना की सूचना 112 नम्बर पुलिस को दिया तब छोड़ कर भाग गए। पुलिस के जाने के बाद पुनः जबरन निर्माण कराने का प्रयास करने लगे। इस की शिकायत उपजिलाधिकारी तरब गंज से किया। उप जिलाधिकारी ने एस ओ तरब गंज को निर्माण रोकवाने के लिए लिखा। इस के बाद भी जब कोई कार्यवाही नही हुई तो जिला अधिकारी से शिकायत कर के निर्माण रोकवाने की मांग किया।

### बाड़ में उतरे करंट से किसान की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मितान पुरवा गांव निवासी एक किसान गुरुवार सुबह अपने खेत को गया था। खेत के निकट टहलते समय वह दूसरे के खेत में लगे लोहे के तार की चपेट में आ गया। जिससे करंट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने 4 लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुमई गौडी के मजरा मितानपुरवा निवासी जगमोहन (45) पुत्र सुंदर किसान थे। गुरुवार सुबह वह अपने खेत को गए खेत के पास मवेशी की देखभाल कर रहे थे। तभी पड़ोसी किसान के खेत में फसलों की सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के तार के बाड़ को उन्होंने पकड़ लिया। जिसमें पहले से ही करंट आ रहा था। तार पकड़ते हैं किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों परिवार को सूचना दी इस पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। चौकी इंचार्ज अमित कुमार गुप्ता, दीवान राम आशीष वर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक किसान के भाई नंदराम ने चार लोगों के विरुद्ध तहरीर दी। नंदराम की तहरीर पर 4 लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### गांव के अराजकतत्व गौशाला में कर रहे तोड़फोड़

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** गांव के ही अराजक तत्व गोशाला में तोड़फोड़ कर रहे थे। जिसकी सूचना ग्रामीण ने प्रधान को दी थी। इससे नाराज अराजक तत्वों ने सूचनादाता के साथ ही गाली, गलौज करते हुए मारपीट व जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर निवासी प्रदीप कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही रिंकू उर्फकृष्णकांत, रजनीकांत, रविंद्र व पर्वत सिंह उनके गांव में ही स्थित गोशाला में तोड़फोड़ कर रहे थे। जब उसने उक्त लोगों को गोशाला में तोड़फोड़ करते हुए देखा तो उसने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दे दी। इस बात से नाराज होकर उक्त लोग उससे रंजिश मान बैठे। रंजिश के चलते बुधवार की शाम वह हनुमान मंकिर के पास से निकल रहा था। तभी उक्त सभी ने उसे जबररन रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उक्त सभी ने लाठी, डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उसे चोटें आई हैं। उसके चिल्लाने पर आसपास के लोगों को आता देख उक्त सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। उक्त संदर्भ में एसएसआई आनंद सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

### फर्राटा रेस लगाने वालों पर शिकंजा कसने की मांग

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर में कोतवाली रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास स्पीड ब्रेकर न होने से वाहन फर्राटा भरते हुए निकलते हैं। ऐसे में पेट्रोल टैंक से निकलने वाले वाहनों से अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती हैं। मोहल्ले के लोगों ने लोकतंत्र सेनानी के नेतृत्व में पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन पेट्रोल टैंक के दोनों छोर पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। नगर के मध्य कोतवाली रोड पर पेट्रोल टैंक स्थित है। नगर के मध्य में पेट्रोल टैंक होने से इस टैंक पर दिन भर वाहन पेट्रोल, डीजल आदि लेने के लिए आते रहते हैं। वहीं, इस रोड पर दिन भर सैंकड़ों की संख्या में वाहनों का भी आना जाना लगा रहता है। सीसी सड़क होने के चलते अक्सर इस सड़क पर वाहन खासतौर पर बाइकर फर्राटा भरते हुए निकलते हैं। ऐसे में जब कोई वाहन पेट्रोल डलवाकर टैंक से बाहर निकल रहा होता है तो सड़क से होकर निकल रहे तेज रफ्तार वाहन से टकेरा जाते हैं। जिससे दुर्घटनाएं हो जाती हैं। जिससे न केवल वाहन क्षतिग्रस्त होते हैं बल्कि लोगों की जान भी जोखिम में आ जाती है। कई बार लड़ाई झगड़े की भी नौबत आ जाती है। इसको लेकर लोकतंत्र सेनानी निरंजनलाल माहेश्वरी के नेतृत्व में मोहल्ले के सुशील कुमार माहेश्वरी, रामकिशोर द्विवेदी, मनीष कुमार दुबे, अनुराग मिश्रा, सुशील मिश्रा, सलीम अहमद आदि ने पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल को ज्ञापन देकर बताया कि पेट्रोल टैंक के पास स्पीड ब्रेकर न होने से वाहन फर्राटा भरते हुए निकलते हैं जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। बीती 31 जुलाई को पेट्रोल टैंक से निकल रही बाइक और सड़क से तेज रफ्तार निकल रही बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। जिसमें एक वृद्ध को गंभीर चोटें आई थीं। ऐसे में यदि पेट्रोल टैंक के दोनों छोर पर स्पीड ब्रेकर बन जाते हैं तो वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगेगा जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी।

# तालाब की भूमि पर नींव खोदकर निर्माण कराने की हो रही तैयारी



**मनकापुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जिगना में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की भूमि गाटा संख्या 687 व तालाब की भूमि गाटा संख्या 688 पर गाँव के ही विजय प्रकाश द्वारा नींव खोद कर पक्का निर्माण कराने की तैयारी की जा रही है। जिसकी शिकायत गाँव के रहने वाले उदयभान पुत्र कुंजबिहारी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दे कर जमीन को कब्जे से बचाने की गुहार लगाई है। उन्होंने दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि वर्ष 2017 में भी उसी गाटा संख्या की भूमि पर छांगुर पुत्र सागर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे,जिस पर उपजिलाधिकारी द्वारा पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश कराकर कब्जे से भूमि मुक्त कराई गयी थी। उसके बाद अब विजय प्रकाश उसी भूमि पर कब्जा करने की फिराक में हैं। ऐसा करने से मना करने पर उनके व परिजनों द्वारा गाली गलौज किया जाता है तथा उसके साथ मारपीट करने पर भी आमादा होते हैं।

## विद्युत करंट लगने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**कर्नलगंज/गोण्डा,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के दिनारी गाँव में गुरूवार की सुबह करीब पांच बजे विद्युत करेंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम दिनारी निवासी शहादत अली उम्र 28 वर्ष पुत्र पीर गुलाम की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में मृतक के पिता पीर गुलाम पुत्र सोहराब खां ने कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने हेतु तहरीर दी है।

# त्रिलोकीनाथ अग्रवाल की दसवीं पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल गोंडा की ओर से व्यापारी संघर्षों के प्रतीक व्यापारी हृदय सम्राट स्वर्गीय त्रिलोकीनाथ अग्रवाल की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में त्रिलोकी इंटरप्राइजेज स्टेशन रोड गोंडा पर मनाया गया इस अवसर गोंडा के सभी व्यापारी संगठनों के व्यापारी नेताओं, प्रतिष्ठित समाजसेवी अधिवक्ता और वरिष्ठ पत्रकारिता जगत के सम्मानित पत्रकार बंधुओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए व संस्मरण सांझा करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री जगदीश रायतानी ने बताया मूल रूप से व्यवसाई परिवार में 4 जनवरी 1968 को उनका जन्म हुआ बचपन से ही वह समाजसेवी गतिविधियों में



शामिल रहे।

इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी के रूप में विनोद खेमका, पवन अग्रवाल, राजेंद्र सिंह, अतीक मीनाई, मुकेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अतीक अहमद हरमन, सौरभ सिंह, कप्तान सिंह जितेश सिंघल, हनुमान गुप्ता, राजेश रायचंदानी, समाजवादी व्यापार सभा के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार ओमकार पाठक, विजय शंकर शुक्ला, जानकी शरण द्विवेदी, कल्प राम त्रिपाठी, अंकुर गर्ग ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए व संस्मरण साझा किया।

# बिना नोटिस रसोईयों को किया कार्यमुक्त

**महिलाओं ने डीएम से की शिकायत**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विकासखंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत दुविधापुर की आधा दर्जन महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक द्वारा तीन माह काम लेने के बाद भी उन्हें रसोइया के पद से हटा दिया गया है। सरकार की ओर से शासनादेश जारी कर गरीब व विधवा महिलाओं को रसोइयों के पद पर कार्य करवाने के निर्देश दिए हैं। उसी के तहत विकासखंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत दुविधापुर निवासी छह विधवा रखा गया था। लेकिन तीन माह बाद ही इन सभी रसोइयों को



हटा दिया गया। रसोइयों ने इस संबंध में डीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि इसीसे उनका परिवार चलता था। शिकायतकर्ता अनीता देवी और रेखा देवी ने बताया कि उनके बच्चों की पढ़ाई के साथ अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम प्रधान सुरेश कुमार चक्रवर्ती का कहना है कि शासनादेश में स्पष्ट था कि गरीब विधवा महिलाओं की नियुक्ति किया जाए। जिस आधार पर इन महिलाओं की नियुक्तियां की गई थी, लेकिन शिक्षकों और प्रबंध समिति की ओर से इन्हें हटा कर फिर से पुरानी रसोइयों को रख लिया गया है। उनका कहना है कि इसमें से एक रसोईया दूसरे गांव की भी निवासी है। सभी ने शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## सऊदी में बैठे पति ने पत्नी को दिया फोन पर तीन तलाक

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला रानीताल निवासी शायरून का विवाह मोहल्ला निवासी जुनैद अहमद से हुआ था। महिला का कहना है कि विवाह के कुछ समय बाद पति सऊदी अरब चला गया। लेकिन ससुराल के लोग दहेज में रुपए और अन्य सामान की मांग करते रहे। दहेज की मांग पूरी न होने पर सऊदी में बैठे पति ने फोन पर तीन तलाक दे दिया। इसके बाद तलाक के रिकॉर्डिंग भी उसके मोबाइल पर भेज दी। वहीं ससुराल के अन्य लोगों ने महिला की पिटाई की, इसके बाद घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर सऊदी में बैठे पति जुनैद अहमद सहरसा करून ननंद बानो और साहिन के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।




## कॉलेज में आयोजित हुआ बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

**जिस जगह हरा भरा वातावरण रहता है वहां लोग निरोग रहते हैं : रीति**

बहराइच समृद्धि न्यूज गायत्री विद्यापीठ इण्टर कॉलेज रिसिया में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि प्रबंधक कृष्ण लाल श्रीवास्तव रहे। प्रबंधक ने कॉलेज प्रांगण में तथा सड़क मार्ग के किनारे अध्यापकों, अभिभावकों, के साथ वृक्ष लगाया तथा इण्टर कॉलेज के सभी छात्रों ने भी एक एक पेड़ लगाया। कृष्ण लाल श्रीवास्तव ने कहा कि पेड़ शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध करता है और खतरनाक गैसों के निस्पंदन के द्वारा वायु प्रदूषण को घटाता है इसलिए जो वृक्ष लगाए गए है उनकी सेवा करके बड़ा करना भी है। अध्यापक सचिन प्रताप ने कहा एक पेड़ लगाने के बाद उसे बचाएं जो हवा को प्रदूषण से बचाएं, पक्षियों को घोंसला बनाने में मदद करें, अपनी पृथ्वी की रक्षा करें, हरियाली की रक्षा कर सकती है। प्रधानाचार्य रीति श्रीवास्तव ने कहा कि जिस जगह हरा भरा वातावरण रहता है वहां लोग निरोग रहते हैं तथा स्वस्थ मन से कार्य किये भी जाते है। तथा सभी आये अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अखंड प्रताप सिंह, सरिता मौर्या, ललिता मौर्या, संजय कश्यप एवं अभिभावक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी बैंक के कल्पीपारा जनसेवा केन्द्र का हुआ शुभारम्भ

**बैंक के सभापति ने सीएससी का किया उद्घाटन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिला सहकारी बैंक के सभापति डॉ जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बैंक के संचालक सुनील कुमार सिंह के साथ बहुउददेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. (बी पैक्स) कल्पीपारा बहराइच में जिला सहकारी बैंक के जनसेवा केन्द्र का उदघाटन किया तथा किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण भी किया। इस अवसर पर सभापति ने बैंक के अधिकारियों के साथ पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम के अन्त में बी पैक्स कल्पीपारा के सचिव राज कुमार सिंह द्वारा



अतिथियों के प्रति धन्यवाद एवं अभार ज्ञापित किया गया। सीएचसी के उद्घाटन अवसर पर अपर जिला सहकारी अधिकारी सदर अरविन्द सिंह, जिला सहकारी बैंक सलारपुर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक बद्रीश कुमार सिंह, बी पैक्स कल्पीपारा के अध्यक्ष हरीराम एवं समिति सेवा के सम्मानित किसान तथा संभ्रान्त एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने तहसील नानपारा का किया औचक निरीक्षण

**साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव इत्यादि का लिया जायजा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ तहसील नानपारा का भ्रमण कर तहसील भवन की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव इत्यादि का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। डीएम ने उप जिलाधिकारी अजीत परेस से वादों के निस्तारण के प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि लम्बे अवधि के वादों का अभियान चलाकर निस्तारण किया जाय। तहसील में प्राप्त होने वाली जनसमस्याओं व



आईजीआरएस के विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली जनसमस्याओं का समयबद्ध तरीके गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। जन समस्याओं का निस्तारण डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाये। जन समस्याओं के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाय। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि रोस्टर के अनुसार लेखपाल अपने-अपने ग्रामों में उपस्थित रहकर समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराये। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने अधिवक्ताओं से भेंटकर अधिवक्ताओं को अश्वस्त किया कि आपकी जायज समस्याओं का नियमानुसार समाधान कराया जायेगा। डीएम व एसपी ने मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान बॉर्डर एरिया डेवलेपमेंट प्लान के तहत बार्डर पर बनने वाले व्यावसायिक हब के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि व्यावसायिक हब के निर्माण से लोगों को अच्छी सुविधाएं मिलेगी। डीएम व एसपी ने बताया कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर सुरक्षित रखने के तहसील प्रशासन को निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि तहसील में आमजन, वादकारियों, अधिवक्ताओं के लिए नियमानुसार हर सम्भव सुविधाओं का प्रबन्ध कराया जायेगा। नानपारा नगर के पुराना तहसीलदार आवास पर पार्क अथवा कमर्शियल काम्प्लेक्स बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन से समन्वय कर बेहतर कार्ययोजना तैयार कराई जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पांडये, तहसीलदार प्रदुम्य कुमार पटेल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निरंकार प्रसाद जायसवाल, मंत्री प्रेम त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# डीजे की आवाज को लेकर युवक की पिटाई

**करंट लगाने का भी आरोप**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के प्यारेपुर गांव निवासी एक युवक ने गांव के एक परिवार पर कमरे में बंद कर डीजे की आवाज में पिटाई करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि दबंगों ने उसे बिजली के तार लगाकर टॉर्चर भी किया है। हालांकि पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।फखरपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव निवासी शाकिर अली पुत्र फकीर अली की गांव निवासी सलमान और उसकी पत्नी समेत अन्य ने पिटाई की है। शाकिर अली का कहना है कि सलमान ने उसे



दो दिन पूर्व अपने घर बुलाया। इसके बाद उसे कमरे में बंद कर दिया। फिर बाहर डीजे की तेज आवाज में शाकिर की सभी ने लाठी-डंडों से पिटाई की। जिससे कि शोर घर के बाहर न पहुंच सके।उसका कहना है कि पिटाई के बाद सलमान और उसकी पत्नी जुबरातिया और फातिमा पत्नी ताहिर ने पिटाई के साथ-साथ उसे बिजली के तार से करंट भी दिया जिस पर वह बेहोश हो गया और जब वह होश में आया तो अपने आप को अस्पताल में भर्ती पाया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में युवक का इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, लगाए जा रहे आरोप गलत है। अभी मामले की जांच चल रही है।

# तीन चरणों में होगा सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान

**डीएम के रडार पर रहेंगे लापरवाह व शिथिल स्वास्थ्य कार्यकर्ता, कार्रवाई के निर्देश**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में गर्भवती महिलाओं को आवश्यक खुराकों से आच्छादित कर पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित करने के उद्देश्य से जिले में 3 चरणों में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान चलाया जाएगा। मिशन के तहत 7 से 12 अगस्त तक प्रथम, 11 से 16 सितम्बर तक द्वितीय व 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक तृतीय चरण संचालित किया जायेगा। अभियान के तहत पांच वर्ष की आयु तक के टीकाकरण से वंचित बच्चों और लक्षित



गर्भवती महिलाओं को शामिल किया जाएगा।जनपद में 07 से 12 अगस्त तक संचालित होने वाले सघन मिशन इन्द्रधनुष के प्रथम चरण को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के लिए हेड काउण्ट सर्वे व विभागीय कार्यों के सम्पादन में रूचि न लेने वालीं 5-5 आशाओं का विवरण कार्यवाही की संस्तुति के साथ आगामी स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्तुत करेंगे। डीएम ने माइक्रो प्लान प्रस्तुत न करने वाले सीएचसी को सचेत किया कि माइक्रो प्लान प्रत्येक दशा में उपलब्ध करा दें।डीएम ने अभियान से जुड़े सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान से आच्छादित होने वाले बच्चों का एमसीपी कार्ड अनिवार्य रूप से निर्गत किया जाए,ताकि उच्चाधिकारियों के भ्रमण के दौरान टीकाकरण कार्य के सत्यापन में आसानी रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया गया कि टीकाकरण सत्रों के अवसर पर पुष्टाहार का वितरण कराया जाए। डीएम ने निर्देश दिया कि विगत अभियानों के दौरान जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, सम्बन्धित सीएचसी के प्रभारी अधिकारी एएनएम के साथ बैठक कर टीकाकरण की प्रगति में सुधार लाएं।

## 5 अगस्त को होने वाले पौधरोपण अभियान की समय से करें तैयारी पूर्ण

डीएम मोनिका रानी द्वारा वर्चुअल बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति हेतु अवशेष आवासों की तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए आख्या उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिये गये कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में आयोजित होने वाले 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान अन्तर्गत माइक्रोप्लान बनाकर 09 अगस्त को ग्राम, वार्ड के मुख्य मार्गो, सार्वजनिक स्थलों की समुचित साफ-सफाई, चूनाकारी इत्यादि के साथ कूड़ा का विधिवत निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाय। 15 अगस्त 2023 को होने वाले वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि पौधों की उठान समय से कर लिया जाय ताकि 15 अगस्त को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधरोपण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि 22 जुलाई को रोपित किये गये पौधों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाय।

# भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र वैज्ञानिक अधिकारी बन बढ़ाया जिले का मान

▸ क्षेत्रीय लोगो ने घर पहुंच माता-पिता को दी बधाई

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव**

बीघापुर तहसील क्षेत्र के कस्बा बारा निवासी बैसवारे के सूरज ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के परमाणु खनिज निदेशालय जयपुर में वैज्ञानिक अधिकारी सी के पद पर नियुक्ति पाकर जिले का नाम रोशन किया। बैसवारे के होनहार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों तथा माता-पिता को दिया है। सफलता की खबर सुनकर क्षेत्र के लोगों ने उनके आवास पर जाकर उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी।



कस्बा बारा निवासी शिक्षक विश्वनाथ सिंह के पुत्र सूरज प्रताप सिंह का भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के परमाणु खनिज निदेशालय जयपुर में वैज्ञानिक अधिकारी सी के पद पर नियुक्ति मिली है। पिता विश्वनाथ सिंह ने बताया कि एमएआरसी ट्रेनिंग स्कूल हैदराबाद से ट्रेनिंग के बाद सीधे जयपुर में परमाणु खनिज निदेशालय में नियुक्ति मिली।

सूरज प्रताप सिंह की प्राथमिक पढ़ाई जनकदुलारे विद्या मंदिर ओसियां उन्नाव व बीएससी लखनऊ यूनिवर्सिटी से पूरी की। परास्नातक की पढ़ाई आईआईटी खड़गपुर से भूगर्भ विज्ञान से की। गेट के परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने डॉक्टरेट की पढ़ाई आईआईटी से शुरू ही की थी तभी उनका चयन परमाणु खनिज निदेशालय जयपुर में हो गया। सूरज प्रताप सिंह की मां सोमवती ग्रहणी है। बड़ा भाई अंकुर प्रताप सिंह एलएलबी व बहन मधुरिमा बीएससी डीएलईएड है। गांव में रहने वाले बुजुर्ग बाबा सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण पाल सिंह पौत्र की सफलता पर बहुत खुश है। सूरज प्रताप सिंह की सफलता पर नगर पंचायत चेयरमैन सुशील कुमार बाकूस, सुधीर बाजपेई, ब्लाक प्रमुख पुष्पा पासवान, प्रकाश सिंह, प्रधान भोले सिंह, पवन पासवान, नागेश सिंह, अवधेश पांडेय, विनोद सिंह, दुर्गेश सिंह, प्रधान अमरेश दीक्षित, प्रधान बेचेलाल रावत ने बैसवारा का नाम रोशन करने पर सूरज के परिवारीजनों को शुभकामनाएं दी है।

## बकरी चोरों का आतंक, पुलिस गश्त पर लग रहे सवालिया निशान

**शुक्लागंज-उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीपरखेडा घर बाहर बरामदे में बंधी में चार बकरियों को बोलेरो में सवार होकर आए चोर ले भागे। जानकारी के अनुसार पीपरखेड़ा गरड़ियन वाला निवासी देवीदीन प्रसाद ने बताया कि बुधवार देररात लगभग 11 बजे बकरियों की चिल्लाने की आवाज आयी जिसपर उसने देखा कि कुछ चोर उसकी चार बकरियों को बोलेरो गाड़ी जिसका नंबर यूपी71बीए-0992 में भर रहे थे। उसके चिल्लाने पर चोर गाड़ी लेकर भागे जब उसने रोकने का प्रयास किया तो गाड़ी चालक ने उसके पैर के पंजे पर गाड़ी चढ़ते हुए भाग निकले। वही जब उसने मोटरसाइकिल से पीछा किया तथा त्रिभुवनखेडा के पास गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो चोर उसकी गाड़ी में टक्कर मारते हुए भाग गए जिससे वह घायल हो गया।

## बेखौफ चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना

▸ आखिर गुरुबक्शगंज क्षेत्र में कब तक ऐसी घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे चोर

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली**

**गुरुबक्शगंज,रायबरेली**

जिले की कानून व्यवस्था हुई ध्वस्त एक के बाद एक लगातार आपराधिक वारदातों को रोकने में नाकाम थानाध्यक्ष की कार्यशैली से जानता में फैला आक्रोश मामला गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत खगिया खेड़ा गांव का है जहां बेखौफ चोरों ने पुलिस के रात्रि गश्त की पोल खोलते काली बाजपेई बाबा मंदिर के घंटे चुरा ले गए जिससे लोगों में काफी आक्रोश है,क्षेत्र में एक सप्ताह से कुछ गांवों में चोरों की सक्रियता की खबरें भी आ रहीं थी ऐसे अपराध आम आदमी में न केवल असुरक्षा का भाव पैदा कर रहें हैं बल्कि थानेदार की पुलिसिंग पर सवाल भी खड़े कर रहें हैं ताजा मामला गुरुबॉक्शगंज थाना क्षेत्र के खागिया खेड़ा गांव का है,जहां गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में सक्रिय चोरों ने बुधवार की रात को मन्दिर के घंटे चुरा ले गए काली बाजपेई बाबा मंदिर के पुजारी दुर्गेश माली ने डायल 102 पर पुलिस को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शक के आधार पर काली बाजपेई बाबा मंदिर के चारो तरफ चोरी हुऐ घंटों की छानबीन की और उसके बाद घटना की पूरी जानकारी काली बाजपेई बाबा मंदिर के पुजारी दुर्गेश माली से लेकर जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की बात कही है,अब देखना यह होगा कि चोर पकड़े भी जायेंगे या चोरियां ऐसे ही लगातार चलती रहेंगी ये तो आने वाला समय तय करेगा।

## खबरें एक नजर में

### पूर्वदशम् छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया की तिथियां निर्धारित



**रायबरेली।** शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने हेतु 07 अगस्त 2023 से 08 सितम्बर 2023 तक की तिथि निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया हेतु 10 अगस्त 2023 से 10 अक्टूबर 2023 तथा विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने हेतु 14 अगस्त 2023 से 17 अक्टूबर 2023 तक तिथि निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 वैभव त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए जनपद के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्य से कहा है कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु छात्रों को अवगत कराये तथा अपने स्तर से भी समयान्तर्गत कार्यवाही पूर्ण करें, जिससे कोई भी पात्र छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न रहें।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**सरेनी(रायबरेली)।** गुरुवार को करंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया!परिजनों ने मृत युवक के शव का अंतिम संस्कार गेगासों घाट में कर दिया है!थाना क्षेत्र के सगरा मजरे तेजगांव के रहने वाले अभय मिश्रा उर्फ छोटू उम्र 25 वर्ष पुत्र महेंद्र मिश्रा घर में रखे इनवर्टर को ठीक कर रहे थे तभी करंट की चपेट में आ गए! परिजनों ने उसे करंट से मुक्त कराया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए,जहां के डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अमल पटेल ने बताया कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी!उधर परिजनों ने मृत युवक के शव का अंतिम संस्कार गेगासो घाट में कर दिया है।

### तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**रायबरेली।** शौच के लिए तालाब के किनारे गए बुजुर्ग का फिसला पैर तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौके पर हुई दर्दनाक मौत बुजुर्ग की मौत से परिवार में मचा कोहराम मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नया पुरवा मोहल्ले का है जहां चाट का ठेला लगाने वाले रामप्रसाद उम्र 65 वर्ष शौच के लिए घर के बगल में स्थित तालाब के किनारे गए हुए थे तभी अचानक बुजुर्ग का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए मोहल्ले वालों की मदद से बुजुर्ग को तालाब से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की ।

### दबंगों ने सैलून संचालक पर किया लाठी-डंडों से हमला

**लालगंज रायबरेली।** जिले की कानून व्यवस्था हुई ध्वस्त अपराधियों में नहीं रहा कानून का खौफ आधा दर्जन से अधिक दबंगों ने सैलून संचालक पर किया लाठी-डंडों से जानलेवा हमला दबंगों के हमले में दुकानदार गंभीर रूप से हुआ घायल मामला लालगंज थाना क्षेत्र के नरपतगंज चौकी के अंतर्गत गुरु गंज चौराहे चाहे जहां सैलून की दुकान चलाने वाले अंशू पर आधा दर्जन से अधिक बाइक सवार दबंगों ने हाकी व डंडो से हमला बोल दिया दबंगों की मार से दुकानदार अंशु बेहोश होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा इसके बाद दबंगों ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक से फरार हो गये पीड़ित दुकानदार ने दो हमलावरों को पहचान कर आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### विद्युत व्यवस्था को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने की बैठक



**विधायको ने गिनाई विभाग की शिकायते, अध्यक्ष ने जतायी नाराजगी**

**उन्नाव।** जनपद में विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विद्युत उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधि सम्पर्क अभियान के तहत जन प्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती शकुन सिंह की अध्यक्षता व जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विद्युत समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। विधायक भगवन्तनगर आशुतोष शुक्ला ने रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति न किए जाने एवं निर्धारित समय के अन्दर ट्रांसफॉर्मर न बदले जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे, तहसील स्तर पर 22 घण्टे तथा जिला स्तर पर 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति किए जाने के कड़े प्रावधान किए गए हैं। विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार ने बताया कि बढ़ा-चढ़ाकर विद्युत बिल बनाए जाने की वजह से आम जनता परेशान है।



### पेयजल स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण का हुआ शुभारंभ

**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज ब्लॉक परिसर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के द्वितीय चरण में छः गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। खंड विकास अधिकारी वर्षा एडीपीसी गुलजार अली ने हरी झंडी दिखाकर टीमों को गांव के लिए रवाना किया। एडीपीसी गुलजार अली ने बताया कि पेयजल स्वच्छता अभियान का द्वितीय चरण का आज शुभारंभ किया गया हमारी टीम गांव गांव जाकर शुद्ध जल पानी के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने का काम करेंगे और ग्रामीणों का जल जांच कर शुद्ध जल पीने के लिए प्रेरित करेंगे। गुलजार अली ने बताया कि दूषित पानी पीने से स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है इससे होने वाली बीमारियां शरीर पर काफी प्रभाव डालती है। इसलिए सभी ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे कि अपने यहां का जल चेक करा कर ही शुद्ध जल पिए। जिससे हम सभी बीमारियों से बच सकें। इस मौके पर एडीपीसी गुलजार अली, आदित्य पांडे, सद्दाम हुसैन, अफरोज आलम, मास्टर ट्रेनर रंजना, रूपाली दीक्षित, आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों की मार से पीड़ित पहुंचा अस्पताल, नहीं हुई कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज,महराजगंज रायबरेली**



दबंगों ने लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा कोतवाली क्षेत्र के पूरे माचाल मजरे सारीपुर गांव के राजेश कुमार को उसके सगे भाई और भतीजे ने जमकर मारा पीटा राजेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर इससे पहले भी दी थी कि 31 तारीख को मुझे और मेरी पत्नी को मारा पीटा लेकिन कोतवाली पुलिस की हीला हवाली और लाचार कार्य शैली के कारण दबंग के हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं कि एक बार फिर राजेश कुमार को जीवनलाल और संदीप बाजार के लिए साइकिल से निकले राजेश कुमार को रोककर जमकर मारा पीटा राजेश कुमार ने बताया कि इससे पहले 31 तारीख को भी मैंने कोतवाली पुलिस में लिखित तहरीर दी थी कि मुझे और मेरी पत्नी को मारा पीटा गया लेकिन पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न की गई वहीं अगर मौके पर पुलिस चेत जाती तो हो सकता है कि मेरे साथ इस तरह का दोबारा मामला ना होता राजेश कुमार ने बताया कि जीवनलाल और संदीप कुमार ने जमकर मारा पीटा है ।कोतवाली पुलिस को मेरी पत्नी सोना ने तहरीर दी है पुलिस ने घायल राजेश कुमार को महाराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां घायल राजेश कुमार का इलाज चल रहा है।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी ने नाबालिक पुत्री को उचगाँव चौराहे से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए 5 जुलाई को एक व्यक्ति के विरुद्ध थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है। पीड़ित नाबालिक बालिका के पिता की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी की धाराओं में बिहार थाना क्षेत्र के भगवन्तनगर निवासी शिवम कुमार पुत्र अवधेश कुमार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

## रोटरी क्लब के सेवा कार्यों में योगदान देने वाले सदस्यों का हुआ सम्मान

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली**

रोटरी क्लब, रायबरेली का आभार अभिव्यक्ति कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शहर के सिविल लाइंस स्थित रायबरेली क्लब सभागार में आभार अभिव्यक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एस. एल. चंदवानी, संजय सबरवाल, विमल तलरेजा और अरविंद श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के द्वारा वर्ष पर्यन्त किए गए सेवा कार्यों में विशेष सहयोग करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण अभियान और अधिष्ठापन कार्यक्रम के लिए जहां राकेश कक्कड़ का अभिनंदन किया




गया, वहीं कैरियर काउंसिल कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राजेश शर्मा को सम्मानित किया गया। कानूनी रूप से समाज को जागरूक करने के लिए बेहटा खुर्द में हुए भव्य कार्यक्रम और महिला स्वच्छता पर हुए कार्यक्रम के लिए राजीव भार्गव को सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिला सशक्तिकरण पर अटौरा में संपन्न हुए कार्यक्रम के लिए विवेक सिंह का सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सचिन मेहरोत्रा, उमेश सिकरिया, विकास दीक्षित, विजय सिंह, राकेश चंदानी, वी. एन. गुप्ता, ऋषि अग्रवाल, सुशांत टंडन का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव एवं सचिव संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए पूर्व अध्यक्ष अजय त्रिवेदी, पी. एस. सलूजा, डॉ. ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, अमित लुनिया, राजेश वर्मा, पवन गुप्ता, राकेश पांडेय, गोविंद खन्ना, संजय जीवनानी, रजनीश कपूर, गौरव सिंह, करुण कंसल, करनदीप मोंगा, विनोद मिश्रा, कपिल कपूर, प्रखर गुप्ता, अनिल श्रीवास्तव, सुरेश चौधरी, राघव मुरारका, डॉ. राकेश राजपूत, अमित अग्रवाल, अभिषेक गोयल, संदीप जैन का भी अभिनन्दन किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाएं स्वतंत्रता दिवसः डीएम



**समृद्धि न्यूज,रायबरेली**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने 15 अगस्त की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक बचत भवन में की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सभी सरकारी कार्यालयों में झंडारोहण किया जाएगा। साथ ही विभागों द्वारा अपने परिसरों में वृक्षारोपण भी कराया जाए। इसके अतिरिक्त सभी सरकारी भवनों और शहीद स्मारकों पर भी झंडारोहण किया जाए।

स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन मरीजों को फलाहार उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने ने अन्य विभागों को निर्देश दिया कि सभी सरकारी भवनों की साफ सफाई कराई जाए।

इन अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को भी बुलाया जाए और उन्हें सम्मानित किया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयो में साफ सफाई की व्यवस्था हो और समय से झंडारोहण किया जाए।

बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में बताया जाए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। पूरे जनपद में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि उस दिन सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिला अधिकारी (वि0/रा0) पूजा मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चौपाल लगाकर शक्ति दीदी ने महिलाओं को किया जागरूक

**नारी के जीवन को ना समझे बेकार असल में समाज का यही है आधार**

**समृद्धि न्यूज,महराजगंज रायबरेली**

मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु पूर्व में चलाए गए 15 दिवसीय सफल अभियान के उत्साहवर्धक परिणामों के दृष्टिगत प्रत्येक माह 15 दिवस हेतु चलाया जा रहा विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान। मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु पूर्व में चलाए गए 15 दिवसीय सफल अभियान के अंतर्गत परिणामों के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ के आदेश के क्रम में प्रत्येक माह 15 दिवस हेतु पुना विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है अब



महिलाओं व बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा। शक्ति दीदी नियमित अंतराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांव में उपस्थित होकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुरु दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। उनको शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 ,112,1076, 108,1098 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया है।

### अवैध मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



**शिवगढ़,रायबरेली।** अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत शिवगढ़ पुलिस ने गुमावा चौकी क्षेत्र से मुखबिर खास की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल पुलिस के मुताबिक मुखबिर खास की सूचना पर गुमावा चौकी क्षेत्र अंतर्गत जगत नारायण यादव की बाग के पास से एक अभियुक्त इंद्रेश तिवारी उर्फ प्रेम पुत्र अवधेश शरण निवासी अछई थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली को 5 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया वही गिरफ्तार करने वाली टीम में गुमावा चौकी प्रभारी भरत सिंह तोमर,मुख्य आरक्षी अंबुज वर्मा ,आरक्षी सोनदेव,शिवकुमार यादव मौजूद रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत समस्त पार्टियों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक का उद्देश्य मतदान केंद्रों और स्थलों के निर्धारण के संबंध में चर्चा करना था।

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम सभी का उद्देश्य है कि मतदान लोकतांत्रिक तरीके से हो और सभी मतदाता सुरक्षित तरीके से अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे भी अपने स्तर से लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक करे। जिन लोगों का मतदान कार्ड नहीं बना है वे अपना कार्ड बनवा ले। साथ ही जिनकी मृत्यु हो गयी है उनका नाम वोटर लिस्ट से कट जाए।

प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र ऐसे स्थानों पर बनाए जाएंगे जहां पर लोग आसानी से पहुंच सके। उन्होंने तहसीलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि जर्जर हो चुके भवनों को मतदान केंद्र ना बनाया जाए।

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा शिविर में बन्दियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि




आप सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए जिसके लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। समाज में आज भी अशिक्षा के कारण बहुत पिछड़ापन है जिसको दूर करने के लिए शिक्षा की अत्यधिक जरुरत है। सचिव द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकता है। जिस पर उसे निःशुल्क अधिवक्ता नामित कर दिया जाएगा। सचिव द्वारा बताया गया कि जेल में निरुद्ध बन्दियों को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक में सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकते है। जागरुकता शिविर में प्रभारी जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश, डिप्टी लीगल एड डिफेंन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव, उपकारापाल कुँवर वीरेन्द्र विक्रम सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक बृजपाल, व मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

### पंचायत सहायक संघ की ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव हुआ संपन्न



**शिवगढ़, रायबरेली।** पंचायत सहायक संघ की ब्लाक कार्यकारिणी का पंचायत सहायक संघ के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में ब्लाक सभागार शिवगढ़ में चुनाव प्रक्रिया हुई संपन्न जिसमें सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई गौरतलब हो कि बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज पंचायत सहायक/ अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ के जिला अध्यक्ष रायबरेली पुष्पेंद्र यादव के नेतृत्व में पंचायत सहायक संघ ब्लॉक शिवगढ़ की कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया ब्लाक सभागार शिवगढ़ में हुई संपन्न जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर रंजीत मौर्य, ब्लॉक उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता ,महामंत्री ललित तिवारी, कोषाध्यक्ष अलका एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर पूनम निर्वाचित हुई सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस मौके पर मौके पर शिवगढ़ ब्लॉक के पंचायत सहायक में सालिया बानो,सीमा,नीरज,विवेक सहित सभी पंचायत सहायक एवं जिला कार्यकारणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

G20
**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **29.08.2023 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | | 00892023 दिनांक 01.08.2023 |
| कार्य का नाम | 1. | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वित्य लखनऊ के अधीन संप वेल प्रेशर ग्राउटिंगए बैरिकेडिंग और पीसीसी कार्य द्वारा जोड़ों को सील करके मौजूदा सीमित ऊंचाई वाले सबसे (एलएचएस नंबर 220ए, 242ए, 259बी, 318ए, 276ए, 150 और 162) का विस्तार का कार्य। |
| | 2. | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन एसएसई–पी.वे–पीबीएच के अनुभाग में पीबीएच यार्ड में यार्ड के रीमॉडलिंग यानी ट्रैक को उठाने और अन्य संबद्ध कार्यो के बचे हुए कार्य। |
| अनुमानित लागत | | (1) Rs.93,46,628.98 (2) Rs.63,96,924.93 |
| धरोहर राशि | | (1) Rs.1,86,900.00 (2) Rs.1,27,900.00 |
| कार्य समापन की अवधि | | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 09 माह। |
| निविदा डालने का प्रारंभ | | 15.08.2023 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 29.08.2023 15:00 बजे |
| वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2386/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सेंधमारी से लाचारी

साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर नजर रखने के लिये बनी एक संसदीय समिति की रिपोर्ट के निष्कर्ष परेशान करने वाले हैं कि देश में पिछले तीन सालों में साइबर अपराध तीन गुना बढ़े हैं। साइबर अपराधों का शिकार बने लोगों की संख्या लाखों में जा पहुंची है। यह रिपोर्ट चौंकाती है कि देश में बीस लाख लोग साइबर ठगी का शिकार हुए। इन लोगों से करीब ढाई हजार करोड़ रुपया ठगा गया है। इसे ठगी कहने की बजाय लूट ही कहा जाना चाहिए। लोगों की खून-पसीने की कमाई का यूं सेकेंडों में पार हो जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी डिजिटल सुरक्षा की परत कितनी लचर है कि ठगे गये 100 रुपये में से सिर्फ आठ रुपये की ही वापसी हुई। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि अस्सी फीसदी से अधिक साइबर अपराध सिर्फ दस शहरों में हुए हैं। इसकी एक वजह यह भी कि गांवों व दूरदराज के इलाकों में साक्षरता दर में कमी और असुरक्षित डिजिटल प्रणाली के प्रति झिझक के चलते डिजिटली लेन-देन से परहेज किया जाता है। दरअसल, हमारे नीति-नियंताओं ने डिजिटल लेनदेन अपनाने की जरूरत तो बतायी है, लेकिन पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने को प्राथमिकता नहीं दी। कहीं न कहीं बैंकिंग व्यवस्था की कमजोर कड़ियों का भी साइबर ठग शातिर ढंग से दुरुपयोग करते हैं। कई तरह के लूप-हॉल्स के जरिये साइबर अपराधी लोगों के खातों तक पहुंच जाते हैं। दरअसल, दुनिया के कई देशों में भी साइबर हमलावरों को सरकारी प्रश्रय दिया जाता है। हालांकि, उनके लक्ष्य कूटनीतिक हमले होते हैं, लेकिन उनकी आर्थिक अपराधियों से सांठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है। कई अफ्रीकी देशों के साइबर अपराधी भारत आकर साइबर ठगी के धंधे में लिप्त पाये गये हैं। अनेक साइबर ठगी की घटनाओं में लूट की राशि का विदेशी खातों में हस्तांतरण बताता है कि देश में होने वाले साइबर अपराधों के तार विदेशों से भी जुड़े हैं। जिन तक पहुंच बना पाना पुलिस व साइबर अपराध नियंत्रण विभाग के लिये एक टेढ़ी खीर जैसा होता है। दरअसल, साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर रिपोर्ट देने वाली संसदीय समिति के कई तथ्य आंख खोलने वाले हैं। रिपोर्ट बताती है कि साइबर अपराध के मामलों में दो प्रतिशत से कम पीड़ित लोगों ने प्राथमिकी दर्ज करवाई। प्राथमिकी दर्ज होने की एक वजह जहां जागरूकता का अभाव है,वहीं लोगों में आम धारणा है कि गया पैसा मुश्किल से ही लौटता है, फिर पुलिस-कचहरी के चक्कर काटकर और मुसीबत क्यों मोल लें। आरोप लगते हैं कि व्यवस्था में व्याप्त लापरवाही व भ्रष्टाचार भी साइबर अपराधों को बढ़ावा देता है। खासकर लूट की राशि को जांच एजेंसियों की पकड़ से दूर रखने के लिये फर्जी बैंक खातों का दुरुपयोग भी इसका एक उदाहरण है। वहीं शातिर अपराधी व्यवस्थागत अनियमितताओं के चलते फर्जी आधार कार्ड व बैंक खाते हासिल करने में सफल हो जाते हैं। कई मामलों में साइबर ठगों ने जनधन खातों का उपयोग लूट की राशि को ठिकाने लगाने के लिये किया। कई रेहड़ी-फड़ी वालों व मजदूरों को प्रलोभन देकर खाते खुलवाये गये कि उनके खातों में सरकारी सुविधाओं का पैसा आयेगा। उनके खातों व एटीएम कार्डों का दुरुपयोग ये अपराधी करते रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि निजी बैंक इन खातों पर नजर क्यों नहीं रखते? उन्हें यह असामान्य क्यों नहीं लगता कि गरीब लोगों के खातों में ये लाखों रुपये कहां से और क्यों आ रहे हैं? क्यों दूसरे खाता संचालक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर नहीं रखी जाती? पैसे का असामान्य प्रवाह यदि बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों की नजर में पहले आ जाये तो साइबर अपराधियों को लूट का पैसा हथियाने से रोका जा सकता है। कोशिश हो कि बैंक खातों के आधार कार्ड से लिंक होने का गलत लाभ साइबर अपराधी न उठा सकें। निस्संदेह, देश में साइबर ठगी की इन घटनाओं से डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों को हासिल करने में बाधा उत्पन्न होगी। यदि सरकार साइबर सुरक्षा की गारंटी देगी और अपराधियों पर सख्ती से शिकंजा कसेगी तो लोगों का डिजिटल व्यवस्था पर विश्वास बढ़ेगा। इस दिशा में सख्त कानून की जरूरत भी महसूस की जा रही है।

# जब बाबर के खिलाफ हो गया था मेवात

देवकी नंदन मिश्र

**एक बार कि बात है जब बाबर ने महराणा सांगा के साथ खानवा का युद्ध किया था तब मेवात के नवाब थे हसन खान। मेवात का मतलब है मेव। मेव के बारे में कहा जाता है कि यह हैं तो मुस्लिम लेकिन मुस्लिमों से अलग हैं। जो हैं तो हिंदू, लेकिन हिंदुओं से भी अलग हैं। जिनका मजहब तो मुस्लिम है, लेकिन तौर-तरीके हिंदू। जो निकाह भी करते हैं और शादी भी। जो ईद भी मनाते हैं और होली-दिवाली भी। राजस्थान के अलवर की तिजारा तहसील, अलवर तहसील, लक्ष्मणगण तहसील और किशनगढ़ तहसील के अलावा भरतपुर की डीग, नागर और कामन तहसील मेवात का हिस्सा। हरियाणा में गुड़गांव का नूंह, फिरोजपुर का झिरका मेवात का इलाका। वहीं, उत्तर प्रदेश में आगरा की छाता तहसील भी मेवात का ही इलाका है। ये सब मिलाकर मेवात बनता है, जहां मेव रहते हैं। जो हैं मुस्लिम, लेकिन खुद को राम, कृष्ण और अर्जुन का वंशज मानते हैं। मेव मुसलमानो ने कभी सिर्फ मुस्लिम होकर नहीं सोचा। उन्होंने हमेशा न्याय का साथ दिया। मेव मुस्लिमों की जमीन मेवात के एक नवाब थे हसन खान मेवाती। 1527 में खानवा के युद्ध के दौरान बाबर चाहता था कि हसन खान महाराणा सांगा के खिलाफ बाबर का साथ दे, क्योंकि दोनों ही मुस्लिम थे। लेकिन हसन खान ने महाराणा सांगा का ही साथ दिया। इस जंग में जीत भले ही बाबर की हुई और उसने हसन खान को तड़पाकर मार डाला। इस जंग ने हिंदु-मुस्लिम एकता की जो मिसाल कायम की वो कुछ ऐसी बनी कि मेवात में मेव मुस्लिम मुस्लिमों के तमाम दूसरे फिरकों से बिल्कुल ही अलग नज़र आने लगे। वो अपना मजहब तो मुस्लिम बताते थे लेकिन अपनी जाति राजपूत बताने लगे, वो ईद की खुशियां भी मनाते, मुहर्रम का मातम भी और रामनवमी-कृष्ण जन्माष्टमी भी। शादी करते तो निकाह मौलवी पढ़वाता, लेकिन हिंदुओं के दूसरे रिवाज भी अपनाए जाते। 1920 के दशक तक तो ये सिलसिला यूं ही चलता रहा लेकिन इस दौरान दो अलग-अलग धर्मों के दो अलग-अलग आंदलनों ने इस ताने-बाने को बिखेर दिया।**

हर 19 दिसंबर को मेवात की महिलाएं गाती हैं कि 'भरोसा उठ गया मेवन का, गोली लगी है गांधी के छाती बीच'। लेकिन क्या आने वाले 19 दिसंबर को भी यही गीत वह गाएंगी एक बड़ा सवाल है। एक बात और क्या आप जानते है कि मेवात के इलाके में यह गीत प्रत्येक 19 दिसंबर को क्यों गाया जाता है। आज हम आपको आपको उस मेवात कि कहानी बताएँगे जिसकी चर्चा इस समय पुरे देश क्या दुनिया में भी हो रही है। वही जहा पर एक जुलुस को लेकर साम्प्रदायिक तनाव फ़ैल गाया कई लोगो कि जान चली गई। हिन्दू मुसलमान आमने सामने हो गए। इस हिंसा का मास्टर माइंड मोनू मानेसर को बताया जा रहा है। मोनू मानेसर नासिर-जुनैद हत्याकांड का वांटेड है। हरियाणा के भिवानी में लोहारू के बारवास गांव में एक बोलेरो के अंदर दो जले हुए मानव कंकाल मिले थे। जिसकी पहचान नासिर और जुनैद के रूप में हुई। मृतकों के परिजनों ने उनके अपहरण और हत्या करने का आरोप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लगाया था। जुनैद पर 5 मामले गो तस्करी को लेकर दर्ज थे। वहीं उसके साथी नासिर का कोई क्राइम रिकॉर्ड नहीं था।

गौरतलब है कि नासिर-जुनैद हत्याकांड के बाद से ही मोनू मानेसर चर्चा में आया था। कुछ दिनों पहले मानेसर ने सोशल मीडिया के जरिए मेवात इलाके में आने और एक महारैली में शामिल होने की बात कही थी जिसके बाद दंगा भड़का। मोनू मानेसर फरार चल रहा है। अब हम आपको बताते है उस मेवात का इतिहास जिसे लेकर महात्मा गाँधी ने एक बार आवाज उठायी थी। 19 दिसंबर 1947 में जब भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हो चुका था और नोआखली के दंगे शांत करवाने के बाद महात्मा गांधी मेवात के घसेरा गांव में पहुंचे थे। उन्होंने मेवात में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के मेव लोगों से अपील की कि वो पाकिस्तान न जाएं, क्योंकि उनकी सरजमीं भारत है और यही उनका अपना मुल्क है। मेव मुस्लिमों ने महात्मा गांधी की बात मान ली और वो पाकिस्तान नहीं गए. हिंदुस्तान में ही रह गए। क्योंकि वो यहां पर 12वीं सदी से ही रह रहे थे। एक बार कि बात है जब बाबर ने महराणा सांगा के साथ खानवा का युद्ध किया था तब मेवात के नवाब थे हसन खान। मेवात का मतलब है मेव। मेव के बारे में कहा जाता है कि यह हैं तो मुस्लिम लेकिन मुस्लिमों से अलग हैं। जो हैं तो हिंदू, लेकिन हिंदुओं से भी अलग हैं। जिनका मजहब तो मुस्लिम है, लेकिन तौर-तरीके हिंदू। जो निकाह भी करते हैं और शादी भी। जो ईद भी मनाते हैं और होली-दिवाली भी। राजस्थान के अलवर की तिजारा तहसील, अलवर तहसील, लक्ष्मणगण तहसील और किशनगढ़ तहसील के अलावा भरतपुर की डीग, नागर और कामन तहसील मेवात का हिस्सा। हरियाणा में गुड़गांव का नूंह, फिरोजपुर का झिरका मेवात का इलाका। वहीं, उत्तर प्रदेश में आगरा की छाता तहसील भी मेवात का ही इलाका है। ये सब मिलाकर मेवात बनता है, जहां मेव रहते हैं। जो हैं मुस्लिम, लेकिन खुद को राम, कृष्ण और अर्जुन का वंशज मानते हैं। मेव मुसलमानो ने कभी सिर्फ मुस्लिम होकर नहीं सोचा। उन्होंने हमेशा न्याय का साथ दिया। मेव मुस्लिमों की जमीन मेवात के एक नवाब थे हसन खान मेवाती। 1527 में खानवा के युद्ध के दौरान बाबर चाहता था कि हसन खान महाराणा सांगा के खिलाफ बाबर का साथ दे, क्योंकि दोनों ही मुस्लिम थे। लेकिन हसन खान ने महाराणा सांगा का ही साथ दिया। इस जंग में जीत भले ही बाबर की हुई और उसने हसन खान को तड़पाकर मार डाला। इस जंग ने हिंदु-मुस्लिम एकता की जो मिसाल कायम की वो कुछ ऐसी बनी कि मेवात में मेव मुस्लिम मुस्लिमों के तमाम दूसरे फिरकों से बिल्कुल ही अलग नज़र आने लगे। वो अपना मजहब तो मुस्लिम बताते थे लेकिन अपनी जाति राजपूत बताने लगे, वो ईद की खुशियां भी मनाते, मुहर्रम का मातम भी और रामनवमी-कृष्ण जन्माष्टमी भी। शादी करते तो निकाह मौलवी पढ़वाता, लेकिन हिंदुओं के दूसरे रिवाज भी अपनाए जाते। 1920 के दशक तक तो ये सिलसिला यूं ही चलता रहा लेकिन इस दौरान दो अलग-अलग धर्मों के दो अलग-अलग आंदोलनों ने इस ताने-बाने को बिखेर दिया। दरअसल उस वक्त क्षत्रिय सभा ने आगरा और मथुरा के आस-पास रहने वाले उन मुस्लिमों की घर वापसी के लिए आंदोलन शुरू किया जो मलकाना राजपूत थे और जिनके पूर्वजों ने 100-200 साल पहले ही इस्लाम कबूल किया था। अब क्षत्रिय सभा ने आंदोलन शुरू किया तो मुस्लिमों को इसकी फिक्र हुई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बड़े जमींदार घराने के वारिस मौलाना शाह इलियास ने तो अपनी सारी संपत्ति बेचकर मेवात में सौ मदरसे कायम किए ताकि घरवापसी कर चुके लोगों को फिर से इस्लामी तालीम दी जा सके। ये सभी वही मेयो मुस्लिम थे, जिनका मजहब इस्लाम था लेकिन उनके तौर-तरीके हिंदुओं जैसे थे। लिहाजा मौलाना शाह इलियास ने तबलीगी जमात शुरू की, जो लोगों के घर-घर जाती और उन्हें नमाज पढ़ने के लिए प्रेरित करती। इसके एवज में स्वामी दयानंद सरस्वती ने शुद्धि आन्दोलन शुरू किया और कहा कि जिस धार्मिक अधिकार से मुसलमानों को तब्लीग और तंजीम का हक है, उसी अधिकार से मुझे अपने बिछुड़े भाइयों को वापिस अपने घरों में लौटाने का हक है। स्वामी दयानंद सरस्वती मलकाना राजपूतों की घरवापसी कर उन्हें हिंदू बना रहे थे तो मौलाना शाह इलियास मेव मुस्लिमों को इस्लामा की दीनी तालीम देकर नमाज पढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे थे। इस बीच साल आया 1929 तब अलवर के महाराज जय सिंह की ताजपोशी की रजत जयंती थी। उन्होंने खुद को राज ऋषि और धर्म प्रभाकर घोषित कर रखा था तो उनकी रजत जयंती मनाने में इतना बड़ा कार्यक्रम हुआ कि पूरा खजाना ही खाली हो गया। नतीजा ये हुआ कि महाराज जय सिंह ने लगान चारगुना बढ़ा दिया। मेयो मुस्लिमों ने इसका विरोध किया और राजा के खिलाफ हुए इस विद्रोह में हिंसा हो गई।

इतनी हिंसा हुई कि सैकड़ों मेयो मुस्लिम मारे गए। ये विरोध या विद्रोह चारगुने लगान के खिलाफ था, लेकिन तब इसे सांप्रदायिक रंग दे दिया गया और इसे हिंदु राजा के खिलाफ मुस्लिमों की बगावत के तौर पर देखा गया। फिर तो कट्टर हिंदुओं ने हिंदुओं का साथ दिया और कट्टर मुस्लिमों ने मुस्लिमों का। खाई बढ़ती चली गई। तब तक हो गया भारत का विभाजन। और वो भी धर्म के नाम पर। तो हिंदू और मुस्लिम सीधे तौर पर दो पालों में बंट गए। मेयो चाहते थे कि वो भी पाकिस्तान चले जाएं लेकिन फिर महात्मा गांधी आ गए। भरोसा दिलाया कि हिंदुस्तान ही तुम्हारा मुल्क है। यही रहो। तो वो यहीं रह गए। इस बीच चंद दिनों के अंदर ही महात्मा गांधी की हत्या भी हो गई। अब भरोसा देने वाला भी कोई नहीं था और पाकिस्तान ले जाने वाला भी। तो वो यहीं के होकर रह गए। लेकिन न तो कभी मेयो में भरोसा जगा कि हिंदू उनके साथ हैं और न ही हिंदुओं में भरोसा जगा कि मेयो मुस्लिम उनके साथ हैं। नतीजा हर रोज खाई और चौड़ी होती गई। मेयो यहां रहे तो जानवर पालने लगे। थोड़ी बहुत खेती-बाड़ी करने लगे। लेकिन न तो भरोसा जीत पाए और न ही धन-संपत्ति अर्जित कर पाए। इस बीच साल 2005 में हरियाणा के गुड़गांव से अलग होकर मेवात को एक नया जिला बना दिया गया। साल 2016 में मेवात का नाम बदलकर उसे नूंह कर दिया गया। इसके करीब दो साल बाद साल 2018 में नीति आयोग की एक रिपोर्ट आई, जिसमें कहा गया कि देश का सबसे पिछड़ा जिला नूंह है, जहां करीब 79 फीसदी आबादी मुस्लिमों की है। और इनमें भी बहुसंख्यक आबादी मेव मुस्लिमों की की है। मुस्लिमों की स्थिति पर आई रंगनाथ मिश्रा की रिपोर्ट भी कहती है कि मेवात के मुस्लिम पूरे देश में सबसे ज्यादा पिछड़े हुए हैं। एक रिपोर्ट कहती है कि नूंह से सटे गुड़गांव या गुरुग्राम की पर कैपिटा इनकम 3 लाख 16 हजार 512 रुपये है जबकि नूंह की पर कैपिटा इनकम महज 27 हजार सात सौ इक्यानबे रुपये ही है। यही वो इलाका भी है, जो सांप्रदायिकता की प्रयोगशाला भी बना है। मेव मुस्लिम गाय को जानवरों में सबसे ऊंचा दर्जा देते हैं। बेटियों की शादी करते वक्त गाय दान करते हैं. गोवध पर प्रतिबंध लगाने की भी बात करते हैं। लेकिन यही वो इलाका है, जहां गोरक्षा के नाम पर पहलू खान, रकबर, वारिस से लेकर नासिर और जुनैद तक की हत्या हुई। गोतस्करी करने वालों ने और गो तस्करी से बचाने वालों ने इसे अपराध से ज्यादा सांप्रदायिक हिंसा का रूप दिया और मेवात फिर वहीं पहुंच गया, उतना ही घायल हो गया, उसकी आबोहवा में उतना ही जहर घुल गया, जितना आजादी के ठीक बाद हुआ था।

विचार

# मणिपुर पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

*आदित्य नारायण*

मणिपुर में तीन महीने से ज्यादा समय से हिंसा हो रही है, लेकिन अभी तक हालात काबू में नहीं आ रहे। मणिपुर में वीडियो वायरल होने से पहले ज्यादातर लोगों को जातीय और साम्प्रदायिक हिंसा की गम्भीरता का जायजा ही नहीं था, लेकिन स्त्रीदेह पर हिंसा से पूरा देश उबल पड़ा है। सैकड़ों लोगों के हजूम के बीच बिना कपड़ों के दो महिलाओं को पकड़ कर और उनके जिस्म से छेड़छाड़ बर्बरता ही है। मणिपुर के संघर्ष का सबसे बड़ा निशाना लड़कियां और महिलाएं ही होती हैं। लड़कियों का शरीर ही जंग का मैदान बनता है। अब दोनों महिलाएं अपने समुदाय का प्रतिनिधि बन चुकी हैं। भीड़ में अनेक लोग तमाशबीन भी होंगे। आज भले ही समाज यौन हिंसा के विरोध में खड़ा दिखाई देता है, लेकिन पुलिस प्रशासन और कानून पालक एजेंसियां यौन हिंसा करने वालों के साथ दिखाई देती हैं। अगर ऐसा न होता तो मणिपुर में दो महीने पहले हुई घटना के आरोपियों को पकड़ लिया जाता। सारी कार्रवाई वीडियो वायरल होने के बाद ही की गई। देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कह दिया है कि दो महीने में मणिपुर में सब कुछ ध्वस्त हो चुका है। संवैधानिक मशीनरी तबाह हो चुकी है। कोर्ट इस कद्र नाराज थी कि उसने अगली सुनवाई के दौरान मणिपुर के डीजीपी को मौजूद रहने का निर्देश भी दे डाला। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर से कुछ तीखे सवाल पूछे। मणिपुर की तरफसे पेश हुए महाअधिवक्ता ने बताया कि अब तक 6523 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 252 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए हाईकोर्ट के पूर्व जजों की कमेटी बनाने की बात कही जो नुक्सान मुआवजे, पीड़ितों के बयान दर्ज



करने की तारीखों आदि का ब्यौरा लेगी। कोर्ट ने अब तक की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा मांगा। मणिपुर में जातीय संघर्ष में महिलाओं के साथ यौन हिंसा की यह अकेली घटना नहीं है। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। नफरत की राजनीति की ऐसी मानसिकता देश के लिए घातक हो सकती है। मुजफ्फरनगर हो या गुजरात या फिर कठुआ, जब भी दंगे हुए हमलावर समूह दूसरे समूह की महिलाओं के साथ यौन हिंसा करता नजर आया। ऐसी हिंसा को केवल यौन हिंसा समझना भूल है। ऐसी यौन हिंसा समुदाय के खिलाफ है। समाज और संविधान के मूलभूत ढांचे के खिलाफ है। इस यौन हिंसा को कानूनी तौर पर अलग दृष्टि से देखना जरूरी है। राज्य और पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। इसके लिए तय वक्त में केस का निपटारा बहुत जरूरी है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो भविष्य में जातीय वर्चस्व स्थापित करने केघ् लिए हर कोई दूसरे समुदाय की महिलाओं के सम्मान से खेलने लगेंगे और महिलाओं का जीवन बदतर होता जाएगा। अगर वीडियो वायरल न हुआ होता तो लोग यौन हिंसा के आरोपों को मानते ही नहीं। मणिपुर में तीन महीने से किसी का कोई न कोई अपना मारा जा रहा है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। बूढ़े मां-बाप से उनके बुढ़ापे का सहारा छीना जा रहा है। गांव जलाए जा रहे हैं। एक गांव में मैतेई रहते हैं तो सामने वाले गांव में कुकी और नगा। बीच में खाइयां खोद दी गई हैं और लोग बंदूकें लेकर खड़े हैं। कुकी और मैतेई दोनों के बीच का द्वेष रोज गहराता नजर आ रहा है। यह लड़ाई आरक्षण की है, जमीन की है या संसाधनों की लड़ाई है। हर कोई अपने नजरिये से देख रहा है। यह द्वेष बहुत पुराना है और अब यह समय के साथ नासूर बन चुका है, जिसका दर्द पूरे मणिपुर को झेलना पड़ रहा है। इंसान और इंसानियत रोज मर रही है। हर कोई यही चाहता है कि घ्हिंसा करने वालों को जल्द दंडित किया जाए। कुछ वर्ष पहले की बात है 2007 में असम में भी इस तरह की घटना हुई थी जिसमें महिला के कपड़े फाड़कर उसे सड़क पर दौड़ने को कहा गया और उसकी तस्वीरें भी खींची गईं। उस महिला के कई इंटरव्यू लिए गए और उसकी तस्वीरें भी वायरल हुईं। मणिपुर में दो महिलाओं का वीडियो वायरल कर उनकी पहचान सबको बता देना और भी बुरा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर कड़ा ऐतराज जताया है। मणिपुर खेलों में बड़े-बड़े राज्यों से आगे है। मणिपुर ने देश को मैरीकॉम तथा डंको सिंह जैसे महान मुक्केबाज दिए हैं। चानू मीराबाई जैसी शानदार वेट लिफ्टर भी मणिपुर से है। मणिपुर ने देश को गौरव और आनंद के अनेक अवसर दिए। राज्य में लोगों को वो जख्म मिले हैं जिसके निशान मणिपुर के इतिहास को हमेशा कलंकित करेंगे। आम जनमानस का सवाल यही है कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन तमाशबीन क्यों बना रहा?

साहित्य

## बस तुम्ही तुम...



प्रजेन्दु

खामोशियां गहराती जा रही हैं
जख्मों पर धूल जमती जा रही है
सहरां में भी मेरी प्यास की सुगबुगाहट है
उफ्फ! जाने कैसी ये आहट है
कुछ अहसास पन्नों पर उतरकर लिफाफे में
बंद
होकर तुम तक पहुंचाना चाहते हैं
क्यूं कि अहसास ही मायने रखता है मेरे लिए
रिश्ता क्या है अपना! तुम तय कर दो....।

खुदा का दर्जा तुम्हे देता हूँ तो
तुम हौले से मुस्कुरा देते हो
तुम्हें ये मेरा पागलपन लगता है
पर मुझे सौ फीसदी सच लगता है
क्यूं कि तुम्हारी फिक्र, तुम्हारा जिक्र
अलहदा अहसास, बस तुम्हारा ही ख्याल
आखिर खुदा भी तो हर जगह ऐसे ही रहता है
एक अहसास बनकर तुम सा ही!

ये खूबसूरत सी दुनिया कितनी गुलाबी हो

## झरोखा



जाती है
जब आँखें मींचकर तुम्हे महसूस करता हूँ
रब न करे इन अहसासों को समेट के तुमसे
दूर न जाना पड़े,
बेशक मेरे शब्द मामूली से हैं पर
किसी खास के लिए होते हैं
मेरे अहसासों को बयां कर सके मुकम्मल
वो अल्फ़ाज़ किताबों में हैं ही कहाँ अभी?
शायद हों भी न कभी।

तुम बस तुम ही नहीं, एक भाव हो
सबसे गहरा प्रभाव हो, एक मधुर आवाज हो
जो मन के साज के साथ गुंजार कर संगीत
बन
जाता है।
..सुनो! गलती तुमसे होगी या मुझसे
अलग हुए न!
तो आँखें तुम्हारी भी रोयेंगी और मेरी भी
और ख्वाब बहेंगे उनसे तो दर्द
सहना दोनों को पड़ेगा...



## राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृष:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अत: व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्टा करें। आलस्य त्यागें।

**धनु:-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभ:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिए प्रयत्न तीव्र होगा।

# पुतिन और बगावत

रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने 20 घंटे के अन्दर-अन्दर बगावत को खत्म कर खुद को एक बार फिर विजेता साबित किया है। उससे स्पष्ट है कि रूस के शक्तिशाली नेता वे ही हैं। पुतिन ने प्राइवेट आर्मी वैगनर के खिलाफ दोहरी रणनीति का इस्तेमाल किया। एक तरफ उन्होंने वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रीगोझिन और उनके लड़ाकों के खिलाफ बगावत के आपराधिक मामले दर्ज किए और बागियों को गद्दार करार देते हुए उन्हें सख्त सजा देने का ऐलान किया। दूसरी तरफ बेलारूस के राष्ट्रपति की मध्यस्थता में वैगनर चीफ से बातचीत की गई। पुतिन की रणनीति के आगे वैगनर का बगावती प्लान विफल हो गया। मास्को की तरफबढ़ रहे येवगेनी के लड़ाके वापिस लौट गए। वैगनर चीफ को माफ करके राष्ट्रपति पुतिन ने उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले वापिस ले लिए।

यही नहीं पुतिन ने उनके ग्रुप को सुरक्षा का भरोसा भी दिया। समझौते के तहत येवगेनी अब बेलारूस में जाकर रहेंगे। इस तरह रूस में नाटकीय और अफरातफरी भरे दिन का अंत हो गया। वैगनर समूह भाड़े के लड़ाकों की एक निजी सेना है जो पैसों के बदले में लड़ती है। वैगनर समूह के लड़ाके रूस की नियमित सेना के साथ मिलकर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ रहे थे। ऐसी रिपोर्टें हैं कि वैगनर ग्रुप और रूस में युद्ध के संचालन को लेकर मतभेद थे। वैगनर ग्रुप की ही तरह पश्चिमी देशों में भी प्राइवेट आर्मी का इस्तेमाल करने का प्रचलन है। हाल ही के महीनों में येवगेनी प्रीगोझिन ने कई बार रक्षामंत्री पर वैगनर लड़ाकों को जानबूझकर कम हथियार



सप्लाई करने का आरोप लगाया। रूसी रक्षामंत्री वैगनर चीफ पर जून के अंत तक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के घ्लिए दबाव डाल रहे थे, जिसे येवगेनी ने उनके ग्रुप पर सरकारी नियंत्रण कायम करने की कोशिश माना। येवगेनी ने यह भी आरोप लगाया था कि उसके कुछ लड़ाकों की यूक्रेन में हमला करके हत्या कर दी। येवगेनी प्रीगोझिन को पुतिन का खासमखास समझा जाता था। अपराधों में सजा भुगत चुके प्रीगोझिन पुतिन के काफी करीब थे और रूसी सेना को भोजन उपलब्ध कराने के लिए कैटरिंग का ठेका भी उन्हीं के पास था। वह पुतिन के शैफ के रूप में लोकप्रिय थे और कहा जाता था कि जो पुतिन चाहते थे वहीं प्रीगोझिन उन्हें परोस देते थे। वैगनर ग्रुप को अपराधियों का ऐसा गिरोह माना जाता है जो पुतिन की ढाल बनकर खड़ा हो जाता था। प्रीगोझिन जेलों का दौरा करता था और कैदियों को अपने लड़ाकों के तौर पर भर्ती करता था। उसके द्वारा पुतिन के खिलाफ विद्रोह आश्चर्यजनक तो है ही।

अब सवाल यह उठता है कि क्या इस विद्रोह से रूस की सत्ता में मौजूद दो शक्तिशाली लॉबियों की दरार सामने आई है। सेंट पीटर्सबर्ग लॉबी का नेतृत्व पुतिन कर रहे हैं। जबकि मास्को लॉबी का नेतृत्व रूस के रक्षामंत्री सर्गेई शोइगो कर रहे हैं। सवाल यह भी है कि क्या पुतिन और रक्षामंत्री में मतभेद हैं। हालांकि पश्चिम का मीडिया पुतिन के खिलाफ धुआंधार प्रचार में जुटा हुआ है। पश्चिमी मीडिया का सारा जोर पुतिन को कमजोर बनाने, भयंकर बीमारी से ग्रस्त होने और सत्ता पर पकड़ ढीली होने का शोर मचाने पर लगा हुआ है लेकिन सच तो यह है कि पुतिन ने कुछ घंटों में बगावत को विफल कर अपनी छवि को बरकरार रखा है। यह सही है कि येवगेनी की बगावत ने वह कर दिखाया जो रूस-यूक्रेन युद्ध में पश्चिमी देश नहीं कर पाए। पुतिन इस समय हर किसी के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। उनके करीबी उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानते हैं जिसका अगला कदम क्या होगा, कोई नहीं जानता। विदेश मसलों पर पुतिन क्या सोचते हैं और कोई नीति बनाते समय उनके दिमाग में क्या चलता है, कोई नहीं जानता।

यूक्रेन से जंग शुरू होने के बाद अमेरिका से लेकर यूरोप तक चिंताएं दो गुणी हो गई लेकिन पुतिन जंग के बीच ही अपना जन्मदिन मनाते दिखे। लोग पहले से उन्हें ऐसे राजनेता के तौर पर देखते हैं जो किसी से न तो डरता है और न ही झुकता है। वह आक्रामक भी है और चतुराई उनकी नीतियों में दिखाई देती है। केजीबी के जासूस रहे पुतिन ने अपने फौलादी इरादों से खुद को अपराजय बनाया हुआ है। वे 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तीसन के प्रशासन में बतौर डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ शामिल हुए थे। 1999 में वह रूस के प्रधानमंत्री बने। उसके बाद उन्होंने आज तक पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने रूसी संविधान में संशोधन करा लगातर तीन बार रूस का राष्ट्रपति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। आज वह ऐसे राजनेता बन गए हैं जिनके बिना अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# निर्वाचन में हुए व्ययों की होगी जांच

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 में अध्यक्ष, सदस्य नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत जनपद खीरी के समस्त प्रत्याशियों को एडीएम संजय कुमार सिंह ने सूचित करते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन में किये गये व्ययों से सम्बन्धित व्यय लेखा तथा जमानत धनराशि वापसी हेतु प्रार्थना पत्र मतगणना की तिथि से 03 माह के अन्दर जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरीय निकाय) द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी के समक्ष जमा किये जायेंगे।

- नगरीय निकाय चुनाव के प्रत्याशी लेखा, जमानत धनराशि वापसी के लिए करें आवेदन : एडीएम
- व्यय लेखा विवरण जमा करें उम्मीदवार

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) खीरी महेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील स्तर पर व्यय लेखा जमा कराये जाने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है, जो सम्बन्धित नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत में उपस्थित रहकर 13 अगस्त तक प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन में किये गये व्ययों की जाँच कर व्यय लेखा विवरण जमा करेंगे। सम्बन्धित नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अध्यक्ष/ सदस्य पद के प्रत्याशी अपनी निकाय के अधिशाषी अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर 13 अगस्त को अपरान्ह 05 बजे तक निर्वाचन में किये गये व्ययों का विवरण (यथा व्यय लेखा रजिस्टर, बिल/वाउचर, रसीद एवं शपथ पत्र आदि) नामित कर्मचारी के समक्ष अनिवार्य रूप से जमा कर प्राप्त रसीद प्राप्त कर लें। राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि तक निर्वाचन में किये गये व्ययों का लेखा एवं जमानत धनराशि वापसी हेतु प्रार्थना पत्र जमा न करने वाले समस्त प्रत्याशियों की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

## वरिष्ठ सहायक के निधन पर हुई शोक सभा



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को तहसील धौरहरा के वरिष्ठ सहायक सतीश वर्मा की आसामयिक मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पूरे राजस्व परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। कलेक्ट्रेट में शोकसभा हुई, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों ने 02 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

शोकसभा में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सतीश वर्मा, वरिष्ठ सहायक, तहसील धौरहरा की आकस्मिक मृत्यु पर हम सब कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारीगण काफी दुखी है तथा उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है ईश्वर उनकी आत्मा को एवं शोक संतृप्त परिवार को इस आपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में उपजिलाधिकारी विधेश, राजीव निगम, प्रशासनिक अधिकारी खुशहाल सिंह, सुधीर सोनी, मो. सलीम, विवेक सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कर्मी शामिल हुए।

## उप जिलाधिकारी ने गौशाला और प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी डाँ0अवनीश कुमार और तहसीलदार संतोष कुमार शुक्ला ने मियांपुर गौशाला और प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों को दिए उचित दिशा निर्देश, और कंपोस्ट किट बनवाने के लिए निर्देशित किया, गौशाला में जानवरों के लिए हरा चारा ,पानी की व्यवस्था उचित मिली ,वही विद्यालय के अध्यापकों और बच्चों सहित बच्चों के बैठने की व्यवस्था भी देखी,उन्होंने बताया विद्यालय में साफ सफाई के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं भी उत्तम दिखी, तथा विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाऐ पूरे मनोयोग के साथ बच्चों को शिक्षण कार्य कराने मे लगी, विद्यालय के अध्यापक और अध्यापकों ने उप जिलाधिकारी और तहसीलदार के साथ खिंचाई ग्रुप फोटो, गौरतलब है मियापुर जनपद के स्कूलों में सबसे बेहतरीन विद्यालय में से एक माना जाता है जिसका फोटो लखनऊ मे भी लग चुका है, इस विद्यालय को विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने गोद ले रखा है।



## खबरें एक नजर में

### डाक्टर की सलाह से करें आई ड्रॉप का प्रयोग : डॉ. मयंक

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी तेजी के साथ आई फ्लू फैलता हुआ नजर आ रहा है, सरकारी और अर्ध सरकारी अस्पतालों में आई फ्लू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है ,इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि यह सीजनल आई फ्लू है जो 5 से 6 दिन के बाद ठीक हो जाता है ,इसमे धवराने की जरूरत नही है,इसमें घरेलू चीजो का इस्तेमाल करें, जैसे शहद और दूध आंख पर लगाएं, बर्फ की सिकाई करें ,आंखों को रगड़ना बंद करें ,लगातार हाथों को धोते रहे, और अपने तोलिया का इस्तेमाल स्वयं करें ,उन्होंने बताया अस्पताल में आई फ्लू के मरीज आ रहे हैं जिनको आई ड्राफ्ट दिया जा रहा है ,वहीं उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति या बच्चे को दिखने में कोई दिक्कत आरही है तो विना डाक्टर की सलाह के दवा न ले।

### अवैध खनन को लेकर चला अभियान, 3 डम्फर पकड़े

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** शासन की तमाम सख्ती के बाद भी अवैध रूप से बालू खनन के मामले सामने आ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन अब अभियान चलाकर खनन के इस खेल पर अंकुश लगाने में जुट गया है। बुधवार की रात एसडीएम अतुल कुमार व सीओ रामसिंह ने कस्बा नदीगांव में मुख्य मार्ग पर चौकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बालू से भरे 3 डम्फर अधिकारियों ने पकड़ कर नदीगांव थाने में खड़े करा दिये हैं। डंफर नं. यूपी 79 एटी 2227, यूपी 84 एटी 0711 व यूपी 79 एटी 2727 के चालक मौके पर बालू ले जाने से संबंधित प्रपत्र अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके। एसडीएम ने उक्त मामले की सूचना खनिज विभाग को भी दे दी है जिसके बाद कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अधिकारियों की इस कार्यवाही से अवैध खनन के खेल में लगे लोगों में हड़कंप की स्थिति देखी जा सकती है।

### मारपीट करने पर पुलिस ने की शांतिभंग की कार्यवाही

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफशांति भंग की कार्यवाही कर दी है। नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अखनीबा निवासी कल्लू उर्फनरेंद्र पुत्र विरखे दोहरे ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह घर के बाहर ताश खेल रहा था तभी गांव का ही नीरज पुत्र चतुरसिंह दोहरे मौके पर आया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। उसने गाली देने से मना किया तो नीरज ने मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग गया। वहीं पुलिस ने नीरज को गिफ्तार कर उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

### दिवंगत रमेश तिवारी को दी श्रद्धांजलि

**कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पत्रकार, रंगकर्मी व रामलीला मर्मज्ञ रमेश तिवारी का गत रोज असमय निधन हो जाने पर अलग अलग शोकसभायें आयोजित कर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार की देर शाम करीब 6.30 बजे केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा सुभाष नगर स्थित उनके आवास पर पहुंचे और दिवंगत रमेश तिवारी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। केंद्रीय राज्यमंत्री ने उनके भाई कृष्णकांत, हरिश्चंद्र व राघवेन्द्र सहित दु:खी परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान भाजपा नेता कैलाश मिश्रा, अनिल अग्रवाल, डॉ एसएस ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं नवलकिशोर रामलीला समिति बजरिया द्वारा एक शोकसभा प्रमोद नगरिया के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गयी जिसमें उपस्थित धर्मादा समिति अध्यक्ष सोहन बाजपेयी, चन्दन यादव, हरिमोहन तिवारी, महिजाचरण बाजपेयी, अशोक नगरिया, सभासद नरेश कुशवाहा, पवन स्वर्णकार, साकेत शांडिल्य, साकेत मिश्रा, मुनू दुबे, मनीष शुक्ला (पिंकेश), लला बाजपेयी, दीपक श्रीवास्तव, राजा पांचाल, अमरेन्द्र दुबे, राजेन्द्र दुबे, हर्षित दुबे, प्रदीप बाजपेयी आदि ने स्व रमेश तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। नीमा समिति ने भी शोकसभा कर दिवंगत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. सुशील तिवारी, डॉ. आलोक निरंजन, डॉ उपेन्द्र आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

## जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन संपन्न



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड नकहा में आज जन चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि तेजतर्रार एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा रहे, उन्होंने जन चौपाल में आए हुऐ संभ्रांत लोगो से वार्ता की।वही इस मौके पर दर्जनों ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र की जनता जिसमें महिला, पुरुष सभी शामिल रहें इस मौके पर क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव व चौकी प्रभारी नकहा अजीत कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ कार्यवाहक के रुप में मौजूद रहे।

आए हुऐ सभी संभ्रांत लोगो के सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था कराई गई वही क्षेत्र की जनता ने चौकी प्रभारी नकहा अजीत कुमार सिंह की जमकर सराहना की।

## मिशन वात्सल्य कार्यशाला व कवच योजना के तहत चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

03 अगस्त 2023 को श्री कार्तिकेय सिंह, उपजिलाधिकारी पलिया के अध्यक्षता में वात्सल्य योजना के तहत खंड विकास पलिया के सभागार में ब्लॉक पलिया के समस्त ग्राम प्रधानो और सम्मानित व्यक्तियों को जागरूक किया गया जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री संजय निगम, खंड विकास अधिकारी संगीता यादव, सीएचसी पलिया से डॉक्टर अजीत सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी गंगा सागर यादव, एस एस बी असिस्टेंट कमांडेंट श्री विजेंद्र कुमार, यूनिसेफ श्री अनिल द्विवेदी, श्री सत्या, ए0एच0टी0यू0 से प्रभारी निरीक्षक श्री जैनेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार मय ए0एच0टी0यू0, पलिया, संपूर्णानगर, भीरा, मझगई थाने के बाल कल्याण अधिकारी उपनिरीक्षक जय नारायण यादव, महिला आरक्षी प्रगति यादव, उपनिरीक्षक आदित्य यादव, महिला कांस्टेबल नाहिद, उपनिरीक्षक परितोष पांडे, महिला कांस्टेबल आंशू, उपनिरीक्षक महफूज अली, महिला कांस्टेबल कोमल त्यागी और चाइल्ड लाइन संतोष राजवंशी खीरी, पलिया से समन्वयक लवकुश राजपूत, इंद्र कुमार अवस्थी, एमट्रस्ट श्री हरीश कुमार और कवच योजना के तहत थाना संपूर्णानगर के मिर्चिया गांव में एएचटीयू टीम व चाइल्ड लाइन और संपूर्णानगर थाना से उपनिरीक्षक श्री राधेश्याम द्विवेदी, आरक्षी सुनील कुमार, मनीष कुमार, राहुल कुमार, महिला आरक्षी शीला, निर्देश की संयुक्त टीम ने ग्राम सभा के सम्मानित व्यक्तियों के साथ मानव तस्करी, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बालविवाह के विषय मे चर्चा की गई एव जागरूक किया गया।

## मोदी आर्मी प्रदेशाध्यक्ष पांच को लौटेंगे बांदा, संभालेंगे कामकाज

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाध्यक्ष ऊषा साहू भाजपा नेता विवेक मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की जिम्मेदारी संभालेंगे। मोदी आर्मी जिलाध्यक्ष और सैकड़ों भाजपा, मोदी आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे समीक्षा बैठक 2024 की तैयारी का भी लेंगे जायजा लेंगे। यह जानकारी पीएम मोदी अगेन के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह राजावत ने दी। उन्होंने बताया कि मोदी आर्मी प्रदेश अध्यक्ष इस समय जालौन जिले के दौरे पर हैं जो मोदी आर्मी कार्यकर्ताओं के साथ 2024 के चुनाव को देखते हुए मीटिंग कर रहे हैं।

## युवक मंगल दलों को खेलकिट का किया वितरण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वावधान में जनपद के युवक, महिला मंगल दलों को वर्ष 2022-23 के चयनित दलों को प्रोत्साहन सामग्री (खेलकिट) का वितरण रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन उरई में किया गया जिसमें जनपद के 9 विकास खण्डों से चयनित दलों ने प्रतिभाग कर किट प्राप्त की उक्त अवसर पर अतिथि के रूप गौरीशंकर वर्मा विधायक सदर उरई, मूलचन्द्र निरंजन विधायक माधौगढ़, केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार के प्रतिनिधि प्रो. रविकान्त द्विवेदी उपस्थिति रहे।

किट वितरण समारोह में आये महिला व युवक मंगल दल अध्यक्षों को संबोधित करते हुये सदर विधायक ने कहा कि मानव का विकास एक खेल को अंगीकार करके सार्थक जीवन जीना चाहिए सभी प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से ग्राम मई विकास खण्ड रामपुरा के हर्ष बहादुर सिंह को राज्य स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता गौतम बुद्धनगर में 70 किलोग्राम कुश्ती में गोल्ड मैडल प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करने पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर सुभाष चन्द्र त्रिपाठी जिला विकास अधिकारी ने दलों को आर्शीवाद प्रदान करते हुये जनपद का नाम रोशन करने की अपील की। अन्त में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी रवीन्द्र कुमार पटैरिया ने आये हुये सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारी गणों एवं युवक मंगल दल के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुये भविष्य में सहयोग की अपील की। उक्त समारोह का संचालन अवनीन्द्र कुमार ओझा प्रबंधक राज्य युवा व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र एवं मैराज अहमद खान ने किया एवं अशोक कुमार शर्मा एवं अर्चना प्रजापति, प्रकाश सिंह कुशवाहा, पंकज शिवहरे एवं विशाल कुशवाहा समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी उपस्थित रहें।

## दलित युवक से मारपीट का आरोपी पकड़ा गया

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** दलित युवक के साथ गाली, गलौज व मारपीट किए जाने के मामले में वांछित चली रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी दलित सुनील कुमार के साथ गांव के ही संजय कुमार ने 31 जुलाई को रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोककर न सिर्फजातिसूचक गालियां दी थीं। बल्कि मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दे डाली थी। पीड़ित युवक ने उक्त मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही थी। एसएसआई आनंद सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त आरोपी कहीं बाहर भागने की फिराक में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## करतलापुर के प्रधान प्रतिनिधि अतुल ने बांटे मनरेगा मजदूरों को अंग वस्त्र

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को ग्राम पंचायत करतलापुर में मनरेगा योजना में जल रोक बांध निर्माण में जुटे महिला व पुरुष मजदूरों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अतुल कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार, समाजसेवी विनय तिवारी कार्यस्थल पर पहुंचे जहां पर उन्होंने महिला मजदूरों को एक-एक साड़ी व पुरुष मजदूरों को एक-एक तौलिया भेंट कर उनका हालचाल जाना।

मनरेगा मजदूरों को अचानक मिले तोहफे से उनके चेहरों पर मुस्कान आ गयी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अतुल कुमार का कहना था कि उन्होंने तो महज अपने कर्तव्यों का पालन किया है। वैसे भी हमारे लिये तो समूचे गांव के लोग एक समान है। लेकिन मनरेगा मजदूर जिस लगन के साथ अपने कार्य को कर रहे हैं उसको देखते हुये उनके मन में यह विचार आया था कि क्यों न मनरेगा मजदूरों का इस तरह से सम्मान किया जाये जो यादगार रहे। उन्होंने मनरेगा मजदूरों से कहा कि उनके लिये कार्य की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। समय-समय पर गांव के मनरेगा मजदूरों को इसी तरह से कार्ययोजना बनाकर मजदूरी के अवसर गांव में मुहैया कराने का प्रयास करते रहेंगे।



## हज यात्रियों का दावते इस्लामी इंडिया ने किया भव्य स्वागत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



नगर में हज करके आए युवा हाजी के साथ ही अन्य हाजियों का स्वागत दावते इस्लामी इंडिया ने किया।

नगर में दावते इस्लामी इंडिया गरीब नवाज रिलीफफाउंडेशन के बुंदेलखंड निगरां सैय्यद आमिर हुसैन अत्तारी और उनकी टीम द्वारा नगर से जो लोग हज करने गए थे। उनकी वापसी पर इस्लामी रीति रिवाज के साथ स्वागत कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर के सबसे युवा हाजी बनकर लौटे नानू हसन पुत्र शाकिर हसन वारिसी का स्वागत फूल मालाएं पहनाकर किया गया। इस दौरान सैयद आमिर हुसैन ने कहा कि जवानी में हज करके आना काफी उम्दा है। जवानी में हज करके अपना बाकी जीवन अल्लाह के बताए हुए और अच्छाई के रास्ते पर चलकर बिताना सबसे बेहतर है। बुढ़ापे में हज करने का भी सबाव है लेकिन जवान का हज करना और भी बेहतर है। नानू हसन ने बिल्कुल सही उम्र पर हज किया है। उनके हज करने से नगर व क्षेत्र में अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वह भी सही उम्र में ही हज करने को प्रेरित होंगे। हज करके लौटे नानू हसन को सभी ने बधाई दी और अल्लाह के बताए नेक रास्ते पर चलकर दीन और देश को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर जफर, जुनैद, निजाम, इमरान, आरिफ, वसीउल्लाह, रशीद, साबिर, रेहान अत्तारी, अरशद बरकाती आदि मौजूद रहे।

## डोर फाउंडेशन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

डोर फाउंडेशन भ्रष्टाचार संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश राय व मंडल अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी के सामूहिक नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियो द्वारा वृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित द्वारा जिलाधिकारी को 7 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी न्यायिक अतुल आनन्द को सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मंडल अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने बताया पुरुषो के संरक्षण के लिए पुरुष कल्याण मंत्रालय व पुरुष आयोग का गठन करे। वर्तमान समय में पुरुष प्रताड़ना के बहुत से उदाहरण भी मिल चुके है जन मानस की दृष्टिकोण से आयोग व कल्याण मंत्रालय के गठन से ही उत्पीड़न रोकना व निर्दोष पुरुषो को न्याय मिलना संभव हो पाएगा।

## पूर्व सांसद जनार्दन मिश्रा को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




भाजपा अवध क्षेत्र पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद जनार्दन प्रसाद मिश्र के निधन पर भाजपा जिला कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर जिले के दिग्गज नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय जनार्दन मिश्र कुशल राजनेता थे तथा उनका पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए वह एक अभिभावक की भांति थे तथा हमेशा वह संगठन की चिंता किया करते थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक में शुचिता, इमानदारी व नैतिकता की मिसाल पूर्व सांसद ने जिले में कायम की है उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने इस अवसर पर कहा कि जनार्दन मिश्र जैसे नेता का अचानक हम लोगों के बीच से चले जाना पार्टी के लिए वज्रपात के समान है। पूरा जीवन उन्होंने सादगी से जिया तथा उनसे हमेशा हम लोगों को प्रेरणा मिलती थी। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने स्वर्गीय जनार्दन मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के वह मसीहा थे। संजय मिश्रा ने स्वर्गीय जनार्दन मिश्र को राजनीति का संत बताते हुए कहा कि पार्टी की स्थापना के समय से सीतापुर में संगठन को स्थापित करने मे उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सीतापुर नगर पालिका चेयरमैन नेहा अवस्थी ने पूर्व सांसद जनार्दन मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अपना मार्गदर्शक व अभिभावक बताया तथा कहा कि हमेशा ऐसे मनीषी व्यक्ति से हम लोगों को प्रेरणा मिलती है। नेहा अवस्थी ने कहा कि पार्टी के प्रति उनके समर्पण व सेवा भाव ने एक मिसाल कायम की है तथा उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने पूर्व सांसद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह हमेशा हम लोगों के आदर्श रहेंगे। जनसेवा को ही उन्होंने जीवन का लक्ष्य बनाया तथा अंतिम सांस तक वह कार्यकर्ताओं की चिंता किया करते रहे। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों की आंखें नम थी। उपस्थित अनेक लोगों ने पूर्व सांसद जनार्दन मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए उनके संस्मरण याद किए। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, रमेश भार्गव दीपू, नीरज वर्मा झझ्झर,जया सिंह, अजय विश्वकर्मा, विष्णु मौर्या, शैलेश महेंद्र, बबीता गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संदीप अवस्थी, श्रवण शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा भोला, सभासद प्रदीप गुप्ता, प्रखर जायसवाल, भंवर सिंह,उपेंद्र शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव,र ाम बक्स रावत, अमन विक्रम सिंह, राज बहादुर सिंह, झंकार नाथ शुक्ला, राजेंद्र यादव,विवेक श्रीवास्तव, मृदुल मिश्रा व उत्तम पांडे आदि ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूर्व सांसद जनार्दन मिश्र को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# ग्राम प्रधान दवा खाकर सर्वजन दवा सेवन अभियान का करें शुभारंभ

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हरगांव विकास खंड कार्यालय के सभागार में फाइलेरिया जागरूकता को लेकर गुरुवार को ग्राम प्रधानों, किसानों, कोटेदारों एवं आमजन की बैठक आयोजित की गई। बैठक पीसीआई संस्था के तत्वावधान में सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से आयोजित हुई । इस मौके पर आगामी दस अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान (आईडीए राउंड) के बारे में चर्चा की गई।

इस मौके पर एडीओ पंचायत वीरसेन सिंह ने कहा कि आगामी 10 से 28 अगस्त के मध्य सर्वजन दवा सेवन अभियान (आईडीए) चलाया जाएगा । इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगी। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपील की कि वह अपने गांव में इस अभियान का शुभारंभ स्वयं दवा खाकर करें। इसके बाद अपने परिवारीजन, आस-पास के लोगों व गांव के अन्य बाशिंदों को दवा खाने के लिए प्रेरित करें। दवा खाली पेट नहीं खानी है। दवा खाने के बाद किसी-किसी को जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आना, सिर दर्द, खुजली की शिकायत हो सकती है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरते हैं। ऐसी प्रतिक्रिया कुछ देर में स्वतः ठीक हो जाती है।

पीसीआई की सोशल मोबिलाइलेजशन समन्वयक शिल्पी सिंह ने कहा कि आप सभी लोग स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के सामने फाइलेरिया से बचाव की दवा खाएं, साथ ही में परिवार के सदस्यों और आस-पास के लोगों को भी यह दवा खाने के लिए प्रेरित करें क्योंकि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है और इससे बचने का एकमात्र उपाय समय पर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करना है जिससे कि समय रहते फाइलेरिया के परजीवी पर नियंत्रण पाया जा सके। फाइलेरियारोधी दवा का सेवन एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। इस मौके पर सीफार प्रतिनिधि ने बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न गांवों में फाइलेरिया रोगियों एवं ग्रामीणों के साथ फाइलेरिया जागरूकता को लेकर काम किया जा रहा है। गांवों में फाइलेरिया रोगी सहायता समूहों का गठन कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही फाइलेरिया ग्रसित अंगों की देखभाल के बारे में भी समय-समय पर प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा जानकारी दी जाती है। इस मौके पर यूनिसेफ के ब्लॉक समन्वयक संदीप ने मिशन इंद्रधनुष के बारे में जानकारी दी।

### फाइलेरिया रोगी ने सुनाई अपनी कहानी

इस मौके पर फाइलेरिया रोगी नेटवर्क के सदस्य और बरियाडीह गांव के कुंदन ने सभी से फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करने की अपील करते हुए कहा कि उन लोगों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन नहीं किया जिसके कारण वह इस बीमारी के साथ जी रहे हैं। आप लोग ऐसी गलती न करें। जब घर बैठे फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जा रही है तो इसका सेवन जरूर करें और फाइलेरिया जैसी लाइलाज बीमारी से बचें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को पता ही नहीं होता है कि वह फाइलेरिया से पीड़ित है और अनजाने में वह दूसरों को संक्रमित करता है। इसलिए आप सब फाइलेरियारोधी दवा का सेवन जरूर करें।

## इमरजेंसी स्टाफ द्वारा कमीशन पर इंजेक्शन लगाने का मामला प्रकाश में आया

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रात में इमरजेंसी में तैनात स्टॉफद्वारा मरीजों को कमीशन पर इंजेक्शन लगवाए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी मिलने पर सीएचसी अधीक्षक मामले की जांच कर रहे हैं। उक्त संदर्भ में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। वह जांच कर रहे हैं। यदि प्रकरण सही पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि कु. नीलम वर्मा पुत्री काशीराम वर्मा ग्राम नरायनपुर ग्रन्ट पोस्ट लमती तहसील मनकापुर जिला गोंडा अनुक्रमांक 2276752 वर्ष 2009-2010 का हाई स्कूल का अंक प्रमाण सह प्रमाण वास्तव में खो गया है।

**नीलम वर्मा पुत्री काशीराम वर्मा ग्राम नरायनपुर ग्रन्ट पोस्ट लमती तहसील मनकापुर जिला गोंडा।**

# पचास लाख से अधिक निर्माण कार्यों की सीडीओ ने की समीक्षा

- कस्तूरबा विद्यालयों को निर्माण संवेदनशीलता के साथ करें-मुख्य विकास अधिकारी



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**मुख्य** विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जनपद में कराये जा रहें निर्माण कार्यो/मरम्मत कार्यो में प्रगति की स्थिति, अपूर्ण निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाना, पूर्ण कार्यो/भवनों को कार्यदायी संस्थाओं द्वारा संबंधित विभाग को हैंडओवर किया जाना, निर्माणाधीन कार्यों में लागत के सापेक्ष बजट की उपलब्धता आदि से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालयों को निर्माण संवेदनशीलता के साथ किया जाये। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह विद्यालय शिक्षा के मंदिर है। उन्होंने बताया कि 50 लाख से अधिक लागत की पूर्ण/अपूर्ण परियोजनाओं की भी समीक्षा सम्बंधित कार्यदायी संस्थाओं के साथ की गयी। निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान 10 वीं वाहिनी पीएसी में 200 व्यक्तियों की क्षमता के बैरक का निर्माण कार्य, आईटीआई बनीकोडर, आईटीआई सिरौलीगौसपुर, विकास खण्ड पूरेडलई के ग्राम खेतासराय(पंसारा) में राजकीय इण्टर कालेज का निर्माण, विकास खण्ड मसौली के ग्राम भयारा में राजकीय इण्टर बालिका इण्टर कालेज का निर्माण, अग्निशमन केन्द्र रामनगर के आवासीय/अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य, रामनगर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का कार्य, सिरौलीगौसपुर में सरयू, घाघरा नदी दायें तट पर स्थित अलीनगर-रानीमऊ बांध के बाढ़ सुरक्षा कार्य की परियोजना, विकास खण्ड दरियाबाद में आवासीयध्अनावसीय भवनों का निर्माण, विभिन्न ब्लॉको में कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में हॉस्टल एवं एकेडमिक ब्लाक का निर्माण कार्य , रामसनेहीघाट में मवई-सुबेहा मार्ग पर गोमती नदी पर सिल्हौर घाट पर सेतु का निर्माण आदि में प्रगति, गुणवत्ता एवं सम्बंधित विभागों को हैण्डओवर किये जाने आदि से सम्बंधित बिन्दुओं पर कार्यदायी संस्थाओं से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था निर्माण कार्यो में तेजी लाये, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। मुख्य विकास अधिकारी ने उपर्युक्त सहित अन्य बिंदुओं पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए उसके क्रियान्वयन पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, जिला सूचना अधिकारी सहित सी0एन0डी0एस0, यू0पी0 सिडको, पुलिस आवास निगम, राजकीय निर्माण निगम सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहें।

# जिला अस्पताल के एक्सरे टेक्नीशियन पर मरीजों से दुर्व्यवहार का आरोप

**भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने शिकायत भेजकर की तबादले की मांग**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला अस्पताल के एक्सरे टेक्निशियन विजय कुमार चर्चा में आ गए। उन पर गम्भीर आरोप भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने लगाया है। टेक्निशियन विजय के विरुद्ध चिकित्सा अधीक्षक बाराबंकी को शिकायती पत्र अपने लेटर पैड पर देते हुए बताया है विजय कुमार द्वारा आम जनमानस से अभद्रता की जाती है और उनसे भ्रष्टाचार के रूप में अवैध वसूली की जाती है जिस कारण सरकार की छवि खराब करने व सरकार की साख को धूमिल करने के साथ ही पूरे जनपद में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को बदनाम करने का काम एक टेक्नीशियन विजय वर्मा द्वारा किया जा रहा है

**प्रकरण की जांच एडिशनल डायरेक्टर द्वारा की जा रही है टेक्नीशियन उनको बयान देने भी गए हैं एडी साहब इसकी जांच कर रहे हैं मेरे हस्तक्षेप का इसमें कोई मतलब नहीं है मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है।**

**बृजेश कुमार**
**चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल पुरुष बाराबंकी**

**जिला चिकित्सालय में तैनात एक्सरे टेक्नीशियन मरीजों को भगा देते हैं 15-15 मिनट पर बाहर टहलते हैं जिसकी शिकायत अधीक्षक से की गई है शायद तबादला होने की जानकारी मिल रही है, पता करके बताते हैं कार्रवाई नहीं होती तो आगे भी शिकायत की जाएगी**

**प्रमोद तिवारी**
**जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी**

जिस के संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने जांच कराने के साथ गैर जनपद में तबादले की मांग भी कर डाली है बाराबंकी जनपद में अपनी ही सरकार में सरकारी कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के रूप में आड़े हाथों लेना वह भी स्वास्थ्य विभाग जैसे महकमें में कई सवाल खड़े कर रहा है तो क्या जिला अस्पताल में बिना वसूली के कोई काम नहीं हो रहा है भाजपा जिला उपाध्यक्ष के आरोपों को सच माना जाए तो जिला अस्पताल में डॉक्टर भगवान का रूप है या फिर वसूली करने वाले एजेंट चाहे वह एक्सरे टेक्निशियन ही क्यों ना हो।

# गैर जनपद में तैनात सरकारी डॉक्टर धड़ल्ले से कर रहे प्राइवेट प्रैक्टिस

**फतेहपुर। समृद्धि न्यूज**




सूबे की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए लगातार सख्त कदम उठा रही है, सरकार ने सरकारी अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर पूरी तरीके से पाबंदी लगा रखी है, इसके बावजूद कुछ डॉक्टर अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं, फतेहपुर में गैर जनपद में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ धड़ल्ले से बच्चों को देखते हैं, और तो और बिना रजिस्ट्रेशन के एक अस्पताल का संचालन भी कर रहे हैं। फतेहपुर के तांबेश्वर चौराहे में दुर्गा प्रसाद पांडे क्लीनिक के नाम से एक फर्जी अस्पताल का संचालन किया जा रहा है, बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे इस अस्पताल का संचालन गैर जनपद में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पीके पांडे कर रहे हैं, सूत्रों की माने तो डॉक्टर साहब बांदा जनपद की किसी अस्पताल में चिकित्साधीक्षक के पद पर तैनात हैं और फतेहपुर में अपना खुद का एक अस्पताल चलाते हैं, जहां बाकायदा ?200 फीस लेकर बच्चों का इलाज किया जाता है उसमें जो बच्चे ज्यादा बीमार या गंभीर होते हैं उन्हें उसी क्लीनिक में भर्ती कर बाकायदा ट्रीटमेंट भी देते हैं, तामेश्वर चौराहे के इस अस्पताल के बारे में जो हमने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की तो उन्होंने साफ तौर पर ऐसे किसी अस्पताल के रजिस्ट्रेशन से इनकार किया, साथ ही उन्होंने बताया कि नियम के मुताबिक कोई भी सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकता क्ष, उन्होंने पूरे मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

## भू माफिया ने वक़्फ़ संपत्ति पर अवैध निर्माण को रोकने पर कमेटी के सेक्रेटरी को जान से मारने की दिया धमकी

**बाराबंकी।** शहर में वक़्फ़ संपत्ति पर अवैध निर्माण को रोकने पर कमेटी के सेक्रेटरी सरवर अली को जान से मारने की भू माफिया द्वारा दी गई धमकी पर यूपी शिया वक़्फ़ बोर्ड ने डीएम एसपी को पत्र भेजकर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी / अपर सर्वे आयुक्त वक़्फ़,अध्यक्ष वक़्फ़ टास्क फोर्स,और पुलिस अधीक्षक सह अध्यक्ष वक़्फ़ टास्क फोर्स को लिखे पत्र में कहा गया है कि वक्फ नवाब अमजद अली खान एवं उसकी सम्पत्ति कार्यालय बोर्ड के अभिलेखो में पंजीकृत है सरवर अली रिजवी, सचिव, वक्फ उपरोक्त,निवासी डी0बी-716, असद नगर, दाहरा बाग बाराबंकी ने कार्यालय बोर्ड की ई-मेल पर लिखित रूप में शिकायत की है कि भारत सरकार के बनाये वक्फ एक्ट का मज़ाक उड़ाकर, मुख्यमन्त्री की जीरो टॉलरेन्स नीति की खिल्ली उड़ाई जा रही है।

# पूर्व मंत्री ने लिया घायल सपा नेता का हाल

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने गुरुवार को जिला अस्पताल पहुंचकर सपा नेता पर हुए प्राणघातक हमले की जानकारी ली और सरकार से दोषियों के अभिलंब गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञांत हो कि मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के हैरिंगटीनगंज क्षेत्र के पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश चौरसिया व उनके सहयोगी पर घर जाते समय अज्ञांत हमलावरों ने प्राणघातक हमला कर दिया? था।इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई है।इस हमले के दौरान उनके साथ राजेश कुमार भी थे जिनके दोनों हांथ टूट गए और गले में भी चोट आई है।पूर्व मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि यह बहुत ही गंभीर और खतरनाक घटना।इससे लगता है कि भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले किस तरीके से बुलंद है।इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और आम जनता भयभीत है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से तत्काल हमलावरों की गिरफ्तारी करने की मांग करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है।यदि शीघ्र ही हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो पार्टी विरोध प्रदर्शन करेगी।

## खबरें एक नजर में

### घाघरा नदी में डूबे व्यक्ति का शव हुआ बरामद

**रामनगर बाराबंकी।** घाघरा नदी में डूबे हुये व्यक्ति का शव बरामद हो गया है।शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया है।मृतक की आत्महत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली नगर के अन्तर्गत सोमैया नगर चौकी के बहादुरपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र रक्षाराम 25 वर्ष बुधवार की शाम थाना रामनगर के अंतर्गत सरयू पुल के नीचे बह रही सरयू नदी के किनारे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर गहरे पानी में चला गया था परिणाम स्वरूप डूब जाने के कारण उसकी मौत हो गई थी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई उसका शव गुरुवार को बरामद हो गया जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।सूचना पाकर मौके पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए थे लेकिन आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ नदी के किनारे स्थित शराब की दुकान पर पहुंचा था जहां तीनों ने मिलकर शराब पी थी इसके बाद वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर मजरे रारा में गुरूवार की शाम खेत में काम कर रही 53 वर्षीय महिला को सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मदनपुर मजरे रारा गांव निवासी रामसेवक की पत्नी फूलमती आज शाम खेतों में काम कर रही थी। इसी दौरान उसे सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्कालउपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मटियारा के समीप बुधवार की देर रात सड़क हादसे में 60 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पूरे मातादी गांव निवासी स्व. शिवराम का पुत्र सूरज बुधवार की देर शाम पैदल जा रहा था। जब वह मटियारा गांव के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### करंट से तीन किशोर झुलसे

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के बजहाकुटी गाँव स्थित एक इंटर कालेज के मैदान में बच्चे खेल रहे थे। जहां बारिश के चलते बिजली का करंट जमीन में दौड़ रहा था। जिसमे तीन किशोर करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर अवस्था में बच्चों को परिजनों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बजहाकुटी गांव निवासी दिलशाद का 10 वर्षीय पुत्र ईशान, ऐसाद का 10 वर्षीय पुत्र रेहान व खागा कोतवाली क्षेत्र खेमकरन गाँव निवासी जमील का 12 वर्षीय पुत्र सैफुल गाँव के समीप स्थित शिव बोधन सिंह इंटर कालेज के मैदान में खेल रहे थे। तभी बिजली के करंट की चपेट में आकर तीनो किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी उनके परिजनों को हुई तो तुरंत घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सरकारी एम्बुलेन्स के पहुंचने से पहले बच्चों को उनके परिजन प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एम्बुलेन्स से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के कस्बे में एक किशोरी ने माता-पिता के झगड़े से तंग आकर घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। गंभीर हालत में सरकारी एंबुलेंस से किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी रमेश की 15 वर्षीय पुत्री शिवानी ने रोज़-रोज़ के माता पिता के झगड़े से तंग आकर घर के अंदर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी किशोरी के परिजनों को हुई तो तुरंत उसको सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर किशोरी को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

### अज्ञात महिला को कराया भर्ती

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के तपनी गांव में लगभग 30 वर्षीय अज्ञात महिला के पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दिया। पुलिस ने महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तपनी गाँव में एक अज्ञात 30 वर्षीय महिला के पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई तहसीलदार तिवारी व महिला कांसटेबल हिरोशमा शुक्ला व यशस्वी शर्मा महिला को साथ लेकर मेडिकल और इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। समाचार लिखे जाने तक महिला के नाम व पते की जानकारी नहीं हो सकी।

# अवैध रूप से भंडारित की गई छह लाख 80 हजार की दवाएं सीज



**बाराबंकी।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध औषधि क्रय विक्रय भंडारण पर कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से भंडारण की गई 6 लाख 80 हजार की एलोपैथिक दवाएं सीज की गई। अभिसूचना के आधार पर गुरुवार को जीसी श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त (औषधि) अयोध्या मण्डल अयोध्या के निर्देशन में सीमा सिंह औषधि निरीक्षक, कमलेश कुमार मिश्रा, औषधि निरीक्षक, अमेठी एवं पुलिस बल थाना कोतवाली नगर की संयुक्त टीम ने पटेल महिला महाविद्यालय ,पटेल नगर ,दशहराबाग़ में स्थित मकान संख्या 2809 के परिसर में किराएदार के रूप में रहने वाले करण गुप्ता पुत्र माता फेर निवासी ग्राम अमसेरवा सिद्धौर बाराबंकी द्वारा अवैध रूप से बिना लाइसेंस अवैध गोडाउन बनाकर भंडारित की गई लगभग 6,80,000 रुपए मूल्य की एलोपैथिक औषधियाँ सीज की गई जिनमें मुख्यतः सेफिक्सिम टैबलेट लैक्टोबैसिलस के साथ एमोक्सिसिलिन और क्लैवुलेनिक एसिड लेक्टोबेसिलस के साथ, रेबिप्राजोल सोडियम और डोमेपेरिडोन कैप्सूल, एसेक्लोफेनाक पेरासिटामोल और सेरेटियोपेप्टिडेज़ टैबलेट, न्यूरोबियन टैबलेट, सेट्रिज़िन टैबलेट तथा नारकॉटिक्स श्रेणी की औषधि अल्प्राजोलम 0.5 मि.ग्रा तथा नारकॉटिक्स श्रेणी की औषधि सम्मिलित है । उपरोक्त औषधियों के कई ब्रांड सीज किए गए जिनके नकली होने की प्रबल संभावना के दृष्टिगत कार्यवाही के समय कुल 17 औषधियों के नमूने जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहीत किए गए। परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात दोषी व्यक्ति के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की सुसंगत धाराओं में न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा।

# दस अगस्त को चलेगा कृमि मुक्ति का अभियान, मापअप राउंड 17 को

- माह अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर के विभिन्न सत्रों पर चलेगा सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान
- जिलाधिकारी ने प्रस्तावित टीकाकरण सत्रों पर बच्चों का टीकाकरण पूर्ण कराने की की अपील

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




**मुख्य** चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश यादव ने मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान बताया कि सघन मिशन इन्द्र धनुष-5 अभियान 5-10 वर्ष के बच्चों को टी0वी0, काली खांसी, गलाघोंटू, पीलिया, डायरिया, निमोनिया, खसरा, रूबेला, टिटनेस जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाने के माह अगस्त में 07 से 12 अगस्त तक, सितंबर में 11 से 16 सितम्बर तक तथा अक्टूबर में 09 से 14 अक्टूबर तक सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि आशा द्वारा घर-घर भ्रमण सर्वे के दौरान कुल 93656 बच्चे एक वर्ष से छोटे 89409 बच्चे 1-2 वर्ष के और 283486 बच्चे 2-5 वर्ष के पाये गये है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों में से कुल 24335 बच्चे टीकाकरण के लिए आगामी अभियान में लाभार्थी है। इन बच्चों के टीकाकरण के लिए कुल 2118 सत्रों का आयोजन किया जायेगा जिसके लिए माइक्रो प्लान बना लिया गया है। उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए आई0एम0ए0, रोटरी, धार्मिक नेताओं, प्रधानो व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का अभिमुखीकरण कर उनसे अभियान में सहयोग देने की अपील की। सीएमओ ने बताया कि सरकार दिसंबर 2023 तक भारत से खसरा के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत 10 अगस्त को 19 वर्ष तक सभी बच्चों को कृमि की दवाएं दी जाएंगी। यह दवाएं स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को दी जाएंगी, जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें मापअप राउंड में 17 अगस्त को अभियान चलाकर दवाएं खिलाई जाएंगी। जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने जनता से अपील करते है किया है कि अपने नजदीकी टीकाकरण सत्र पर अपने बच्चों को लाकर उनका टीकाकरण पूर्ण कराये।

मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0डी0के0श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0आफताब, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 राजीव, यूनिसेफ प्रतिनिधि नितिन खन्ना, डब्लू एच ओ प्रतिनिधि डॉ0 उपान्त सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# घर जा रही महिला को अगवा कर किया गया गैंगरेप

- पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक अभियुक्त हुआ घायल

**गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**



**उत्तर** प्रदेश के गोरखपुर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां रेलवे स्टेशन से ऑटो द्वारा अपने घर जा रही एक महिला को पांच युवकों ने अगवा कर गैंग रेप किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश के दौरान हुई मुठभेड़ में एक अभियुक्त घायल हो गया है।

गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ स्थित अमरूतानी में एक महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि महिला सुबह 3-30 से 4-00 बजे के बीच में स्टेशन से ऑटो द्वारा अपने घर जा रही थी। इस दौरान पांच युवकों ने ऑटो रोका और महिला को जबरन अगवा कर पास ही स्थित अमरूद के बाग में ले गए। जहां पांचों ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और महिला के बेहोश होने पर उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को घटनास्थल से अचेत अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त और उसके साथियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी। इस दौरान अभियुक्त की तरफ से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में मुख्य अभियुक्त घायल हो गया। जिसे मेडिकल कॉलेज लाया गया है। 4 अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। सूत्रों से पता चला है कि आरोपियों ने गैंगरेप का वीडियो बनाने के साथ सेल्फी भी ली है।

जानकारी के मुताबिक गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ स्थित एक गांव की रहने वाली महिला सहजनवा स्टेशन से सुबह 4-00 बजे के आसपास ऑटो द्वारा अपने घर के लिए चली, बताया जा रहा है कि नौसढ़ पहुंचते ही बाइक से आए 5 युवकों ने आटो रोककर महिला को जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया और पास ही स्थित अमरूद के बाग में ले जाकर पांचों ने उसके साथ दुष्कर्म किया इस दौरान महिला बेहोश हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची राजघाट पुल थाना पुलिस ने महिला को तुरंत अस्पताल भेजा। महिला के होश में आने पर पुलिस द्वारा पूछताछ में जो जानकारी मिली है उसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एससपी गौरव ग्रोवर का कहना है कि तहरीर के आधार पर तफ्तीश की जा रही है। दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद गैंगस्टर के तहत भी इन सभी अभियुक्तों पर कार्रवाई की जाएगी, गिरफ्तार हुए मुख्य अभियुक्त प्रदुमन का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

**अयोध्या।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्ग दर्शन में गुरुवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।इस दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में कुल 112 किशोर संवासित मिले जिसमें अयोध्या जिले से 32, अम्बेडकरनगर से 27,बाराबंकी से 26,सुल्तानपुर से 15 और अमेठी से 12 किशोर संवासित थे जिसमें से 05 किशोर तारीख पेशी पर गये थे।इस बीच सचिव द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में संस्था के शौचालय की दीवारें काफी गन्दी पायी गयी तथा साफ व सफाई की व्यवस्था काफी खराब पायी गयी।प्रभारी अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कूड़े आदि की समस्या का निवारण और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।सचिव द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में सभी किशोरों के कमरें के पंखे एवं कूलर आदि ठीक कराये जाने हेतु प्रभारी अधीक्षक को निर्देशित किया गया।साथ ही दिन प्रतिदिन संस्था में किशोर के सर्वांगीण विकास हेतु चलाये जा रहे गतिविधियाँ कार्यक्रम (योगा, ध्यान,खेल,प्रतियोगिता,पेंटिंग व नाटक आदि) पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।शिविर के दौरान संस्था के खान-पान का जायजा लिया गया।इस दौरान सहायक अधीक्षक को संस्था के लिए रसोईया की व्यवस्था अपनी देख-रेख में कराये जाने का निर्देश दिया गया।सचिव श्री यादव द्वारा बताया गया कि शिविर का उद्देश्य विधि के विरोध में अपचारी किशोरों को मैत्रीपूर्ण सेवाऐं एंव उनके संरक्षण के लिये विधिक सेवाओं से संबन्धित जानकारी प्रदान करना है,जिससे उनमें अपने अधिकारों के विषय में जानकारी प्राप्त हो।

# छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**अपर** पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस ने नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

वादी विनीत गुप्ता पुत्र मिथलेश गुप्ता निवासी ग्राम लछवाई थाना जसवंतनगर इटावा द्वारा थाना सैफई पर 2 व्यक्तियो द्वारा छेडखानी करने एवं विरोध करने पर उसके भाई को जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे लिखित तहरीर दी गयी। अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे थाना सैफई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर आरोपी पुष्पेन्द्र यादव पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी बहादुरपुर हैवरा थाना सैफई, राजू बाथम पुत्र लाल सिंह बाथम निवासी बहादुरपुर थाना सैफई इटावा हाल पता भारतीय स्टेट बैंक के पास हैवरा थाना सैफई को सैफई ग्राम जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। बयानों के आधार पर शैलेन्द्र पुत्र गिरीशचन्द्र शाक्य, विवेक शाक्य पुत्र उमेशचन्द्र निवासी गण लछवाई थाना सैफई जनपद का नाम प्रकाश में आया है जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। इस सफलता में मोहम्मद कामिल प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. राजवीर सिंह, का. अभेन्द्र सिंह, का. पंकज बाबू का सराहनीय योगदान रहा।

## राखी देवी निर्विरोध राशन डीलर बनीं

**चकरनगर/इटावा। समृद्धि न्यूज**

**भरेह** न्यायपंचायत की ग्राम पंचायत हरौली बहादुरपुर में राशन डीलर का चुनाव किया गया जिसमे समूह की राखी देवी पत्नी अनुज कुमार को निर्विरोध राशन डीलर के रूप में चुना गया। तहसील क्षेत्र चकरनगर के ग्राम पंचायत हरौली बहादुरपुर में राशन डीलर का चुनाव होना था जिसमे विकास खंड अधिकारी की देख रेख में सम्पन्न कराया गया। जिसमे एडीओ पंचायत जमुनादास, एडीओ कृषि बृजेश कुमार,प्रधान मनीष दीक्षित व सचिव निलेश कुमार, सचिव रामेंद्र सिंह,सचिव अरविंद कुमार, की मौजूदगी में चुनाव किया गया।

आपको बता दें।जब हमारे संवाददाता ने जनता से बात की तो जनता ने प्रधान मनीष दीक्षित व सरकारी कर्मचारियों की प्रशंसा की चुनाव बहुत शांति प्रक्रिया से संपन्न हो सका।

इस कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक भरेह और उनके पुलिस बल की भी सराहना की गई।

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों पर होगी कठोर कार्रवाई

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



उच्च न्यायालय द्वारा ज्ञानवापी कॉम्प्लेक्स, वाराणसी के सर्वे से सम्बन्धित महत्वपूर्ण निर्णय के दृष्टिगत जनपद महोबा पुलिस आप सभी सम्मानित लोगों से अपील करती है कि जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना संदेश, खबर, तस्वीरें, वीडियो, ऑडियो, पोस्टर, अफवाहें इत्यादि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे- व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब अथवा किसी ग्रुप में प्रसारित/पोस्ट करने से बचें।

यदि किसी व्यक्ति द्वारा जनपद का माहौल खराब करने के उद्देश्य से न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक, अफवाह, खबर, संदेश आदि से सम्बन्धित सामग्री सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे- व्हाट्सएप, फेसबुक तथा ट्विटर इत्यादि के माध्यम से प्रसारित कर भड़काऊ बयान जारी करने, साजिश रचने, सामाजिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश की जाती है तो ऐसे शरारती तत्वों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

महोबा पुलिस सभी सम्मानित जनपदवासियों से अपील करती है कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु समाज में भय का माहौल उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कराने में जनपदीय पुलिस का सहयोग प्रदान करें ताकि ऐसे अवांछनीय तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जा सके, जनपदीय पुलिस की सोशल मीडिया सेल द्वारा व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स की 24 घण्टे सतत मॉनीटरिंग की जा रही है, महोबा पुलिस जनपद में शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है ।

## खबरें एक नजर में

### एसएसपी ने प्रधानों को गांवों में सीसीटीवी कैमरों को लगवाने हेतु जागरूक किया

**इटावा।** शहर चौराहों के अलावा अब प्रदेश के प्रत्येक गावों में लगाएं जाएंगे सीसीटीवी कैमरे, उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन दृष्टि के अंतर्गत, गुरुवार को बढपुरा ब्लॉक कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा ग्राम प्रधानों के बीच बैठक हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि यहां उपस्थित सभी ग्राम प्रधान अपनी, अपनी, ग्राम पंचायतों के गांवों में सीसीटीवी कैमरों को लगवाने हेतु जागरूक किया। कैमरे के लगने से लोगों को जन सुरक्षा सुनिश्चित कराई जा सके, अपराधियों और अपराधिक प्रवित्र जैसे लोगों पर निगाह रखी जा सके, चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। एसएसपी ने अपील की है, कि इसमें सभी ग्राम प्रधान सीसीटीवी कैमरों को लगवाने में सहयोग करें। बैठक में एसपी सिटी कपिल देव सिंह, बढपुरा ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, खंड विकास ओबामाअधिकारी बढपुरा बृजबिहारी त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बढपुरा राकेश, बढपुरा थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा, एसआई संजय यादव आदि मौजूद रहे।

### न्यायालय ने छेड़छाड़ के आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई

**इटावा।** जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में थाना लवेदी व मानीटरिंग / पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते नाबालिक बालिका के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को न्यायालय इटावा द्वारा 03 वर्ष का कारावास व कुल 4,000 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वादी सिद्धार्थ त्रिपाठी पुत्र रवीन्द्र कुमार निवासी ग्राम दाऊदपुर थाना लवेदी जनपद इटावा द्वारा थाना लवेदी पर अपनी बहन के साथ एक व्यक्ति द्वारा छेड़खानी किये जाने के सम्बन्ध में तहरीरी सूचना दी गयी सूचना पर तत्काल थाना लवेदी पर धारा 354 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी उ.नि. हरवीर सिंह द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी सर्वेश उर्फ बल्लो पुत्र सुरेश चन्द्र त्रिपाठी निवासी दाऊदपुर थाना लवेदी के विरूद्ध 12 जनवरी 2019 को आरोप पत्र संख्या 01/2019 धारा 354 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट में न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में प्रकरण की प्रभावी पैरवी कराते हुए थाना लवेदी पुलिस टीम,पैरोकार का. धर्मेन्द्र एवं मानीटरिंग सैल व विशेष शासकीय अधिवक्ता दशरथ सिंह चौहान द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणामस्वरुप उक्त अभियोग से संबंधित आरोपी सर्वेश उर्फ बल्लो पुत्र सुरेश चन्द्र त्रिपाठी निवासी दाऊदपुर लवेदी को आज विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट इटावा श्रीमती कल्पना द्वारा 3 वर्ष कारावास व 4,000 रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

### महिला सहित पुत्र व पुत्री के साथ मारपीट की

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के कस्बा लखना में नामजद दंबगों द्वारा घर में घुसकर पीड़ित महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया व गाली गलौज व मारपीट करने लगा बचाव करने आयी पीड़ित महिला के पुत्र व पुत्री के साथ भी मारपीट की पुलिस ने महिला के प्रार्थना पत्र पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। कस्बा लखना के सूर्य वाटिका गेस्ट हाउस की गली निवासी प्रिया तिवारी पत्नी अवशेष तिवारी ने थाने में दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि मोहल्ले का नामजद आरोपी योगेश त्रिपाठी आये दिन पीड़ित महिला को परेशान व गलत नीयत रखता था आरोपी युवक जबरन पीड़िता के घर के अंदर घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अजाम देने लगा। पीड़िता की चीख पुकार सुन कर उसकी पुत्री व बेटा मौके पर पहुंचा तो पीड़ित व उसके बच्चों के साथ आरोपी मारपीट कर?ने लगा। चीख पुकार सुन आस पास के लोगों को आता देख आरोपी युवक मौके से भाग गया। तभी आरोपी युवक का साला कल्लू चौबे द्वारा पीड़ित महिला के साथ गाली गलौज कर धमकी देने लगा। पीडित महिला ने उक्त घटना को लेकर थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने महिला के प्रार्थना पत्र पर दो लोगों के विरुद्ध छेड़छाड़ व गाली गलौज मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरु कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** बाजार से सब्जी लेने जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस भी वहां आ गई। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बदौसा थाना क्षेत्र के शाहपुर सानी गांव निवासी पप्पू वर्मा 30 पुत्र कल्लू वर्मा बुधवार देर शाम सब्जी लेने ओरन बाजार जा रहा था, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोर की टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो डायल-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से निकले मोबाइल नंबर पर पुलिस ने घर वालों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर परिजन भी मौके पर आ गये। मृतक के पिता ने बताया कि पप्पू सब्जी लेने की बात कहकर घर से बाहर निकला था और रास्ते में यह हादसा हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी गुड़िया समेत दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है।

### शिवालय में पड़ा पाया गया साधु का शव

**बांदा।** संदिग्ध परिस्थितियों में साधु की मौत हो गई। उसका शव मंदिर में पड़ा पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। फ्तेहपुर जनपद के हरसिनपुर निवासी जितेंद्र सिंह 40 पुत्र नारायण सिंह ने गृहस्थ जीवन से सन्यास ले रखा था। वह पैलानी थाना क्षेत्र के नरी गांव स्थित भोलेनाथ के मंदिर में रहकर भजन करते हुए अपना जीवन बिता रहा था। गुरुवार की सुबह पूजा करने पहुंचे ग्रामीणों ने देखा तो उसका शव पड़ा हुआ था। कुछ ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उसके शरीर के कुछ हिस्सों पर चोट के निशान थे। घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई।

## जल शक्ति मंत्री का महोबा दौरा आज किसानों से करेंगे संवाद



**महोबा।** जल शक्ति मंत्री का जिले का दौरा तय हो गया है। शुक्रवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव जिले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ किसानों से संवाद करेंगे। अधिकारियों के साथ बैठक करने के साथ जल शक्ति मंत्री पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। जल शक्ति मंत्री के दौरा तय होने पर अधिकारी तैयारियों में जुट गए है। बताया जा रहा है कि जल शक्ति मंत्री झांसी से 11 बजकर 30 मिनट पर मुख्यालय पहुंचेंगे। पूरे दिन जि में रहने के बाद सात बजे बांदा के लिए रवाना होगें।

# राजेश चौहान ने सचिवों व प्रधानों पर लगाया धन हड़पने का आरोप

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**हर्राजपुर** मे स्थित बजरंग बिल्डिंग मैटेरियल एण्ड आयरन स्टोर के 53 लाख रुपये पूर्व प्रधानों और सचिवों ने मिलकर डकार लिये और फर्म का भुगतान नही किया। दूसरी फर्मो पर पैसा लगवा कर पैसा खा गये। ऐसा आरोप राजेश सिंह चौहान प्रो. बजरंग बिल्डिंग मटेरियल ने प्रधानों और सचिवों पर लगाया है। उन्होने बताया कि पूर्व प्रधानों और सचिवों ने शौचालय, नाली खरंजा, इन्टरलॉकिंग निर्माण हेतु हमारी दुकान से सीमेंट, मौरम, गिट्टी, सरिया, सेनेटरी का समान, इण्टरलोकिग ईट आदि सामान लिया किन्तु कहीं और पेमेंट लगवाकर कर पैसा निकाल लिया और हमारा भुगतान नही कराया इससे हमारी फर्म दीवालिया हो गयी। धन के अभाव मे पूरी तरह बन्द हो गयी है। कई बार मागने पर भी किसी ने एक रुपये का भुगतान तक नही किया और अब तक झूठा आश्वासन देते रहे। मुझे लगता है सभी की बेईमानी की नियत है और जानबुझकर पैसा नही देना चाहते है। उन्होने कहा कि अब हमे मजबूरन कोर्ट का सहारा लेना पडेगा सचिवों के खिलाफ़ सीजीएम कोर्ट एवं प्रधानों के खिलाफ़ जिला न्यायालय जाकर मुकदमा दर्ज कराने का मन बना लिया ताकि बेइमानो को दण्ड और पीड़ित को न्याय मिल सके। सचिवो में विवेक चौधरी, 335000 हजार, आदित्य देव 105000, ओंकार सिंह 60000, गजेन्द्र सिंह यादव 65600, पंकज पाल 20000। इसी प्रकार पूर्व प्रधानो पर ,बना मई बैचलाल 285000, नगेन्द्र गुप्ता लुधियानी 550000, मनोज कुमार भरईपुर 125000, जैतुपर ख्वाजगी पूर्व प्रधान 105000, इनाम सिंह मुडेना कला 135000, उदयवीर सिंह कुनेठा 85000, पूर्व प्रधान वेटियापुरा 205000, पदम सिंह यादव गोरदयालपुर 210000, अनिल कुमार विजौली 206000, अखलेश रोजगार सेवक गन्सरा 350000, जयमलपुर प्रधान 95000, अखिलेश रोजगार सेवक लहरोई 70000, गिरेंद्र प्रधान नंदगवा 45000, पूर्व प्रधान कटहरा 22500, उर्मिला देवी कुनेठी 35000, गोलू इकघरा 44000, बहादुरपुर पूर्व प्रधान 27000, सन्तोष कुमार विलहटी 55000, अकबरपुर दौलतपुर लता देवी 35000, लालसिंह मुरेथा 45000, लखनपुर पचार कुसमा देवी 48500, पूर्व प्रधान नौधना 25000, पूर्व प्रधान नगला शुकल 20000, विनोद सिंह जारपुर 15000, पूर्व प्रधान लाल पुरा भर्थना 35000, सुनील मेघुपुरा 7000, राम नरेश इन्द्रोषी 7000, शिव प्रताप मेघुपुरा 60000 आदि पूर्व प्रधानो पर बकाया है। लगभग 5300000 रूपया बकाया है जिससे फर्म दीवालिया होकर पूर्णता बन्द हो गयी है। राजेश सिंह चौहान ने उच्च अधिकारियो से गुहार लगाई हैकी है कि उचित कार्यवाही कर हमारा भुगतान कराया जाए।

# मिड डे मील में छात्रों को मानक अनुसार भोजन न मिलने की शिकायत

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**विद्यालयों** में छात्रों को दिए जाने वाले मिड डे मील में मानक के अनुसार भोजन ने तैयार करने की शिकायत करते हुए सुधार की मांग उठाई है। ग्राम प्रधान का कहना है कि 55 छात्रों को 250 ग्राम दाल बनाई जा रही है। दाल में मसालों का भी प्रयोग नहीं हो रहा है।

कबरई विकास खंड की ग्राम पंचायत बरभौली के ग्राम प्रधान संतोष यादव ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव में सरकारी विद्यालयों में मिड डे मील भोजन पकाने में लापरवाही बरती जा रही है। प्राथमिक विद्यालय में 55 छात्रों के लिए 250 ग्राम दाल तैयार की गई। दाल में मसाला आदि नहीं डाले जा रहे हैं। चूल्हे से मिड डे मील का भोजन तैयार कराया जा रह अगला दाल में पानी-पानी दिखता है। उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील का भोजन गुणवत्ता विहीन तैयार किया जा रहा है। शिक्षकों के द्वारा मिड डे मील के भोजन में कटौती की जा रही है। जांच करा मिड डे मील भोजन की गुणवत्ता में सुधार की मांग उठाई है।

## संत जोसेफ स्कूल में संपन्न हुई पाठ समीक्षा प्रतियोगिता



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**बच्चों को** संत जोसफ स्कूल महोबा में कक्षा 6 के बच्चों ने %पाठ समीक्षा÷ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसका मार्गदर्शन स्कूल के प्रधानाचार्य फादर रिचर्ड ने किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार निगम, प्रबन्धक स्वामी दयानन्द सरस्वती विद्यालय महोबा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में उप प्रधानाचार्य फादर अशोक, सिस्टर जासिन्दा रहे एवं प्रतियोगिता प्रभारी मोहम्मद लुकमान सिद्दीकी, श्रीमती शिल्की शर्मा जी एवं श्रीमती निशा परवीन उपस्थित रहीं। प्रतिभागी एलो ग्रुप से अवनी सिंह, वंश गुप्ता, उज्ज्वल चौरसिया रेड ग्रुप से आन्या निगम, ध्वनि द्विवेदी, एवं पूर्वी शर्मा गुप्ता मुहम्मद, ÷तथा ग्रीन चक्रवर्ती, हर्षित सिंह एवं सांची साहू ने प्रतिभाग किया। उपरोक्त प्रतिभागियों ने बहुत बच्चों के उज्ज्वल भविष्य दिया तथा निर्णायक मण्डल %ही शानदार प्रस्तुतिकरण की कामना की तथा विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की।

# नारायन कॉलेज में बच्चों ने मनाया 'राष्ट्रीय वाटरमेलन डे'

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**नारायन कॉलेज** किंडरगार्टन के बच्चों और शिक्षिकाओं ने ''राष्ट्रीय वाटरमेलन डे'' का आयोजन किया। 3 अगस्त को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय वाटरमेलन डे मनाया जाता है जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को इसके महत्व का बताना और उनको जागरूक बनाना है ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा? धर्मेन्द्र शर्मा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यद्वपि इसके विषय में कोई निश्चित या आधिकारिक संदर्भ नहीं है । यह एक प्रकार का परंपरागत उत्सव है, जिसे लोग विशेष तौर पर तरबूज के साथ जुड़े गर्मी के मौसम में मनाते हैं । इस प्रकार ''राष्ट्रीय वाटरमेलन डे'' एक मधुर और मस्तीभरा उत्सव है जो लोगों को एक साथ लौटकर प्रकृति का सम्बन्ध बनाने और खुशियों का आनन्द उठाने का मौका प्रदान करता है इससे लोग अपने दिनचर्या में रंगीनता और खुशियां जोड़ सकते हैं और अपने प्यारे स्मृतियों को साक्षा कर सकते हैं। राष्ट्रीय वाटरमेलन डे का महत्व तरबूज जैसे सुन्दर और मीठे फ्ल के समर्थन में है और लोगों को इस आकर्षक और पुष्टिकर फ्ल के लाभों के बारे में जागरूक करने के लिये मनाया जाता है इस उत्सव के माध्यम से लोग तरबूज के बारे में जानकारियां प्राप्त करते हैं और इसे आपने आहार में शामिल करके अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रयास कर सकते हैं। तरबूज एक पुष्टिकर फ्ल होता है जो उच्च मात्रा में पानी और विटामिन सी का स्त्रोत है। यह हमारे शरीर को हाइड्रेट करता है और गर्मियों में शरीर की ताजगी को बनाये रखने में मदद करता है। इसमें पोटेशियम, बीटा-कैरोटीन, लाइकोपीन और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो हृदय स्वास्थ्य को सुधारनेख् कैंसर और अन्य रोगों के खिलाफ लड़ने में मदद करते हैं। तरबूज को गर्मियों में उपयोगी रूप से खाने से शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और उसे ठंडक देने में मदद करता है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है, किडनी की सेहत को सुधारता है, पाचन क्रिया को सुधारता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसलिये इस उत्सव के माध्यम से लोग तरबूज के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक होते हैं और इसे अपने आहार में शामिल करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा ''राष्ट्रीय वाटरमेलन डे'' एक सामाजिक और पारिवारकि उत्सव है जो लोगों को एक-दूसरे के साथ समय बिताने और समरसता का आनन्द उठाने का अवसर प्रदान करता है। इस विषय पर लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ मीठी यादे बनाते हैं और सुखद बक्त बिताते हैं। अन्त में छात्र/छात्राओं को वाटरमेलन जूस वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को किन्डरगारटन शिक्षिका गौरी अग्निहोत्री, रितु कनौजिया और काजल आदि ने ''राष्ट्रीय वाटरमेलन डे'' की जानकारी दी।

# बिजली के तारों की साये में स्कूल, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को खतरा






**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**जनपद** के लगभग 70-80 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चो की जान पर गंभीर खतरा बना हुआ है इन सभी स्कूलों के प्रसार के मध्य से बिजली लाइन निकली हुई है कई स्कूलों की छत के ऊपर से भारी वोल्टेज वाली लाइन निकल रही है और तो कई स्कूलों में बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर ही स्थापित कर दिए है।

स्कूलों के परिसर में पेयजल के लिए लगे हैंडपंप में डाले गए सबमरसिल के लिए बिजली के तार बेहद खतरनाक है। स्कूलों के परिसर से कहीं एलटी लाइन तो कहीं एचटी लाइन निकल रही है। इन स्कूलों में हजारों बच्चे पढ़ते है। बच्चों के साथ ही इन स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक को भी हमेशा जान का खतरा बना रहता है। कई स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा ही बच्चों को खतरा पैदा किया जा रहा है। स्कूल परिसर में लगे हेंडपंपो के अंदर सबमर्शिबल डाले गए है लेकिन बिजली आपूर्ति के लिए सुरीक्षित व्यवस्था नही की गई है परिसर में लगे हेडपंपो से पानी निकालने के दौरान कई बार और वर्षा ऋतु में अक्सर करंट आने लगता है।

स्कूलों के परिसर से निकलने वाले बिजली तारों को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदय भान सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा विभाग और बिजली विभाग उदासीनता और अनदेखी के कारण जनपद के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चो की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है बच्चो के अभिभावकों द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग क्यों ध्यान नही दे पा रहा है या किसी बड़े हादसे के इंतजार में है?

## पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया



**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**श्रावण माह** व जनपदीय कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों ने पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत पैदल गश्त किया।

श्रावण माह के दृष्टिगत जनपदीय कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आजनवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम भव्य रुप से मनाएं जाएंः डीएम

- नगर पालिका, नगर पंचायत व ब्लॉकवार तथा ग्राम पंचायतवार 09 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम
- डीएम ने कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की, सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ÷मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान÷ के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत समस्त मानस की सहभागिता होनी चाहिए। समाज के सभी वर्ग के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हो। ऐसे प्रयास किये जाये। इस कार्यक्रम की निगरानी हेतु टीम का गठन कर लिया जाये, जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव, प्रधान, अध्यापक, आदि की टीम गठित की जाये। डीएम ने कहा कार्यक्रम की निगरानी हेतु सुपरवाइजर एवं नोडल अधिकारी भी नामित किये जाये। नगर पालिका, नगर पंचायत व ब्लॉकवार, ग्राम पंचायतवार 09 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य कार्यक्रमों के आयोजन किये जायेंगे, जिनमें शिलाफ्लकम का लोकार्पण, पंच प्राण, वसुधा वंदन, वीरो का वंदन एवं ध्वजारोहण व राष्ट्रगान सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष की भांति ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। तत्पश्चात् 16 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों, विकास खंड से मुख्यालय तक अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 22 अगस्त, को कलश यात्रा जिला मुख्यालय जिसे सम्मानपूर्वक लखनऊ एवं नई दिल्ली के लिए रवाना की जाएगी। कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सरकारी कार्यालयों, सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षणिक भवनों में झंडा फ्हराया जाए। विगत वर्ष की भांति झंडे की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। सभी विभागों को निर्देशित किया कि कार्य योजना बना ले और प्रत्येक कार्यक्रम शासनादेश के अनुसार ही किये जाए । कहा कि कलश यात्रा के सुचारू रूप से आयोजन हेतु प्रत्येक विकास खंड स्तर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर अधिकारी के रूप में नामित करें। समस्त खंड विकास अधिकारी शिलापट्ट लगाए जाने एवं वसुधा वंदन हेतु 75 पौधों का रोपण किए जाने हेतु सभी ग्राम पंचायतों में स्थान चिन्हित करने के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाएं समयानुसार सुनिश्चित करें। मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत स्कूलों में प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा, स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान, मेरी माटी मेरा देश मिनी मैराथन, स्थानीय बैंड राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन एवं राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन कराया जाए। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक की धरोहर विषयक पर आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानी, रक्षा कर्मी, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य पुलिस के कर्मी जिन्होनें कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है, शहीदों को श्रद्धांजलि और उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रभागीय वानिकी अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# विद्युत की निर्वाध आपूर्ति के बिना स्वास्थ्य व्यवस्था संभव नहीं : डीएम

- डीएम ने कहा:-स्वास्थ्य विभाग अपने दायित्व किसी अन्य विभाग को न सौपें।
- हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेटर पर विद्युत एवं साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने के दिए निर्देश
- कार्य में उदासीनता बरतने वाले सीएचओ को डीएम ने दी सख्त चेतावनी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**कलेक्ट्रेट** के गांधी सभागार में हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर के सीएचओ के साथ आयोजित बैठक में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि जिन हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेटर पर विद्युत की आपूर्ति बाधित है, उन्हें एक सप्ताह के अन्दर सुचारू रूप से सम्पन्न करायें। विद्युत आपूर्ति के बिना उपचार संभव नही है। उन्होनें निर्देश दिये कि सभी सेंटरों पर पानी एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था दुरूस्त की जाये। डीएम ने कहा कि साफ-सफाई करने वाले सफाई कर्मियों को उनके खाते में धनराशि स्थानान्तरण की जाए। सेंटरों पर अच्छा कार्य करने वाले सीएचओ प्रतिमा, कल्पना, पंकज, रजनीश पटेल की सराहना की। साथ ही कार्य में उदासीनता बरतने वाले सीएचओ सरिता, सन्ध्या, मीनाक्षी घुरिया आदि पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होनें लापरवाह सीएचओ द्वारा कार्य में उदासीनता बरतने पर चेतवानी पत्र जारी करने के निर्देश दिये। इस के साथ ही यह भी कहा कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग अपने कार्यों को किसी अन्य विभाग को न सौपे। दिये गये कार्यों को प्राथमिकता के साथ मनोभाव से कार्य करें। कहा कि एमओआईसी यह सुनिश्चित करें कि जिन सेंटरों पर स्वास्थ्य किट नही है उन सेंटरों को स्वास्थ्य किट मुहैया करायें, अन्यथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जायेगी। कहा सीएचओ द्वारा जो भी कार्य किये जाये उसकी फीडिंग पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाये। जिस सेंटर पर दवायें नही है उन्हें अनिवार्य रूप से क्रय किया जाये। निर्देश दिये कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वयं जिम्मेदारियों का निर्वाहन करते हुये सभी हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेटर पर मूलभूत सुविधायें, किट व दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## एएसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी के बाद दहेज में मोटरसाइकिल व चैन ना मिलने पर ससुरालीजन विवाहिता को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर उससे गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासी शिवा पुत्री अनंतराम ने अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद कुमार को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि कुछ दिनों पूर्व उसका विवाह पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद थाना कमालगंज के ग्राम मदनपुर दिराजपुर निवासी अतुल पुत्र रामानंद के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही उसके ससुरालीजन पति अतुल, ससुर रामानंद, सस सुधा, जेठ श्रीकांत, बहन राखी, बहनोई सागर उससे दहेज में मोटरसाइकिल व सोने की चैन की मांग करने लगे। मांग पूरी ना होने पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे बीती 7 जुलाई को दोपहर करीब 12.15 बजे ससुरालीजनों ने दहेज को लेकर उससे गाली गलौज शुरू कर दी व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के शिकायती पत्र पर एएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## विवाहिता को बेघर कर रचाया दूसरा विवाह

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विवाह के दो साल बाद ससुरालियों ने दहेज को लेकर विवाहिता से मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद उसके पति ने दूसरी शादी भी कर ली। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस सहित उच्चाधिकारियों से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी खुशबू गुप्ता पुत्री सुभाष चंद्र ने पुलिस को बताया है कि उसका विवाह 6 मई 2019 को नगर निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति, जेठ, जेठानी व देवर ने अतिरिक्त दहेज में 50000 रूपयेएवं बाइक की मांग शुरू कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो पति सहित ससुरालियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला के भाई दोनों पक्षों में सुलह समझौता का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया आरोपी पति ने तलाक दिए बिना दूसरा विवाह भी कर लिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवक की जेब से उड़ाई 25000 की नकदी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते एक माह पूर्व अपने घर से बाजार गया युवक खरीदारी कर वापस अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 25000 की नगदी पार कर दी। पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी प्रभाश मिश्रा पुत्र उजागर लाल मिश्रा ने कोतवाली में दर्ज कराया मुकदमा में कहा है कि बीते 7 जुलाई को वह बाजार से घर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 25000 की नकदी पार कर दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर के बाहर बैठी महिला से मोहल्ले के कुछ दबंग युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी शीतल गुप्ता पत्नी आशीष गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 11.35 बजे वह अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी मोहल्ला सुभाष नगर निवासी शिवम और ललित पुत्रगण राधेश्याम गुप्ता आये और उसे गाली गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा कर एक युवक कहीं बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित भाई द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती 24 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे उसकी 21 वर्षीय बहन को पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मेरापुर के ग्राम उनासी निवासी ऋषि अहीर पुत्र सूरज सिंह कहीं बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

# एक्शन में एएसपी, हटवाई कोतवाली के बाहर रखी झोपड़ी

- तत्कालीन एसपी ने बंद कराया था दलाली का अड्डा
- कुछ दिन बंद रहने के बाद शुरू हो गया था दलाली का खेल

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अपर पुलिस** अधीक्षक ने पुलिस टीम के साथ नगर में रूट मार्च कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिसके बाद वह कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाली के बाहर रखी झोपड़ी में संचालित हो रहे दलाली के अड्डे को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए। जिस पर कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने जेसीबी मशीन मंगवा कर झोपड़ी को क्षतिग्रस्त करा दिया और दुकानदार को दुकान हटा लेने की चेतावनी दी।




नगर में रूटमार्च करते एएसपी डॉ. अरविंद कुमार — समृद्धि न्यूज



टूटी पड़ी कोतवाली के बाहर रखी झोपड़ी। — समृद्धि न्यूज

गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक्शन में दिखे। उन्होंने नगर में रूट मार्च के दौरान सड़क किनारे फुटपाथ पर कब्जा जमाए डग्गामार वाहनों, दुकानदारों व ठेली चालकों को फुटपाथ छोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि नगर में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए फुटपाथ पर अतिक्रमण न किया जाए। इसके बाद उन्होंने कोतवाली में बीट प्रभारियों व पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने नगर सहित क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवस्था कायम करने के दिशा निर्देश दिए। कहा कि पीड़ितों को समय से न्याय दिलाने का कार्य करें। इस मौके पर उनके साथ कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, कस्बा चौकी प्रभारी अजब सिंह, कांस्टेबल गजेंद्र कुमार, दीपांशु गंगवार, विनय सिंह, कौशल फौजदार, विनीत चौधरी, बीके गुप्ता आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# बैकुंठ आश्रम तपोभूमि पर अयोजित हुई गंगा महाआरती



मां गंगा की आरती करते श्रृद्धालुजन — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**बैकुंठ** आश्रम तपोभूमि पर माँ गंगा की विशेष महाआरती का आयोजन हुआ। शाम लभगभग सात बजे महादेवी घाट गंगातट पर नमामि गंगे सेवा समिति के सदस्यगणों व साधु संतों नें गंगा किनारे पूर्व दिशा की ओर जंगली क्षेत्र मे स्थित सिद्ध संत ब्रह्मलीन हाथी बाबा की पवित्र समाधि के दर्शन कर ऋषि मुनियों की तपस्थली रही बैकुंठ आश्रम तपोभूमि पर माँ गंगा की महाआरती की। इस अवसर पर नमामि गंगे सेवा समिति के संयोजक अनिल द्विवेदी मनीषी, गुड्डू दुबे, अजय शुक्ला, विकास कुशवाहा, ललित राठौर, कमलकिशोर, आकाश दुबे, जगदीश दिवाकर पुजारी रामऔतार शर्मा व बैकुंठ-आश्रम तपोभूमि के साधु सन्त मौजूद रहे।

# पत्नी के हत्यारोपी पति को न्यायालय ने सुनाई सात वर्ष की सजा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** पत्नी के हत्यारोपी पति को न्यायालय ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध होने पर 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जानकारी के अनुसार गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मखदुमपुर निवासी रामदास ने अपनी पुत्री सीमा की शादी 11 वर्ष पूर्व छिबरामऊ तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी देवेन्द्र के साथ की थी। देवेन्द्र शराब पीने का आदी था। जिस वजह से वह अपनी पत्नी सीमा के साथ आए दिन मारपीट करता था। जब सीमा ने पति की शिकायत अपने मायके वालों से की तो वह लोग उसे मायके बुला लाए। पति से परेशान होकर सीमा अपने मायके आ जाती थी, जिसके कुछ दिन बाद देवेन्द्र अपनी गलती मानकर उसे वापस बुला लाता था, लेकिन वह अपनी पत्नी को मारापीटा करता था। वर्ष 2017 माह दिसम्बर को देवेन्द्र अपनी पत्नी को बुला लाया था। करीब डेढ़ महीने तक वह अपनी ससुराल में रही। ऐसे में 19 जनवरी 2018 को सीमा के जेठ विश्वनाथ ने उसके मायके वालों को सूचना दी कि उनकी पुत्री की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही रामदास अपनी पुत्री की ससुराल ग्राम कुंवरपुर बनवारी पहुंचा, जहां उनकी पुत्री का शव मिला। जिसके बाद मायके पक्ष ने मृतका के पति पर मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए छिबरामऊ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। पांच वर्ष बाद न्यायालय ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर पति देवेन्द्र को दोषी मानते हुए 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# बकरी चराने गया बालक काली नदी में डूबने से हुई मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज**

**बीते** बुधवार की दोपहर अपने साथियों के साथ काली नदी किनारे बकरी चरा रहे बालक का पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। जानकारी होने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नदी में बालक की खोजबीन की गई, लेकिन उसका पता नही चला। गुरुवार की सुबह उक्त बालक का शव नदी में उतराता देखकर ग्रामीणों ने परिजनों को जानकारी दी। मौके पर परिजनों ने ग्रामीणों की मद्द से मृत बालक का शव नदी से निकाला। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की दोपहर बाद समधन क्षेत्र के ग्राम रौरा गांव निवासी पिंटू जाटव का पुत्र निहाल उम्र 15 वर्ष अपने अन्य साथियों के साथ गांव के पास काली नदी किनारे बकरियां चराने गया था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया जिससे वह काली नदी में डूब गया घटना की जानकारी बकरी चरा रहे बच्चों ने परिजनों को दी घटनास्थल पर पहुंचे गांव के लोगों ने काफी खोजबीन की गई लेकिन नदी में डूबे बालक का कोई सुराग नहीं लग सका था। गुरुवार सुबह काली नदी में बालक का शव उतराता हुआ देखा गया। शव को देखने के लिए नदी किनारे तमाम पुरुष व महिलाओं की भीड़ लग गई। आनन-फानन में ग्रामीणों ने शव को नदी से बाहर निकाला। घटना की सूचना रामाश्रम चौकी पर दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे रामाश्रम चौकी प्रभारी ओमपाल सिंह पुंडीर ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।



घटनास्थल पर मौजूद भीड़ व मृतक बालक की फाइल फोटो — समृद्धि न्यूज

# ना डॉक्टर, ना दवा, चल रहा राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल

- चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी कर रहा मरीजों का इलाज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**फार्मासिस्ट** के रिटायरमेंट के बाद से नगर के मुख्य चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल को एक सफाई कर्मी के हवाले कर दिया गया है। जो खुद को वार्डबॉय भी बताता है और मरीजों को दवाइयां भी देता है।

नगर के मुख्य चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल बना हुआ है। जिसमें कई सालों से स्थायी चिकित्सक तैनात नहीं हुआ है और फार्मासिस्ट सुरेंद्र कुमार वर्मा 31 मई को रिटायर हो गये। जिसके बाद राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में तैनात सफाई कर्मी राजकुमार अपने आपको वार्डबॉय बताकर मरीजों को दवाइयां दिया करता है। राजकुमार ने बताया कि वर्तमान समय में संतोष कुमार मिश्रा को विभाग के द्वारा चार्ज दिया गया है। लेकिन वह कभी- कभी ही आते हैं। पिछले सात 08 महीने से कोई भी दवा भी नहीं आई है। दवाइयों का टोटा बना रहता है। जब मरीज आते है। तो मौके पर जो दवाइयां उपलब्ध हैं वही देकर उनको भेज दिया जाता है। वहीं स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल में स्थायी चिकित्सक के नियुक्ति की मांग की है।




नगर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल — समृद्धि न्यूज

# यातायात प्रभारी ने टीम के साथ स्कूली वाहनों को किया चेक

- मानक के विपरीत वाहनों को चलाने वाले चालकों को दी गई हिदायत, स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात के सम्बन्ध में किया गया जागरुक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार यातायात प्रभारी आफाक खान ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को जनपद के विद्यालयों में संचालित वैन तथा बसों को अभियान चलाकर चेक किया। साथ ही तिर्वा रोड के मुलायम नगर स्थित संतोष फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में पहुंचकर स्कूली बस से आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को यातायात सम्बन्ध में जागरुक किया।

विद्यालयों के वाहनों के निरीक्षण के दौरान यातायात प्रभारी आफाक खान ने स्कूली वाहनों में मानक के अनुरूप लगे फर्स्ट एड बॉक्स तथा फायर एक्सटिंग्विशर चेक किए। जिन वाहनों में मानक से अधिक बच्चों को बैठाया गया था। जिनके खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। तिर्वा रोड के मुलायम नगर स्थित संतोष फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में यातायात प्रभारी और उनकी टीम ने पहुंचकर उन्हें जागरुक करते हुए बताया कि विद्यालय के वाहनों में किस तरह से चढ़ना तथा उतरना है क्या-क्या सावधानी बरतनी है। सड़क को किस तरह से क्रास करना है बताया गया। यातायात प्रभारी द्वारा बच्चों को बताया गया कि अगर तुम्हारे बस या वैन चालक रॉग साइड वाहन चलाते हैं या तुम्हारे उतरते, चढ़ते समय सही ढंग से देखभाल नहीं करते हैं तो आप अपने माता-पिता को या स्कूल में प्रधानाचार्य को अवश्य बताएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या दुर्घटना से आप बचे रहें। साथ ही स्कूल वाहन चालकों को हिदायत दी गई है कि विद्यालय वाहनों में मानक के अनुरूप ही बच्चों को बैठाएं। यातायात प्रभारी ने स्कूली बसों को और विद्यालय की वैनों को चेक किया। जिसमें दो बसों में तथा एक वैन में वाहन चालक तथा परिचर अपनी निर्धारित वर्दी धारण नहीं किए थे, जिनको प्रभारी द्वारा हिदायत दी गई कि बिना वर्दी के चालक और परिचर पाए जाएंगे तो उन स्कूलों के प्रबंधकों को नोटिस देकर इनको हटवा दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संतोष कुमार यादव समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।






स्कूली वाहन को चेक करते व बच्चों को यातायात के प्रति जागरुक करते यातायात प्रभारी — समृद्धि न्यूज

# बिजली मिस्त्री का शव घर के अंदर पड़ा मिला

▶ पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल, शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिजली मिस्त्री का शव घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में औंधे मुहं पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के पुरानी घटिया निवासी अधिवक्ता शिव प्रताप उर्फ चीनू के घर पर बीते कई वर्षो से 55 वर्षीय संजय बाथम किराये पर रहता था। वह बिजली का मिस्त्री था। बीते दिनों संजय पुरानी घटिया निवासी बाबा ध्यानचन्द का पानी का टिल्लू रिपेयरिंग करने के लिए लाया था। जब टिल्लू ठीक करके देने नहीं गया तो गुरुवार को बाबा ध्यानचन्द उसके घर चला गया। जहां संजय औंधे मुंह पड़ा था। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो कादरीगेट थानाध्यक्ष व पांचाल घाट चौकी इंचार्ज ने संयुक्त रुप से मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# विद्युत संविदा कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते विद्युत संविदा कर्मचारी

▶ कर्मचारियों का अप्रैल माह का भुगतान कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पावर कारपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम किशन व महामंत्री विष्णू सिंह ने अपने साथियों के साथ अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खण्ड भोलेपुर को छह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी उपकेंद्रों पर आउटसोर्स एवं कर्मचारियों के माध्यम से कार्य कर रहे संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाये। 41 उपकेंद्रों पर कार्यरत कर्मचारियों को भारत इंटरप्राइजेज द्वारा अप्रैल माह का वेतन व ईपीएफ भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों का अप्रैल माह का भुगतान कराया जाये। संविदा कर्मचारियों से आठ घंटे 26 दिन के हिसाब से वेतन दिया जाये, प्रबंधन के आदेश भी हैं कि जिसके स्थान पर 12 व 24 घंटे के साथ 30 दिन तक काम कराया जा रहा है। उपकेंद्रों पर एसएसओ रिसीवर उपलब्ध कराया जाये। जिससे हो रहीं समस्याओं से बचा जा सके। भोलेपुर कार्यरत लाइनमैन सलीम का एक्सीडेंट होने से हाथ क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसको विभाग ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। लाइनमैन विपिन दुर्घटनाग्रस्त होने के चलते हॉस्पिटल में मौत हो गयी। अभी तक फाइनेंस नहीं दिया है।

# चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारियों ने कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड बनाये जाने की उठायी मांग



अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राज्य कर्मचारी महासंघ के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ ने विभिन्न विभागों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारियों पंडित दीन दयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड बनवाये जाने की मांग को लेकर अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी है कि संघ लगातार मांग कर रहा है कि अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने कर्मचारियों तथा पेंशनरों को कैशलेस योजना के संबंध में निर्गत अधिसूचना संबंधित चिकित्सा विभाग को शासनादेश के संबंध में पत्र द्वारा अवगत कराया था। इसी संबंध में मांग करते हुए चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ ने स्थापित अधिकांश राजकीय विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के कैशलेस कार्ड पर विभागाध्यक्ष द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में इससे प्रशासन के प्रति हीन भावना उत्पन्न हो रही है। तमाम महामारियों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने दायित्वों का निर्वहन किया, फिर भी इस योजना से उन्हें वंचित क्यों किया जा रहा है। शीघ्र ही उनके कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड बनाये जायें। इस मौके पर प्रमोद दीक्षित, मनोज कुमार, अरविंद सिंह, अमित वर्मा, विजय सिंह मौजूद रहे।

# सम्मान समारोह को लेकर लोधी बौद्धिक संगठन की बैठक सम्पन्न



बैठक के बाद जानकारी देते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोधी बौद्धिक संगठन प्रयास के तहत होने वाले 06 अगस्त को प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों के संबंध में रक्षादेवी इंटर कालेज खिमसेपुर में प्रबंधक पातीराम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रतिभा सम्मान समारोह के संयोजक पूर्व अध्यापक रामगोपाल वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी सम्मान समारोह के लिए छात्र-छात्राओं, युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। समारोह को भव्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और समाज में यह भी देखा गया है कि लोग समारोह के लिए बहुत उत्साहित है । अब हमारी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बैठक में प्रमुख रूप से महेश चंद्र राजपूत जिलाध्यक्ष लोधी महासभा, अजय राजपूत फौजी, शिवकुमार उर्फ भोला सह संयोजक, सुधीर कुमार राजपूत, पवन राजपूत, बबलू राजपूत पिंटू राजपूत, श्याम सिंह लोधी, सुधीर राजपूत, प्रयाग शिक्षा सेवा संस्थान मीडिया प्रभारी अरविन्द राजपूत आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे ।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ब्लाक कायमगंज की कार्यकारिणी घोषित



अटेवा की ब्लाक कायमगंज नव नियुक्त कार्यकारिणी के साथ मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच की बैठक बीआरसी कायमगंज में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों में 01 से 30 अगस्त तक सांसद के आवास पर घंटी बजाओ व 01 अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली विशाल रैली की जिम्मेदारी पदाधिकारियों को दी गयी। जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव ने साथ ही सदस्यता अभियान की समीक्षा की। ब्लाक कमालगंज के शिक्षक व कर्मचारियों को अटेवा का संयोजक व सह संयोजक मनोनीत किया। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठन संघर्षरत है। सभी लोग एक जुट होकर आंदोलन को सफल बनायें। इस बार संगठन आरपार की लड़ाई लड़ेगा। जिसका सीधा असर लोकसभा चुनाव में दिखायी देगा। संगठन सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए तैयार है। ब्लाक कायमगंज का संरक्षक ओमदत्त शर्मा को बनाया गया। ब्लाक संयोजक की जिम्मेदारी कुलदीप सिंह को मिली। सह संयोजक पंकज शाक्य व प्रवीन कुमार गंगवार बनें। ब्लाक महामंत्री जगविंदर गंगवार, संगठन मंत्री अभिषेक कौशल, ब्लाक कोषाध्यक्ष नीरज कुमार पाल, ब्लाक संयुक्त मंत्री संदीप कुमार, ब्लाक सोशल मीडिया प्रभारी प्रीतम सिंह को मनोनीत किया गया है। इस मौके पर मुकेश कुमार, विमलेश शाक्य, फूल सिंह, मुनेंद्र मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय भाला फेंक टीम का हुआ चयन

## कानपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद के खिलाड़ी लेंगे भाग

▶ बालक, बालिका महिला व पुरुष वर्ग टीम का हुआ चयन
▶ एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का किया चयन



भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में जिला स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता का चयन 18 वर्ष से कम आयु बालक बालिका वर्ग, 16 वर्ष से कम आयु बालक बालिका वर्ग, 14 वर्ष से कम आयु बालक बालिका वर्ग, 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक महिला व पुरुष टीम का चयन किया गया। जिला भाला फेंक टीम में चयनित खिलाड़ी 07 अगस्त को कानपुर नगर के पालिका स्टेडियम में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। टीम चयन के अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव योगेश शुक्ला, जितेंद्र कुमार, शिवा गहरवार, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष संजीव कटियार, तकनीकी अधिकारी कुलदीप यादव, अरुण यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। चयनित टीम 14 वर्ष से कम आयु बालक वर्ग में अभिषेक प्रथम, शिवांश द्वितीय, बालिका वर्ग में आकृति सिंह प्रथम, मान्या सिंह द्वितीय, 16 वर्ष से कम आयु के बालक वर्ग में अंकित राजपूत प्रथम, जितिन कुमार द्वितीय, बालिका वर्ग में अलीशा प्रथम, 18 वर्ष से कम आयु बालक वर्ग में अतुल कुमार प्रथम, सुफियान द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में मोनिका राठौर प्रथम, 18 वर्ष से अधिक आयु बालक वर्ग में सुरजीत सिंह प्रथम, सचिन द्वितीय रहे। आरक्षित खिलाड़ी जतिन चौहान व अम्बर अली रहे। सभी का चयन जिला स्तरीय भाला फेंक टीम के लिए किया गया। व्यवस्था जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव योगेश शुक्ला ने देखी।

खिलाड़ियों के चयन में एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष संजीव कटियार ने भूमिका निभाई। सभी चयनित खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह ने बधाई दी।

# पेंशन बहाली रथयात्रा के लिए भूपेश पाठक ने किया जनसंपर्क



शिक्षिकाओं से रथयात्रा में शामिल होने की अपील करते भूपेश पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी पेंशन बहाली रथयात्रा का समापन 05 अगस्त को पीडी महिला डिग्री कालेज में होगा। जिसकी तैयारी को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने अपने शिक्षक साथियों के साथ विभिन्न विद्यालयों में जाकर शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों को जागरुक करते हुए कार्यक्रम में भीड़ जुटाने की अपील की। ब्लाक बढ़पुर के सोता बहादुरपुर, अमेठी, खानपुर, चांदपुर व फर्रुखाबाद नगर में कंपोजिट विद्यालय लिंजीगंज, सुतहट्टी आदि विद्यालयों में सघन जनसंपर्क कर जनसभा में भीड़ जुटाने की अपील की है। इस मौके पर मनोज मिश्रा, सुहेल खान, सोमनाथ, रमन मिश्रा, मनीष मिश्रा, राजेश कुमार आदि शिक्षक जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक के साथ में मौजूद रहे।

# 23 पतिव्रता ले रही थीं विधवा पेंशन का लाभ




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पति जीवित होने के बावजूद 23 महिलाएं हैं विधवा पेंशन का लाभ ले रही थी। जांच के दौरान खुलासा हुआ। ब्लॉक कमालगंज के ग्राम ईशेपुर का है मामला विधवा पेंशन पाने वाली सभी महिलाओं के पति जीवित हैं। शिकायत मिलने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्रा ने जांच कराई। जिले में 42 हजार विधवा पेंशन का महिलाएं लाभ ले रही हैं। जांच पड़ताल के दौरान मामला एडीओ पंचायत की रिपोर्ट में सामने आया। ईशेपुर गांव की 23 महिलाएं जिनके पति जीवित है। उसके बावजूद वह विधवा पेंशन का लाभ ले रहे हैं। अब देखना यह है कि विभाग पेंशन स्वीकृत के वक्त जांच करने वाले अधिकारियों पर क्या कार्रवाई करता है, इन महिलाओं से रिकवरी होगी या विभाग को भी नहीं पता।

# नया सबेरा कार्यक्रम में बच्चों को दी गयीं जानकारियां



नया सवेरा कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्या व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिसामपुर में नया सबेरा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को शैक्षिक समितियों के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 संगीता यादव ने कहा कि नया सवेरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए शिक्षा में नया सवेरा छोड़ा गया है। जिसका उद्देश्य बच्चों को प्रेरणा देना है। माह में दो शिक्षा अधिकारी द्वारा ज्ञान विज्ञान प्रेरक वाक्यों आदि में छात्रों को जानकारी देना और उनमें जोश उत्पन्न करना है। विद्यालय के शिक्षा अधिकारी को बुलाकर परीक्षा में कैसे अंकों की बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारियां दीं। छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में कैसे अंकों की बढ़ोत्तरी हो, उसकी जानकारी प्राप्त की।

# बाइक अनियंत्रित होकर बघार नाले से गिरी, छात्र घायल, भर्ती

## नवाबगंज परीक्षा देने जा रहा था

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** परीक्षा देने जा रहे छात्र की बाइक अनियंत्रित होकर बघार नाले से नीचे गिर गयी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर थाने भेजा।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के थाना कोठार निवासी मोहित कुमार अपनी बाइक से नवाबगंज में परीक्षा देने आ रहा था। जैसे ही वह गढ़िया बबुराला के सामने बघार नाला मोड़ पर पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पीआरबी ने मोटर साइकिल को कब्जे में लेकर थाने भेजा। खबर लिखे जाने तक युवक का उपचार जारी था।

# खबरें चलते-चलते

## तहसील में बैठक बुलाकर समस्याओं के निदान की मांग

**फर्रुखाबाद (सं.)।** तहसील सदर बार एसोसिएशन सामान्य सभा की मीटिंग बुलाये जाने का बार-बार आग्रह होता रहा है। समस्याओं का समाधान के रुप में बार एसोसिएशन मीटिंग बुलाकर सहयोग करे। तहसील परिसर कार्यालय में अदालत व उप निबंधन कार्यालय की विषय भ्रांतियां आये दिन तहसील क्षेत्र में उपहास विवाद का विषय बनती हैं और मान अपमान व उसके समझौते के साथ सभ्यता में उपकर्ष का कारण बनती जा रही हैं। जो पेशे के विपरीत कार्य है। ऐसे में शीघ्र बैठक बुलाकर समाधान किया जाये। इस संबंध में कई अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन सदर से मांग की है।

## फायरिंग में आधा दर्जन से अधिक पर मुकदमा दर्ज

**शमशाबाद (सं.)।** बीते दिन जमीनी रंजिश को लेकर हुई फायरिंग की घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने चार टीमों का गठन किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बरई में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चल गये थे। वहीं अंधाधुंध फायरिंग भी हुई थी। जिसमें कई लोग घायल हो गये थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। चंदन पुत्र सर्वेश कुमार पुलिस को तहरीर दी। जिसमें दर्शाया कि वह अपने घर के पास भैंस को बांध रहा था, उसी समय रंजिश के चलते शिवम पुत्र संतराम, देवकी पुत्री श्रीकृष्ण, अरुण पुत्र श्रीकृष्ण, नितिन पुत्र सुरेश चंद्र, सुरेश चंद पुत्र जमादार, अजय पुत्र भैयालाल, डेबा लाल उर्फ अरविंद पुत्र श्रीकृष्ण आये गाली-गलौज कर ईंट पत्थर व तमंचा लहराते हुए हमला कर दिया। जिसमें सागर पुत्र सर्वेश, साधना पुत्री दिनेश, नन्हे लाल पुत्र मेघनाथ, मीना देवी घायल हो गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# फाइलेरिया रोग से बचाव में मीडिया का सहयोग अपेक्षित: एसीएमओ

▶ 25 मीडियाकर्मियों ने खायी फाइलेरिया की दवा
▶ 22 लाख लक्षित लाभार्थियों को 10 अगस्त से खिलायी जायेगी फाइलेरिया रोधी दवा




कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसीएमओ, मलेरिया अधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में 10 अगस्त से चलने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम एमडीए अभियान के उद्देश्य को प्राप्त करने में मीडिया सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च सीफार संस्था के सहयोग से गुरुवार को नगर के एक स्थानीय होटल में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान 25 मीडिया कर्मियों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर फाइलेरिया अभियान को सफल बनाने की शपथ ली। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल व अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ0 यूसी वर्मा ने कहा कि फाइलेरिया रोग के समूल उन्मूलन के लिए सभी लाभार्थियों को फाइलेरिया से बचाव की दवाएं खिलाना सुनिश्चित किया जाये। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आरसी माथुर ने उपस्थित मीडिया सहयोगियों को बताया कि जनपद में इस समय 1013 फाइलेरिया रोगी हैं। जिसमें से 482 हाइड्रोसील से ग्रसित हैं और शेष 531 लिम्फोडिमा के रोगी हैं। हाइड्रोसील से ग्रसित 154 लोगों का सफल आपरेशन किया जा चुका है। जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। कार्यक्रम का संचालन मलेरिया निरीक्षक नरजीत कटियार ने किया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ0 दलवीर सिंह, डीपीएम कंचन बाला मौजूद रहे।

# मोहम्मदाबाद से चार बच्चे लापता, गुमशुदी दर्ज

▶ एक में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** चार बच्चे परिजनों के बिना जानकारी के कहीं लापता हो गये। खोजबीन करने पर जब कोई जानकारी नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव माडल शंकरपुर निवासी शिवकुमार ने अपने पुत्र रीतेश उर्फ सुदामा 15 वर्ष की गुमशुदी दर्ज करायी है। जिसमें दर्शाया कि 2 अगस्त की सुबह 7 बजे मेरा पुत्र रीतेश उर्फ सुदामा घर से स्कूल शक्ति सैनिक मौधा की कहकर गया था। जो स्कूल तक नहीं पहुंचा। जब शाम तक पुत्र घर वापस नहीं आया तो काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

वहीं मोहम्मदाबाद के ग्राम ईशेपुर निवासी अभय प्रताप सिंह पुत्र सुनील कुमार सिंह ने थाने में दी तहरीर में दर्शाया कि दो अगस्त दिन में 3 बजे मेरा भाई अनुज उर्फ रामजी उम्र 14 वर्ष व गांव के शिवम उर्फ रोहम पुत्र हनुमान सिंह उम्र 13 वर्ष व नकुल पुत्र राजू उम्र 14 वर्ष जो घर से बिना बताये कहीं चले गये। काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की गुमशुदी दर्ज कर ली है।

### फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वालों पर कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद (सं.)।** भाकियू ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि एक व्यक्ति के दो फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं। नगर पालिका द्वारा जांच होने के बावजूद भी फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र को खारिज किया गया। उसमें पाये गये भ्रष्ट कर्मचारियों के शपथ पत्र के गवाह भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस संबंध में आदेश सिंह रंजीत सिंह, अरुण ने डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है।

# छात्रा को जान से मारने की धमकी देने में दो भाइयों पर मुकदमा दर्ज

▶ पुलिस ने शुरु की मामले की जांच पड़ताल
▶ क्लास में घुसकर जानमाल की धमकी देने का मामला

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव हमीरखेड़ा निवासी अजय सिंह कठेरिया की पत्नी सुरभी ने पड़ोसी गांव राजेंद्र नगर (भूड़नगरिया) निवासी अंकित उर्फ भंडारी व ध्रुव उर्फ टाइगर पुत्रगण संतोष कुमार यादव के विरुद्ध गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार सुरभी की पुत्री कशिश सिंह राजेंद्र नगर स्थित एसपीएस इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है। गुरुवार सुबह 11 बजे उपरोक्त आरोपित अंकित उर्फ भंडारी अचानक छात्रा के क्लास में घुसकर छात्रा को जातिसूचक गाली-गलौज देने लगा और धमकी दी कि तुझे व तेरी मां को जान से मार दूंगा। यह सुनकर क्लास में जो मेडम पढ़ा रहीं थीं। उन्होंने शिक्षकों को मौके पर बुलाकर छात्रा को बचाया और आरोपित अंकित के बड़े भाई ध्रुव उर्फ टाइगर ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। मेरापुर पुलिस ने घटना के सम्बन्ध में छात्रा की मां सुरभी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ सोहराब आलम के सुपुर्द कर दी।

थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि आरोपित अंकित उर्फ भंडारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे आरोपित ध्रुव उर्फ टाइगर की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसको भी गिरफ्तार किया जाएगा।

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र कुलदीप एवं पुत्रवधू खुशबू उर्फ रजनी के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उन दोनों द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रामऔतार पुत्र गजराज निवासी ग्रा0 नगला बारंग, नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-560/ न0पा0 परि0का0/2023-24 दिनांक 02/08/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेमिला लायल पत्नी जकी बहादुर खां मोहल्ला कुकीखेल ने विरासतन के आधार पर भवन सं0 -14- मोहल्ला कुकीखेल कायमगंज पर श्री जकी बहादुर खां पुत्र उमराव खां के स्थान पर ध् जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0**

# अवैध संबंधों के शक में गीता की पति ने की थी हत्या

## एसपी ने घटना का किया खुलासा, पुलिस ने हत्यारोपी को आलाकत्ल 315 बोर का तमंचा सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल



घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवैध संबंधों के शक में महिला गीता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी पति को आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम गुतासी निवासी गीता की 31 जुलाई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में मृतका के भाई ने ससुरालवालों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में वार्ता कर जानकारी दी कि मऊदरवाजा थाना प्रभारी आमोद कुमार सिंह, निरीक्षक रमेश कुमार, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, उपनिरीक्षक नितिन कुमार व एसओजी टीम प्रभारी अमित गंगवार तथा सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर सीपी इंटरनेशल कालेज मोड ग्राम गुतासी के पास से हत्यारोपी पति अरुण कुमार पुत्र सतीश चन्द्र निवासी ग्राम गुतासी थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानेदही पर हत्या में प्रयोग किया गया 315 बोर तमंचा व दो जिंदा कारतूस तथा दो जिंदा कारतूस 315 बोर (एक नाल में फंसा हुआ) बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसे अपनी गीता के चाल-चलन व चरित्र पर शक था। जिसको लेकर मेरी आये दिन लड़ाई हुआ करती थी। बह किसी न किसी बहाने घर से चली जाती थी और मना करने पर भी नहीं मानती थी। मुझे संदेह रहता था कि उसका और लोगों के साथ अवैध संबंध है। 31 जुलाई को मेरी पत्नी 2 बजे रात में घर में शौचालय बने होने के बावजूद भी अकेले शौच के बहाने जंगल में गयी थी। मैं भी पीछे-पीछे उसे देखने के लिए गया था। कुछ दूरी पर खड़े होकर देखने पर मुझे ऐसा लगा कि वह किसी से बात कर रही है। मैं चुपके से झाड़ियों के पीछे गया और उसके पीठ पर गोली मार दी, वह वहीं गिर गयी और मैंने फिर दूसरी गोली उसके सिर में मार दी। मैं मरा समझकर वहां से भाग आया। अपने चाचा सीमेन्द्र के खेत में मेड़ के किनारे तमंचा कारतूस छिपा दिया और घर आकर लेट गया। सुबह 5 बजे मैं पत्नी को ढूंढने का नाटक किया और शोर मचाया कि मेरी पत्नी की किसी ने हत्या कर दी है। वहीं एसपी ने बताया कि पहले से ही पति पर शक था, उसके हाथ में खून लगा था जिसका नमूना लेकर पत्नी के खून से चेक किया गया और जांच में पुख्ता सबूत मिलने पर यह कार्यवाही की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## नायब तहसीलदार ने बकायेदारों के विरुद्ध चलाया अभियान, एक हिरासत में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग द्वारा बिल जमा न करने वाले बकायेदारों से वसूली के लिए कायमगंज तहसील को नामों को सूची सौंपी थी। जिसके तहत नायब तहसीलदार ने क्षेत्रीय अमीनों को साथ लेकर गुरुवार को विद्युत बकायेदार व बैंक बकायेदारों की धनराशि वसूली करने के लिए अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को ब्लाक नवाबगंज के ग्राम दौलतपुर से सुनील कुमार पर 1 लाख 13 हजार रुपये बकाया है। टीम ने जमा कराने को कहा तो कोई संतोषजनक जबाव न देने पर नायब तहसीलदार अनरव हुसैन ने सुनील को पुलिस के हवाले कर दिया। नायब तहसीलदार कायमगंज अनवर हुसैन ने बताया कि बकायेदारों के विरुद्ध उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है और जब तक राजस्व वसूली अपने स्तर पर नहीं आती है तब तक लगातार अभियान जारी रहेगा। तहसीलदार के क्षेत्र में पहुंचने की भनक लगते ही बैंक से कर्ज लेकर व विद्युत बिल न देने वाले बकायेदार अपने-अपने घरों से खिसक गये।

# दंपत्ति ने पुत्र का अपहरण व हत्या करने का पुत्रवधू पर लगाया आरोप

- डीएम ने मामले को संज्ञान में लेकर सीओ को दिये जांच के आदेश



जानकारी देते पीड़ित माता पिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुत्र का अपहरण कर उसे मारकर उसकी लाश गायब कर देने का पीड़ित माता-पिता ने पुत्रवधू व ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला जटवारा कदीम सुनार वाली गली निवासी मनोहरलाल वर्मा पुत्र आनंद वर्मा ने डीएम को दिए गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि मेरा पुत्र रिंकू 9 जुलाई को सुबह 10 बजे यह कहकर गया था कि मैं अपने मामा के घर खल्ला थाना मंगलपुर कानपुर जा रहा हूं। रिन्कू ने 5:15 पर अपनी बहन को फोन कर कहा कि मैं कल्याणपुर में हूं और टेंपों नहीं मिल रहा है। मामा से कह दो बुला ले जाये। तब मैंने मुनीशापुर विशाल से बात की तो विशाल ने कहा कि मैंने बहुत तलाश किया पर रिन्कू नहीं मिला। शक होने पर मैं कल्याणपुर तक गया और अपने पुत्र का पता लगाया, लेकिन कोई पता नहीं चला। 11 जुलाई को शहर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर गुमशुदी दर्ज कर ली थी।

पीड़ित ने दर्शाया कि मेरी पुत्रवधू सिया वर्मा ने मेरे पुत्र रिंकू को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी थी और कहा था कि धीरे-धीरे तेरे पूरे परिवार को खत्म करवा दूंगी। हम लोगों को शक है कि मेरी पुत्रवधु सिया वर्मा ने अपने पिता पम्मी वर्मा, भाई निक्की वर्मा, मां ममता वर्मा के साथ मिलकर मेरे पुत्र का अपहरण कर हत्या कर शव गायब कर दिया है। पीड़ित ने उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर को जांच के आदेश दिये है। क्षेत्राधिकारी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# राहत सामग्री वितरण को लेकर वर्तमान/पूर्व प्रधान में चल रहा मतभेद समाप्त

- तहसीलदार व थानाध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ राहत सामग्री का वितरण
- प्रधान शिवदत्त तिवारी व पूर्व प्रधान रामरहीश यादव सम्मानित




प्रधान व पूर्व प्रधान को सम्मानित करते तहसीलदार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र में बाढ़ की आपदा से जूझ रहे ग्रामीणों को अमृतपुर तहसील प्रशासन द्वारा पिछले काफी समय से राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा था। जिसमें ग्राम सभा फखरपुर के लेखपाल वरुण के द्वारा 400 राहत सामग्री पैकेट की डिमांड शासन को भेजी गई थी, जो कि संबंधित लेखपाल के द्वारा प्रधान शिवदत्त तिवारी की मौजूदगी में वितरित कराई गई, तभी पूर्व प्रधान रामरहीश यादव के द्वारा लेखपाल वरुण कुमार के ऊपर पक्षपात का आरोप लगाकर राशन वितरण की शिकायत तहसीलदार से की थी। तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने संबंधित लेखपाल वरुण कुमार को जो लोग राशन वितरण में छूट गए हैं, उनकी लिस्ट बनाकर तत्काल देने के लिए निर्देश दिए थे। लेखपाल द्वारा 95 लोगों की लिस्ट बनाकर सौंपी। सभी को थाना अमृतपुर बुलाया गया। जिससे दो पक्षों में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न ना हो सके। तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने अपनी मौजूदगी में राजस्वम कर्मियों को लगाकर थानाध्यक्ष संत प्रकाश पटेल के सहयोग से राहत सामग्री का वितरण कराया। इसके उपरांत तहसीलदार ने वर्तमान प्रधान शिवदत्त तिवारी व पूर्व प्रधान राम रहीश यादव के आपसी मतभेद को समाप्त कराकर दोनों लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा आप दोनों प्रधानों की सक्रियता की वजह से आज कोई भी पात्र व्यक्ति राशन लेने से वंचित नहीं रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल ने लोगों से भेदभाव न करने की अपील की। उन्होंने कहा आप सभी लोग आपस में भाईचारा बनाकर रखें जिससे आपसी सौहार्द बना रहे।

## बीस लीटर शराब सहित युवक गिरफ्तार

**कमालगंज (सं.)।** उपनिरीक्षक प्रशान्त यादव ने मुखबिर की सूचना पर टेंपों स्टैण्ड तिराहा के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब एक प्लास्टिक की पिपिया में बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजकुमार पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम महरूपुर रावी बताया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# महिला थानाध्यक्ष व सात पुलिस कर्मियों पर याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला थानाध्यक्ष द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में याचिका दायर की। थाना कादरी गेट के ग्राम चांदपुर निवासी दिव्या दुबे पुत्री रवेन्द्र दुबे ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि उसने धारा 452, 376डी, 377, 506 आईपीसी का मुकदमा फतेहगढ़ महिला थाने में दर्ज कराया। जिसकी विवेचना महिला थानाध्यक्ष ललिता मेहता द्वारा की जा रही है। उक्त मुकदमे में विवेचना अधिकारी द्वारा ना तो मेरा डॉक्टरी परीक्षण कराया गया और ना ही 164 सीआरपीसी के तहत न्यायालय में बयान कराएं। विवेचना अधिकारी महिला थानाध्यक्ष ललिता मेहता द्वारा लगातार मुझे धमकी दी जा रही है कि मेरे बताए अनुसार ही मुकदमे में बयान दो, नहीं तो तुम्हें मुकदमे में फंसा देंगे। 28 जुलाई एसपी, उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी होने पर विवेचक ने सात महिला कांस्टेबल व एक पुरुष कांस्टेबिल को लेकर 29 जुलाई को रात्रि लगभग 9:30 पर मेरे घर में घुस आए और पकड़ लिया और बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान मेरी बुजुर्ग मां लता देवी को थप्पड़, जूतों की ठोकर से मारा पीटा। जिससे मेरे वृद्ध मां के शरीर पर काफी चोटें आई। जाते समय धमकी दी कि मेरे खिलाफ अगर कहीं भी शिकायत की तो इस बार कम मारा है, अगली बार थाने में लेजाकर तुझे व तेरी मां को पटे से पीटेंगे। 112 पर सूचना देनी चाहीं पर फोन नहीं उठा। कादरी गेट थाने में जाकर शिकायत की। उसके पश्चात पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। बाद में न्यायालय की शरण ली।

# खबरें चलते-चलते

## शांतिभंग में दो का चालान

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने लड़ाई-झगड़ा कर अशांति फैलाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस ने आदिल पुत्र इलियास निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर, शाहिद पुत्र समीर निवासी नगला भीखा को गिरफ्तार कर 151 के तहत चालान कर जेल भेज दिया।

## पुलिस ने वांछित को दबोचा

**कमालगंज (सं.)।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने धारा 365, 368, 347, 387 आईपीसी में वांछित अभियुक्त बदन सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम मंगली पुरवा थाना कन्नौज जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## युवक ने पिया जहर, लोहिया रेफर



**कायमगंज (सं.)।** संदिग्ध अवस्था में युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव टिलिया निवासी 21 वर्षीय पवन कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया।

## करंट लगने से युवक अचेत

**कायमगंज (सं.)।** करंट लगने से युवक अचेत हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। नगर से सटे गांव घसिया चिलौली निवासी 32 वर्षीय हरिओम को गुरुवार करंट लग गया। जिससे वह अचेत होकर गंभीर हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## सर्पदंश से युवक अचेत, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज (सं.)।** सर्पदंश से युवक अचेत हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार नगर से सटे गांव गढ़ी इज्जत निवासी अजीम खां का 18 वर्षीय पुत्र शमीम को जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रफर कर दिया।

## चेचक की बीमारी से पीड़ित बालिका की मौत

**कायमगंज (सं.)।** चेचक की बीमारी से ग्रसित बालिका की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के गांव खेमपुरा निवासी दशरथ की 3 वर्षीय पुत्री कनिष्का को कुछ दिन पूर्व चेचक निकली थी। जिसका परिजन निजी चिकित्सक के यहां से उपचार करा रहे थे। गुरुवार को उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल लेकर आये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## मार्ग दुर्घटना में युवक घायल

**कायमगंज (सं.)।** मार्ग दुर्घटना में युवक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। कम्पिल क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी उदयवीर का 18 वर्षीय पुत्र हरिओम मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

# विधायक के पति पर आम रास्ते पर कब्जा करने का लगाया आरोप



घटना की जानकारी देते ग्रामीण

- ग्रामीण ने डीएम से शिकायत कर निर्माण रुकवाये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधायक के पति पर आम रास्ते पर पक्का निर्माण कर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर निर्माण कार्य रुकवाया जाने की मांग की। कादरीगेट बाग लकूला के लगभग दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मुलायम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में मुख्यालय पहुंचे और डीएम से शिकायत कर बताया कि कादरीगेट मसेनी मार्ग बाग लकूला जोकि आम रास्ता है, गांव की आबादी की ओर जाता है। सदर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा इस मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। जिस पर मिट्टी भी पड़ चुकी है। इसी मार्ग पर कायमगंज विधायक डा0 सुरभि के पति व सिटी अस्पताल के मालिक अजीत गंगवार अपने प्लाट से आम रास्ते को मिलाते हुए पक्का निर्माण कर रास्ते को बंद कर रहे हैं। रास्ता बंद हो जाने से हम ग्रामीणों निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। विधायक पति द्वारा कराये जा रहे पक्के निर्माण को रुकवा कर आम रास्ता खुलवाने की मांग की। जिससे ग्रामीणों को कोई दिक्कत न हो।

# नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीडब्लूडी विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से पांच लाख 60 हजार रुपये की ठगी करने वाले पिता पुत्र सहित तीन पर पुलिस ने अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।



कोतवाली क्षेत्र के गांव बिहार निवासी मनीष कुमार ने आदर्श पब्लिक स्कूल गली एबार्ड 4 एम0नं0 32 इटावा रोड बेबर के राहुल यादव उर्फ कन्हैया व मोनू यादव पुत्रगण रामप्रताप यादव व रामप्रताप यादव पुत्र बेनीराम के खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर 5लाख 60 हजार की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। जिसमें दर्शाया कि मैं डिग्री कालेज में संविदा पर पढाता था। उसी दौरान मेरी राहुल यादव उर्फ कन्हैया से दोस्ती हो गई और वह अक्सर मेरे घर आने-जाने लगा। 11सितम्बर 2022 को वह मेरे घर आया और बोला कि मैं व मेरा भाई जनगणना विभाग में नौकरी कर रहे है। पीडब्लूडी विभाग में कई पद रिक्त है। मेरे चाचा सुभाषचंद्र जो लखनऊ सचिवालय में सचिव है व नियुक्ति विभाग में उपसचिव का भी कार्य देख रहे है। लखनऊ पीडब्लूडी में बाबू की नौकरी निकली है, अगर तुम 6 लाख रुपये खर्च करों तो मैं तुम्हे लगवा दूं। मेरे हां कहते ही बोला कि अपने कागज दे दो और थोड़े रुपये दे दो जिससे मैं फाइल बनवाकर तुम्हारा काम शुरु करवां दूं। मैंने 26 सितम्बर को मैंने अपने प्रमाण पत्र व 30 हजार रुपये दे दिये। उसके बाद राहुल के कहने पर मुकेश सोनी को फोन-पे के माध्यम से 75 हजार रुपये भेजे। इसके बाद कई बार में मैने उसे 1 लाख 30 हजार रुपया दे दिया। 22 नवम्बर को राहुल व उसके पिता रामप्रताप व भाई मोनू मेरे घर बिहार आये और बोले तुम्हारा काम हो गया है आज ही 4 लाख रुपये दो, लखनऊ भेजना है और नियुक्ति पत्र ले आऊं। मेरे पिता का हृदय का आपरेशन होता था। जिसके लिए रुपये का इंतजाम करके रखा था। नियुक्ति पत्र की बात सुनकर मैंने चार लाख रुपया उपरोक्त लोगों को दे दिया। फिर राहुल ने फोन पर बताया कि लखनऊ चले आओ नियुक्ति पत्र तुम्ही को मिलेगा। जब मैं वहां तो पता चला मेरे साथ सभी लोगों ने मिलकर 5 लाख 60 हजार रुपये की ठगी कर ली है। जब मैंने अपना पैसा वापस करने को कहा तो सभी लोग गालियां देने लगे और भगा दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# अभिव्यंजना के तत्वावधान में मनाया गया कवि दिवस

- खड़ी बोली के शीर्षस्थ कवि थे मैथिलीशरण गुप्त
- कवि मस्ताना को किया गया सम्मानित




कवि दिवस पर संगोष्ठी में भाग लेते साहित्यकार व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अभिव्यंजना संस्था द्वारा कवि दिवस एन.ए.के.पी. महाविद्यालय के सभागार में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि डॉ0 शिवओम अम्बर, एन.ए.के.पी. महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शशि किरण सिंह, डॉ रजनी सरीन, डॉ संतोष पांडे ने अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ संतोष पांडे ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त का साहित्य आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने नारी विमर्श को अत्यंत महत्वपूर्ण ढंग से रेखांकित किया है अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी आँचल में है दूध और आंखों में पानी, जैसी रचनाएं आज समाज को झिझोड़ती हैं। उन्होंने उर्मिला और यशोधरा के चरित्र पर प्रकाश डाला। डॉ शशि किरण ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त ने स्वतंत्रता संग्राम में एक अलख जगाई और महात्मा गांधी ने भी उन्हें राष्ट्रकवि कहकर संबोधित किया। डॉक्टर शिवओम अंबर ने कहा कि एक साहित्यकार पदम भूषण, पद्म विभूषण से सुशोभित राष्ट्र सेवा में समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त खड़ी बोली के शीर्षस्थ कवियों में एक हैं। डॉ रजनी सरीन ने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य और चरित्र को अत्यंत उत्कृष्ट बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अच्छे चरित्रों को पढ़कर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। डॉ पारुल मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर भारती मिश्रा, उपकार मणि उपकार, प्रीति तिवारी, रामअवतार शर्मा ने अपना काव्य पाठ किया। वरिष्ठ कवि मस्ताना को कवि दिवस पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय गर्गर, श्वेता दुबे, अनिल सिंह, बबीता पाठक, रविन्द्र भदौरिया, निहारिका पटेल, भूपेंद्र प्रताप सिंह, डॉ शिल्पी मिश्रा, श्याम चतुर्वेदी, सुनील तिवारी, अर्चना द्विवेदी समेत अनेकों श्रोता एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

# सांसद झूठ बोलने की राजनीति छोड़ विकास की बात करें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम न इधर के हुए न उधर के हुए, रहे दिल में हमारे ये रंज-ओ-अलम न इधर के हुए न उधर के हुए.........................

यह कहावत फर्रुखाबाद जनपद पर सटीक बैठती है। केंद्र व प्रदेश सरकार में सत्ता का सुख भोग रहे सांसद व चार विधायक एवं एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष राजनीति की रोटियां सेंकने में लगे हैं, पर जनपद के विकास के बारे में नहीं सोच रहे हैं। ग्रीनफील्ड कारीडोर एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद से हटाकर मैनपुरी कर देने का पर चौतरफा विरोध शुरु होते ही कुछ दिन बाद फेसबुक के माध्यम से सांसद ने कहा कि फर्रुखाबाद से ही ग्रीनफील्ड कारीडोर एक्सप्रेस-वे निकलेगा, लेकिन लिखित में ऐसा कोई केंद्र सरकार की ओर से पत्र जारी अभी तक नहीं किया गया है कि पुनः फर्रुखाबाद जनपद से निकाले जाने की बात कही हो।



बृजेश यादव

समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष बृजेश सिंह यादव ने बताया सांसद का फेसबुक पर विचार देना गलत साबित हो रहा है, क्योंकि पूर्व दिनों में केंद्र सरकार ने मैनपुरी से ग्रीन फील्ड कारीडोर एक्सप्रेस-वे निकलने को लेकर पत्र जारी किया था। अगर सांसद सच बो रहे हैं तो लिखा हुआ लेंटर जनता को दिखायें। हमें लगता है कि वह झूठ बोलने की राजनीति कर रहे हैं।



अंकुर मिश्रा

कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी ने बताया भाजपा के पास केवल बयानबाजी व जुमलेबाजी के अलावा कुछ बचा नहीं है। लिखा पढ़ी में सांसद जनता को साक्ष्य दें और बतायें कि फर्रुखाबाद से ही ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे निकलेगा। फेसबुक पर लाइव आकर बयानबाजी से जनता को गुमराह न करें। अब सबकी समझ में आ गया है कि ऐसे भाजपा नेताओं के होते हुए विकास सम्भव नहीं है।



नीलम सिंह

समाजवादी पार्टी की जिला सचिव नीलम सिंह ने बताया भाजपा के लोग कब तक जनता को गुमराह करते रहेंगे। पहले गंगा एक्सप्रेस-वे का दर्द हम झेल चुके हैं। अब ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे छीने जाने का हम लोग आगामी लोकसभा चुनाव में सबक देकर सिखायेंगे। इस बार हम लोग गुमराह नहीं होंगे और झूठ बोलने वाले नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए आगामी चुनाव में तैयार हैं।